" कोई बात नहीं भिका, जब में मायके जाऊंगी तो तुम्हारे लिए चांदी का एक नया कड़ा बनवाकर भेजूंगी.तुमने मेरी जान और इज्जत दोनों बचाई ही.इसका एहसान तो में नहीं चुका सकती लेकिन फिर भी तुम्हारे लिए कड़ा बनाकर मुझे खुशी होगी.मेरे मन का बोझ थोड़ा कम हो जाएगा" शकुंतला ने मीठी आवाज में कहा

" जी शुक्रिया मेमसाब ! आपने इस गरीब के बारे में इतना सोचा" भिका शकुंतला के सामने हाथ जोड़ते हुए कहता है

"अब आप आराम कीजिए मेमसाब ! में भी स्वामी जी के पास जाता हूं. शायद उन्हें मेरी जरूरत पड़े"

"ठीक है भिका , तुम जाओ " शकुंतला कहती है

भिका हाथ में लकड़ी लिए वहां से चला जाता है! शकुंतला दूर जाते हुए भिका कि काया को देखती ही रह जाती है. मन ही मन में सोचती हुए की इतना गरीब और गवार मर्द भी कितना शालीन और सूसंस्कारित है.एक तरफ भिका और दूसरी तरफ उसका पति भैरव ! अमीर और पढ़ालिखा पिशाच.अच्छा हुआ उस पिशाच से मुक्ति मिल गई.यही सोचते हुए शकुंतला वहा पड़ी खटिया पर गिर जाती है और उसकी आंख लग जाती है .

भाग - 11

“कुछ तो हुवा है गाँव में सब लोग सहमे सहमे से घूम रहे हैं, ये भुवन कहा रह गया…वो आए तो कुछ पता चले” केशव ने कहा.

“आ जाएगा तुम परेशान क्यों हो रहे हो.” दमयंती ने कहा. तभी उन्हे दरवाजे का ताला खुलने की आहट सुनाई दी.

“लो आ गया भुवन.” दमयंती ने कहा.

दरवाजा खोल कर अंदर आ गया और दरवाजा पीछे से बंद कर दिया.

“क्या हो रहा है गाँव में सब लोग इतने परेशान से क्यों घूम रहे हैं.” केशव ने पूछा.

“बस पूछो मत…कल रात वैसा ही हादसा हुवा है जैसे हमने जंगल में देखा था.” भुवन ने कहा.

“मुझे लग ही रहा था…कल रात मैने उसी दरिंदे को देखा था.” केशव ने कहा.

“ब्रजभूषण लौट आया है केशव”

“क्या…ब्रजभूषण आ गया..कहा था वो इतने दिन?”

“वो तो पता नही पर स्वामी बन कर लौटा है वो…पर बहुत बुरा हुवा उसके साथ”

“क्या हुवा?” केशव ने पूछा.

“कल रात ब्रजभूषण के साथ जो लोग आए थे वही मारे गये…बहुत भयानक मौत मिली है उनको”

भुवन गाँव की सारी बाते केशव को बताता है. इस बार वो केशव के घर की सारी बाते उसे बता देता है. वो दमयंती के भाई भैरव के बारे में भी सब बता देता है. वो ये भी बता देता है कि दमयंती की भाभी हवेली छोड़ कर भिका के घर में आ गयी है. केशव अपने घर की खबर सुन कर काँप उठता है.

“इतना कुछ हो गया मेरे पीछे…अच्छा हो कि वो भैरव कुत्ते की मौत मारे.”

“दमयंती ने केशव के कंधे पर हाथ रखा और बोली, “ऐसा मत कहो मेरा भाई है वो"

“उसने मेरी बहन को गाँव में नंगा घुमाया और उसका बलात्कार किया…वो किसी का भाई नही हो सकता…मेरा बस चले तो मैं खुद उसे जान से मार दू.” केशव ने कहा. दमयंती कुछ और नही बोल पाई.

“मुझे घर जाना होगा भुवन…क्या कुछ हो सकता है.”

“रात को ही मुमकिन हो पाएगा ये. मैं दिन ढलने पर आऊंगा फिर चलते हैं तुम्हारे घर.” भुवन ने कहा.

रात ढाल चुकी है और गाँव में ऐसा सन्नाटा हो गया है जैसी की कब्रिस्तान में होता है. दूर-दूर तक कोई भी दीखाई नही देता. बस दो लोग ऐसे हैं जो इस वक्त गाँव में घूम रहे हैं.

“इतना सन्नाटा मैने गाँव में कभी नही देखा स्वामी जी.” भिका ने कहा.

“लोग बहुत डर गये हैं…डरना लाजमी भी है. ऐसा मंज़र मैने भी कभी नही देखा.” ब्रजभूषण ने कहा.

“आपको क्या लगता है…गाँव में दुबारा आएगी वो चीज़.” भिका ने कहा. “

मूह लग चुका है उसके…कुछ भी हो सकता है” ब्रजभूषण ने कहा.

भिका के हाथ में तलवार थी और ब्रजभूषण के पास विश्वास दोनो बाते करते हुवे गाँव में घूम रहे थे.अचानक उन्हे दूर कोई साया दीखाई दिया.

“स्वामी जी वो क्या है.” भिका ने हाथ में तलवार तान ली.

“हे कौन हो तुम?” ब्रजभूषण ने पीछे से आवाज़ दी. वो साया उनकी आवाज़ सुन कर भागने लगा.

“चलो पकड़ते हैं इसे” ब्रजभूषण ने कहा.

भिका और ब्रजभूषण उसके पीछे भागे. पर वो साया चकमा दे कर कही गुम हो गया.

“तुम इधर से जाओ मैं उधर देखता हूँ” ब्रजभूषण ने भिका से कहा.

“ठीक है स्वामी जी.” भिका ने कहा.

तभी एक बहुत भयानक चिंख पूरे गाँव में गूँज उठी.“ये तो वैसी ही चिंख है जैसी खेतो में गूँज रही थी...इसका मतलब वो भयानक चीज़ आस पास ही है” ब्रजभूषण ने भागते हुवे सोचा. भिका भी चिंख सुन कर रुक गया. उसके हाथ पाँव काँपने लगे.

“स्वामी जी कहा गये... मैं क्या करूँ अब” किस्मत से वो अपने घर के नज़दीक था. उसने फ़ौरन अपने घर की तरफ कदम बढ़ा दिए. उसने घर का दरवाजा खड़काया. अंदर शकुंतला ने भी वो चिंख सुनी थी और वो थर थर काँप रही थी.

“क..कौन है?” शकुंतला ने कहा.

“मेमसाब मैं हूँ भिका दरवाजा खोलिए.” भिका ने कहा.

शकुंतला ने फ़ौरन दरवाजा खोल दिया. भिका ने अंदर आ कर दरवाजे की कुण्डी लगा दी. शकुंतला इतनी डरी हुई थी कि वो भिका से चिपक गयी

“अच्छा हुवा जो तुम आ गये मुझे यहा अकेले बहुत डर लग रहा था. वो चिंख सुनि तुमने.” शकुंतला ने कहा.

“हां सुनि तभी तो यहा आया हूँ...मैं बाहर स्वामी जी को अकेला छोड़ आया क्या करूँ मैं मेरे हाथ पाँव काँप रहे हैं.” भिका ने कहा.

“चिंता मत करो स्वामी जी खुद को संभाल लेंगे.” शकुंतला ने कहा.

भिका को शकुंतला के उभार अपनी छाती पर महसूस हो रहे थे. शकुंतला की गरम सासेँ उसके सीने से टकरा रही थी. भिका खुद को असहज महसूस कर रहा था. पर वो शकुंतला को हटने को नही बोल सका क्योंकि उसे पता था कि वो डर के कारण उस से चिपकी है. पर काम की भावना किसी भी वक्त जागृत हो सकती है. भिका का लिंग ना चाहते हुवे भी तन गया. शकुंतला को अपनी योनि के ठीक उपर भिका का लिंग महसूस हुवा. पहले तो उसे लगा कि शायद वो कुछ और है. लेकिन जल्दी ही वो समझ गयी कि ये कुछ और नही भिका का लिंग ही है. ये महसूस होते ही शकुंतला फ़ौरन भिका से अलग हो गयी.

“माफ़ कीजिएगा मेमसाब...मुझे ग़लत मत समझना...वो बस यू ही.” भिका गिड़गिदाया.

“कोई बात नही...ग़लती मेरी ही थी.” शकुंतला ने कहा.

ब्रजभूषण उस साए को अपनी ओर आते देख चुप गया. वो साया छुपाते छुपाते चल रहा था. जैसे ही वो साया ब्रजभूषण के आगे से गुजरा ब्रजभूषण ने उसे दबोच लिया. उस साए ने काला कंम्बल ओढ़ रखा था जिसे ब्रजभूषण ने एक झटके में खींच लिया.

"ब्रजभूषण तुम…तो क्या तुम मेरे पीछे भाग रहे थे."

"केशव तुम? ये सब क्या है भाई" केशव ब्रजभूषण को सारी कहानी सुनाता है.

"ह्म्म तो दमयंती भुवन के घर पर है." ब्रजभूषण ने कहा

"हां…मैं बस घर जा रहा था और तुम लोग पीछे पड़ गये…उपर से वो चिंख…मेरी तो हालत खराब हो गयी. मैं तो वापिस जाने वाला था लेकिन फिर सविता का चेहरा आँखो में घूमने लगा. मुझे लगा मुझे हर हाल में घर जाना चाहिए." केशव ने कहा.

"ठीक है मैं तुम्हे घर छोड़ देता हूँ आओ." ब्रजभूषण ने कहा.

"ठीक है चलो."

"तो तुम लोगो ने उस दरिंदे को देखा है…उसके बारे में विस्तार से बताओ" ब्रजभूषण ने कहा.

"मुझे तो वो कोई पिशाच लगता है" केशव ने कहा.

"पिशाच…नही नही ऐसा नही हो सकता.?" ब्रजभूषण ने कहा.

"क्यों ऐसा क्यों बोल रहे हो?" केशव ने पूछा.

"बरसो से कही किसी ने किसी पिशाच को नही देखा…अचानक यहा गाँव में वो कहा से आ गया." ब्रजभूषण ने कहा.

"पर मुझे तो वो पिशाच ही लगता है…इंसान को तो पिशाच ही खाते हैं ना." केशव ने कहा.

"वो जो भी है आज फिर गाँव में ही है…वो चिंख उसके यहा होने की चेतावनी है." केशव का घर आ गया. सविता केशव को देखते ही उस से लिपट गयी.

"कहा चले गये थे भैया तुम?" सविता ने आँखो में आँसू भर के पूछा.

"सब बताऊंगा पहले पिता जी से तो मिल लूँ" केशव ने कहा.

केशव ने अपने पिता के पाँव छुवे. उन्होने भी उसे गले लगा लिया. केशव ने सारी बात विस्तार से बताई.

“क्या तुम्हे पता है हम पर क्या बीती” सविता ने कहा. “हां भुवन ने सब बताया…उस भैरव को कुत्ते की मौत मिलेगी.” केशव ने कहा.

“मैं चलता हूँ” ब्रजभूषण ने कहा.

“तुम इतनी रात को कहा जा रहे हो यही रुक जाओ ना” सविता ने कहा.

“मेरा जाना ज़रूरी है” ब्रजभूषण ने कहा और वहां से निकल गया.

“ब्रजभूषण बहुत बदल गया है भैया.” सविता ने कहा.

“हां पता चला मुझे स्वामी बन गया है वो” केशव ने कहा.

“ये भिका कहा गया…उसके घर जा कर देखता हूँ क्या पता वहां हो.” ब्रजभूषण ने सोचा ब्रजभूषण भिका के घर पहुँच गया और उसका दरवाजा खड़काया.

“स्वामी जी आप माफ़ कीजिए आप को बाहर छोड़ कर मैं यहा आ गया…मैं वो चिंख सुन कर डर गया था स्वामी जी” भिका ने कहा.

“अगर ऐसा है तो तुम यही रूको…मैं अभी मंदिर जा रहा हूँ अपने पिता जी के पास. उनसे पिशाच के बारे में कुछ पूछना है.”

“प..प…पिशाच वो तो सच में भूतो से ख़तरनाक होते हैं” भिका ने कहा.

“अभी बस ये अंदाज़ा भर है…तुम अभी यही रूको बाद में मिलते हैं…मैं पहले अपने पिता जी से बात कर लू..उन्हे पिशाच के बारे में बहुत जानकारी है.”

“नही स्वामी जी मैं आपके साथ चलता हू.ँ” ब्रजभूषण ने शकुंतला की तरफ देखा. शकुंतला के चेहरे पर डर के भाव साफ दीखाई दे रहे थे.

“नही तुम यही रूको…इनको अकेले डर लगेगा.”

“पर आप अकेले…” भिका ने कहा.

“मैं अकेला नही हू.ँ…भगवान मेरे साथ हैं…तुम यही रूको.” ब्रजभूषण ने कहा.

ब्रजभूषण को भिका की आँखो का डर भी साफ दीखाई दे रहा था. वो नही चाहता था कि भिका को इस वक्त साथ ले जाया जाए. ब्रजभूषण वहां से चल दिया.“पिता जी की तबीयत खराब है पता नही कुछ बता पाएगेँ या नही.” ब्रजभूषण रात के सन्नाटे में मंदिर की ओर बढ़ रहा था. हर तरफ ख़ौफ़ का मंज़र महसूस हो रहा था. ब्रजभूषण अपने पिता गिरधारी पंडित के चरनो में जा कर बैठ जाता है.

“पिता जी आज मुझे आपकी मदद की सख़्त ज़रूरत है” ब्रजभूषण ने कहा.

“क्या हुवा…मुझे तो लगता था अब मेरा बेटा स्वामी बन कर मुझे भूल ही जाएगा. स्वामी को किस बारे में मदद चाहिए.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“पिता जी गावँ में फैले ख़ौफ़ का कारण क्या है?”

“मुझे कुछ अंदाज़ा नही बेटे. तबीयत खराब रहती है मेरी मैं इस मंदिर से बाहर आता जाता ही नही.”

“लेकिन फिर भी आपका खबर तो है ही कि गावँ में क्या हो रहा है.”

“हां लोग मुझे आकर बाते सुनाते हैं उसी से पता चलता है.”

“पिता जी क्या गाँव में फैले ख़ौफ़ का कारण कोई पिशाच हो सकता है.”

“क्या पता हो भी सकता है और नही भी.”

“मुझे पिशाच के बारे में कुछ जानकारी दे दो पिता जी…आख़िर होता क्या है ये पिशाच.”

“बेटे पिशाच देव योनि से होते हैं और माँस खाना पसंद करते हैं.कहा जाता है कि वो दक्ष के पोते हैं. काला शरीर होता है और आँखे लाल होती हैं.”

“ह्म्म इसका मतलब उन्हे उनके शरीर से पहचाना जा सकता है?” ब्रजभूषण ने कहा.

“पिशाच कोई भी रूप ले सकते हैं और तुम्हारी आँखो के सामने गायब भी हो सकते हैं. वो अपने वास्तविक रूप में कम ही मिलेंगे तुम्हे.”

“ये तो नामुमकिन सी बात लगती है पिता जी.”

“पता नही…पर पिशाच के बारे में जो मान्यता है मैने तुम्हे बता दी.”

“इसका मतलब पिशाच भूतो से भी ज़्यादा ख़तरनाक हैं.” ब्रजभूषण ने पूछा.

“भूतो की अलग सत्ता है और पिशाच की अलग” गिरधारी पंडित ने कहा.

“ह्म्म…मैं चलता हूँ पिता जी लगता है आज फिर वो गाँव में ही घूम रहा है.” ब्रजभूषण ने कहा.

“रूको बेटा…तुम उसका कुछ नही बिगाड़ सकते.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“कोई बात नही पिता जी पर मैं कोशिश तो करूँगा ही” ब्रजभूषण ने चलते हुवे पीछे मूड कर कहा.

“तुम समझ नही रहे हो अगर ये पिशाच ही है तो तुम्हारी कोई कोशिश काम नही करेगी” गिरधारी पंडित ने ज़ोर से कहा. पर ब्रजभूषण जा चुका था.

“एक बार दीख जाए ये… फिर ही पता चलेगा कि ये पिशाच है या कुछ और” ब्रजभूषण ने खुद से कहा. ब्रजभूषण गाँव की अंधेरी गलियों में अकेला इधर उधर भटकने लगा…पर उसे कुछ नज़र नही आया.

“मेमासाब आप सो जाओ डरो मत मैं यही हूँ.” भिका ने कहा

“अजीब सा सन्नाटा छाया है बाहर…जैसे की तूफान से पहले का सन्नाटा हो” शकुंतला ने कहा.

“क्या आप पिशाच के बारे में कुछ जानती हैं.”

“नही मुझसे ऐसी बात मत करो मुझे वैसे ही डर लग रहा है.”

“माफ़ करना मेमसाब वैसे ही पूछ रहा था.” भिका ने कहा.

“आप मुझसे उस बात के लिए नफ़रत तो नही करेंगी” भिका ने पूछा.

“कौन सी बात” शकुंतला का ध्यान कही और था इसलिए वो समझ नही पाई.

“कोई भी औरत मेरे इतने नज़दीक नही आई आज तक मैं भावनाओ में बह गया था मेमसाब.” भिका ने कहा.

“कोई बात नही भिका मैं समझ रही हूँ तुम बहुत अच्छे इंसान हो मैं जानती हूँ.” शकुंतला ने कहा.

“मेमसाब आपका इस ग़रीब की कुटिया में मन नही लग रहा होगा”

“नही ये बहुत अच्छी जगह है…मनहूस हवेली से ज़्यादा सकुन है यहा.” अचानक बाहर कुछ हलचल होती है और भिका खिड़की पर खड़े हो कर देखता है.

“क्या है?”

“दीखाई तो कुछ नही दे रहा लेकिन ऐसा लगा था कि कोई बहुत तेज़ी से भागा है यहा से.” शकुंतला भी उठ कर खिड़की पर आ गयी.

“शायद कुत्ता या बिल्ली होगी” शकुंतला ने कहा.

लेकिन तभी खौफनाक चिंख गूँज उठी. शकुंतला इतनी घबरा गयी कि फिर से भिका से चिपक गयी.

“आधे से ज़्यादा लोग तो ये चिंख सुन कर ही मर जाएगेँ…कैसी चेतावनी है ये भूतो की.” भिका ने कहा.

“मुझे बहुत डर लग रहा है भिका मैं मरना नही चाहती.” शकुंतला ने कहा.

“डर तो मुझे भी बहुत लग रहा है क्या करें कुछ समझ नही आता. अब तो इस समस्या का समाधान स्वामी जी ही करेंगे.”

ना चाहते हुवे भी भिका का लिंग फिर से तन ही गया और शकुंतला को इस बार बहुत अच्छे से महसूस हुवा. पर शकुंतला इतनी डरी और सहमी थी कि भिका से चीपकि रही. भिका अपनी जींदगी में अभी तक कुँवारा था और पहली बार किसी औरत को इतने नज़दीक पाकर भावुक हो रहा था. उसके डर पर अंजाने में ही हवस की आग हावी हो रही थी. कब भिका के हाथ शकुंतला के नितंबो पर टिक गये उसे पता भी नही चला. उसने शकुंतला के नितंबो को दोनो हाथो से अपनी और खींचा. नितंबो पर पड़े दबाव के कारण उसका लिंग शकुंतला की योनि पर बुरी तरह से सटॅ गया.

''भिका नही....'' शकुंतला ने कहा और भिका से अलग हो गयी.

''मेमसाब मैं जा रहा हू ँमुझे यहा नही रुकना चाहिए.''

''नही रूको बाहर मत जाओ...मैं ही पागल हू ँजो बार बार तुमसे चिपक जाती हू.ँ कही तुम मुझे ग़लत तो नही समझ रहे.''

''नही मेमसाब आप ग़लत नही हो सकती मैं ही पापी हू.ँ'' शकुंतला भिका के पास आई और बोली,

''क्या मैं तुम्हे अच्छी लगती हू.ँ''

''नही मेमसाब....मेरा मतलब हां मेमसाब आप बहुत अच्छी हैं...पर ना जाने आज मुझे क्या हो रहा है.'' भिका ने कहा.

ब्रजभूषण पूरे गाँव में हर तरफ घूमता रहा पर उसे कुछ दीखाई नही दिया. पर रह रह कर गाँव में चिंख ज़रूर गूँज रही थी.

"ये चिंख तो गूँज रही है पर दीखाई कोई नही दे रहा अगर वो यहा है तो दीखाई क्यों नही देता. क्या सच में ये पिशाच ही है ? या कुछ और"

ब्रजभूषण ये सब सोचते हुवे आगे बढ़ा जा रहा था कि उसे किसी के रोने की आवाज़ सुनाई दी. ब्रजभूषण ने चारो तरफ देखा पर कोई नही दीखा.

"ये मारा जाएगा कोई इसे बचा लो...नही बचा लो इसे." "ये आवाज़ कहा से आ रही है" ब्रजभूषण हैरत में पड़ गया.

ब्रजभूषण आवाज़ की दिशा का अंदाज़ा लगा कर एक तरफ चल पड़ा. पीपल के एक पेड़ के नीचे एक आदमी बैठा रो रहा था.

"इसे मरने से बचा लो" "हे कौन हो तुम और रो क्यों रहे हो...गाँव के सब लोग तो घरो में हैं तुम इतनी रात को यहा क्या कर रहे हो" ब्रजभूषण ने कई सवाल किए.

"मुझे बहुत दुख है...कोई बचा लो इसे." वो आदमी रोते हुवे बोला.

"कोई मुसीबत में है क्या बताओ मुझे मैं उसकी मदद करूँगा." वो आदमी ज़ोर ज़ोर से रोने लगा और बोला,

"कोई तो बचा लो इसे."

"किसको बचाने को बोल रहे हो...मुझे बताओ मैं तुम्हारी मदद करूँगा" ब्रजभूषण ने कहा.

"तुम्हारी जींदगी ख़तरे में है...तुम्हारी मदद के लिए किसी को बुला रहा हूँ" उस आदमी ने कहा.

"क्या बकवास कर रहे हो" ब्रजभूषण ने कहा.

"कुछ ऐसा ही तुम्हारे साथियो ने कहा था कल...मैने उन्हे कहा था कि तुम लोगो की जींदगी ख़तरे में है किसी को बुला लो पर वो लोग मेरी बात पर हसणे लगे और कुछ ही देर में मारे गये" कह कर वो आदमी फिर से रोने लगा.

"क्या? तुम उस वक्त वहां थे."

"हां मैने बहुत आवाज़ लगाई मदद को पर कोई नही आया."

"मेरे लिए तुम्हे रोने की ज़रूरत नही है...तुम अपनी चिंता करो"

"हा..हा..हा..बहुत खूब तुम्हे खाने में बहुत मज़ा आएगा मुझे बहादुर लोगो का माँस खाने अच्छा लगता है मुझे."

"तो क्या तुम पिशाच हो?"

"हा..हा..हा...पिशाच से उसके बारे में नही पूछते बेवकूफ़ अपनी चिंता करो...तुम्हे मारने में बहुत मज़ा आएगा."

"हा..हा..हा..मुझे भी तुम्हे मारने में मज़ा आएगा. पिशाच को मारना अच्छा लगेगा मुझे." ब्रजभूषण भी हसणे लगा.

ब्रजभूषण की बात सुनते ही वो आदमी खड़ा हो गया और ब्रजभूषण के उपर छल्लांग लगा दी. पर ब्रजभूषण वहां से हट गया और अपनी मुथि बंद करके कुछ मन्त्र बोले और मुथि खोल कर कोई भबूत जैसी चीज़ उसकी आँख में डाल दी. पिशाच आँख मसलने लगा और इधर उधर हाथ मार कर वहां से गायब हो गया.

"कहा गये पिशाच मिया...आओ थोड़ा और खेलते हैं...मुझे भी अब रोना आ रहा है कोई तो तुम्हे बचा ले."

पिशाच आँख मलता हुवा जंगल में अपने ठिकाने पर पहुचँ गया. "कौन है ये लौंडा जिसने मेरी ऐसी हालत कर दी...इस लोंडे को तो मैं तडपा तडपा कर मारूँगा...इसके पूर खानदान को निगल जाऊंगा हे...हे..हे..हा..हा..हा" पिशाच ज़ोर ज़ोर से हसणे लगा.

उसकी आवाज़ सुन कर जानवर भी इधर उधर भागने लगे. पिशाच एक हिरण पर झपड़ पड़ा और उसे चीर कर खा गया.

"आदमी के माँस में जो बात है वो इन जानवरो में नही." पिशाच ने कहा. इधर ब्रजभूषण हर तरफ पिशाच को धुंडता रहा पर वो उसे कही नही दीखा.

भाग - 12

भिका शकुंतला के पैरो में गिर गया और बोला, "मेमसाब मुझे माफ़ कीजिए आप जानती हैं कि मैं ग़लत नही हूँ."

"उठ जाओ भिका मैं जानती हूँ तुम कैसे इंसान हो...उठो...तुम्हे देखा है मैने हवेली में...तुम ग़लत नही हो सकते...शायद शरीर की प्यास ही ऐसी होती है"

"मेमसाब मुझे नही पता क्या हुवा शायद...शायद..." भिका बोलते बोलते रुक गया.

"हां-हां बोलो बात क्या है?"

"शायद आपको खेत में नग्न अवस्था में देख कर ऐसा हुवा है...वरना ऐसा मुमकिन नही था."

"क्या तुम मेरी मदद करने की बजाए मेरा शरीर देख रहे थे?"

"नही मेमसाब...पर नज़र तो चली ही गयी थी...वो मेरे बस में नही थी...मैं झूठ नही बोलना चाहता आपसे"

"ह्म्म तुम दिल के सच्चे हो भिका...सब सच बोल रहे हो...मुझे ये बात अच्छी लगी."

"मेमसाब मैने कुछ ग़लत तो नही बोल दिया"

"तुमने सच बोला है. अब वो ग़लत है या सही इस से क्या फरक पड़ता है."

"मेमसाब अब आप सो जाओ"

"तुम्हारे होते हुवे सोना ठीक नही अब यहा."

"मैं चला जाता हूँ मेमसाब आप चिंता मत करो...वैसे भी मुझे लगता है कि मुझे स्वामी जी के पास जाना चाहिए अब"

"अरे मज़ाक कर रही हूँ भोन्दु...चल अपना बिस्तर लगा ले"

"मेमसाब आप सच में बहुत अच्छी हो."

"ठीक है ठीक है...मैं सो रही हूँ अब...बाहर काफ़ी शांति है अब. बहुत देर से चिंख भी नही आई...शायद वो दरिन्दा अब यहा नही है"

"मुझे भी ऐसा ही लगता है." भिका ने कहा. दोनो अपने अपने बिस्तर पर लेट गये.

"अच्छा भिका तुमने अब तक शादी क्यों नही की."

"मेमसाब कविता के सीवा किसी से शादी करने का मन ही नही हुवा."

"कविता जैसी ही लड़की चाहिए तुम्हे हा."

"आपके जैसी भी मुझे अच्छी लगेगी."

"तो मैं तुम्हे अच्छी लगती हूँ."

"आप किस को अच्छी नही लगेंगी मेमसाब...आप जैसा कोई मिल जाए तो किश्मत बन जाए." भिका थोड़ा थोडा शकुंतला से खुलने लगा था.

"भिका तुम भी बहुत अच्छे हो...तुमने अपनी जान पर खेल कर कविता को बचाया और मुझे भी बचाया."

"अगर आप उस दिन हिम्मत ना देती तो शायद मैं कभी कविता की मदद नही कर पाता. रही बात आपको बचाने की तो वो भी आपके कारण ही मुमकिन हुवा. उस दिन की हिम्मत दुबारा काम आई."

"क्या मैं सो जाऊ अब?" शकुंतला ने कहा.

"जैसी आपकी इच्छा मेमसाब मुझे तो नींद नही आएगी"

"मुझे बहुत नींद आ रही है कई दिनो से उन भूतो के कारण हवेली में ठीक से नींद नही आई"

"आप बेफिकर हो कर सो जाओ मेमसाब मैं हू ना."

"तुम्हारे होने का मुझे बहुत सुकून है भिका...बहुत सुकून है"

"काश मेमसाब जैसी ही कोई लड़की मेरी जींदगी में आ जाए" भिका ने अपने मन में सोचा. रात बीत जाती है.

केशव सुबह सवेरे ही दमयंती के पास वापिस आ जाता है. इधर ठाकुर भवानी प्रताप सिंग की हालत बिगड़ रही है. पहले भैरव फिर जीवन...उसे बहुत गहरा सदमा लगा है. वैद का कहना है कि शायद वो कुछ पल के ही महमान हैं.

भिका सुबह होते ही घर से निकलने की तैयारी कर लेता है. "मुझे स्वामी जी की खोज खबर लेनी चाहिए. " वो शकुंतला को आवाज़ देता है ताकि वो उठ कर कुण्डी बंद कर ले. पर शकुंतला गहरी नींद में होती है. भिका शकुंतला के कंधे पर हाथ रख कर उसे हल्का सा हिलाता है.

"क..क..कौन है?"

"मैं हूँ मेमसाब भिका"

"क्या बात है?"

"आप उठ कर कुण्डी लगा लीजिए मैं बाहर जा रहा हूँ. आपको नहाना धोना हो तो बाहर इंतेज़ाम है." भिका ने घर के बाहर एक छोटा सा कमरा बना रखा था. जिस पर एक परदा टाँग रखा था.

"पता है मुझे"

"ठीक है फिर आप कुण्डी लगा लीजिए." भिका चल देता है.

"कहा मिलेंगे स्वामी जी" भिका सोच रहा है. वो मंदिर की तरफ चल देता है. ब्रजभूषण भिका को रास्ते में ही मिल जाता है.

"कहा जा रहे हो भिका सुबह सुबह" "आपके पास ही आ रहा था स्वामी जी...क्या कुछ पता चला आपको पंडित जी से."

"हां पता चला...और मेरी कल रात भिड़ंत भी हो गयी पिशाच से."

"तो क्या...तो क्या वो पिशाच ही है."

"हां."

"हे भगवान." भिका की तो पिशाच का नाम सुन कर रूह काँप उठती है.

"डरो मत उसका कुछ ना कुछ किया जाएगा."

"क्या करेंगे आप."

"देखते हैं क्या हो सकता है...तुम घर पर ही रहो मेरी चिंता करने की ज़रूरत नही है"

"नही स्वामी जी...मुझे डर ज़रूर लग रहा है पर मैं आपका साथ नही छोड़ूँगा."

"जैसी तुम्हारी मर्ज़ी...मैं अभी घर जा रहा हूँ...नींद आ रही है बहुत. शायद वो पिशाच रात को ही आएगा. मैं थोड़ा सो लेता हूँ...कोई भी बात हो तो मुझे खबर करना."

"जी स्वामी जी...आप चिंता ना करें" भिका ने कहा.

ब्रजभूषण अपने घर की तरफ चल दिया. जब वो घर पहुँचा तो अपने घर के बाहर सविता को खड़े पाया.

"क्या कर रही हो तुम यहा?" ब्रजभूषण ने पूछा.

"तुम मुझसे नाराज़ हो ना." सविता ने प्यार से कहा.

"मैं किसी से नाराज़ नही हूँ...अभी जाओ मुझे सोना है...काफ़ी थक गया हूँ."

"क्या मुझसे बिलकुल भी बात नही करोगे...प्यार करने वाले को इतना नही सताते"

"तुम्हारा प्यार मेरे लिए ज़हर बन गया है...कृपा करके मुझे अकेला छोड़ दो"

"मैं तुमसे आखरी बार ही मिलने आई हूँ...आज के बाद तुम्हे परेशान नही करूँगी." सविता की आँखे भर आई.

"देखो तुम समझने की कोशिश ही नही कर रही...मैं अब वो ब्रजभूषण नही हूँ."

"नही मैं अब समझ चुकी हूँ...अपना ख्याल रखना." सविता ने अपनी आँखो के आसूँ पोंछते हुवे कहा.

"तुम अभी भी नही समझी चली जाओ यहा से...मेरे उपर इन आसुँओ का कोई ज़ोर नही है."

"हां तुम स्वामी जो बन गये हो...बहुत उपर उठ गये हो तुम...मैं तो वही की वही रह गयी...चलो छोड़ो मैं चलती हूँ."

"तुमसे बात करना बेकार है सविता...मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे तुमसे नफ़रत होने लगी है."

"स्वामी हो कर नफ़रत...लगता है तुम इतने भी उपर नही उठे हो...भटक चुके हो तुम."

"सविता" ब्रजभूषण बहुत तेज चिल्लाता है.

उसकी आवाज़ सुन कर काँप उठती है और एक कदम पीछे हट जाती है. "अब तुम अपनी हद पार कर रही हो...इतनी कड़वाहट मत भरो हमारे रिश्ते में कि हम फिर कभी एक दूसरे को याद भी ना करें."

"मुझसे जो भी ग़लतिया हुई है उसके लिए मुझे माफ़ करना" सविता कह कर चल दी.

ब्रजभूषण ने अपने घर का दरवाजा खोला. पर वो अंदर जाने की बजाय उछल कर पीछे आन गिरा. वो इतनी ज़ोर से गिरा कि सविता को भी उसके गिरने की आहट सुनाई दी.

"ब्रजभूषण!" सविता चिल्लाई.

ब्रजभूषण इतनी ज़ोर से ज़मीन पर गिरा था कि उसकी आँखो के आगे अंधेरा छाने लगा था. सविता की चिंख सुन कर आस पड़ोस के लोग भी बाहर आ गये. ब्रजभूषण के घर से पिशाच बाहर आया और ब्रजभूषण के सर के पास झुक कर बोला,

"खेलना चाहते थे तुम हा...आओ जंगल में जाकर खेलते हैं."

"हे कौन हो तुम." सविता चिल्लाई.

"पिशाच से उसके बारे में नही पूछते अपनी चिंता करते हैं......आज इस बहादुर लड़के का माँस खाऊंगा."

पिशाच की बाते सुनते ही सभी लोग वापिस अपने घरो में घुस्स गये.

"बुजदिल कही के सब भाग गये...मुझे ही कुछ करना होगा." सविता ने कहा. सविता ने एक पत्थर उठाया और निशाना लगा कर पिशाच के सर पर दे मारा.

"पत्थर मारती है रुक ज़रा पहले तुझे ही खाता हूँ." पिशाच ने कहा. ब्रजभूषण को छोड़ कर पिशाच सविता की तरफ बढ़ता है.

"नही...नही...मैने प्रण लिया था कि रात होने से पहले इस लोंडे को खाऊंगा...तुझे छोड़ता हूँ अभी पर अगली बार तुझे ही खाऊंगा. आज बस इसका माँस खाना है मुझे" पिशाच ने ब्रजभूषण को कंधे पर उठाया और वहां से गायब हो गया. वो ब्रजभूषण को लेकर जंगल में अपने ठीकाने पर पहुँच गया.

"ये तो ब्रजभूषण को लेकर गायब हो गया हे भगवान अब क्या होगा?" सविता सहम उठती है. सविता मंदिर की तरफ भागती है. "मुझे ये बात पंडित जी को बतानी होगी" सविता भागते हुवे सोचती है.

भिका इस सब से अंजान वापिस घर की तरफ चल देता है. वो घर पहुच कर सीधा कमरे की तरफ बढ़ता है. जैसे ही वो कमरा का परदा हटाता है वो अचंभित हो जाता है. सामने शकुंतला नहा रही थी. शकुंतला भी भिका को देख कर सकपका जाती है. भिका की नज़रे कुछ ही पलो में शकुंतला के शरीर का भरपूर नज़ारा ले लेती हैं. शकुंतला के गोल-गोल स्तनों से टपकता पानी भिका को मदहोश कर देता है. उसे ऐसा लगता है जैसे की स्तनों से अमृत टपक रहा है, जिसे आगे बढ़ कर पीना चाहिए. शकुंतला की योनि पर पानी की कुछ बूंदे ऐसी लगती हैं जैसे सुबह सुबह घास पर ओंस की बूंदे. भिका का लिंग तन कर कठोर हो जाता है और वो उसकी धोती में उभार बना देता है. शकुंतला भिका को देखते ही नज़रे झुका लेती है... लेकिन नज़रे झुकाते ही उसकी नज़र भिका की धोती में लिंग के बनाए हुवे उभार पर पड़ती है. ये सब एक क्षण से भी कम वक्त में होता है. शकुंतला तुरंत घूम जाती है.

"भिका परदा छोड़ो."

भिका को होश आता है और वो परदा छोड़ देता है. लेकिन परदा गिरने तक उसकी नज़रे शकुंतला के खूबसूरत नितंबो को निहार ही लेती हैं.

"ये मैने क्या किया...मुझे सोचना चाहिए था कि मेमसाब अंदर हो सकती है. अब मैं घर में अकेला नही हूँ कि जब चाहे कही भी घुस जाऊ." भिका अपने बर्ताव पर पछताता है. भिका विचलित हो उठता है और वहां से चला जाता है.

"क्यों हो रहा है मेरे साथ ऐसा...मेमसाब क्या सोचेंगी मेरे बारे में" भिका सोचता हुवा घर से काफ़ी दूर निकल आता है.

"स्वामी जी के पास ही चलता हूँ...उनके घर के बाहर बैठा रहूँगा."

जब भिका ब्रजभूषण के घर पहुँचता है तो पाता है कि वहां आस पास सभी लोग दरवाजा बंद करके घरो में बैठे हैं और ब्रजभूषण के घर का दरवाजा खुला पड़ा है. भिका घर में झाँक कर देखता है. "स्वामी जी क्या आप सो गये." भिका कहते हुवे अंदर आ जाता है. भिका घर में हर तरफ ब्रजभूषण को धुंडता है पर ब्रजभूषण उसे कही नही मिलता. "कहा गये स्वामी जी...कही मंदिर तो नही गये." भिका मंदिर की ओर चल देता है.गिरधारी पंडित सविता को मंदिर की सीढ़ियों पर ही मिल जाता है.

"पंडित जी अनर्थ हो गया...वो...वो...पिशाच ब्रजभूषण को उठा कर ले गया?"

"क्या!" गिरधारी पंडित सदमे के कारण सीढ़ियों पर लूड़क जाता है.

"पंडित जी!" सविता चिल्लाती है.

गिरधारी पंडित सीढ़ियों से लूड़कता हुवा नीचे ज़मीन पर आ गिरा. तब तक भिका भी वहां पहुँच जाता है.

"क्या हुवा इन्हे" भिका ने पूछा.

"ब्रजभूषण के बारे में सुन कर लड़खड़ा कर गिर गये." सविता ने कहा.भिका गिरधारी पंडित को उठाता है. लेकिन गिरधारी पंडित सर पकड़ कर वही बैठ जाता है.

"क्या हुवा स्वामी जी को." भिका ने सविता से पूछा

"पिशाच उन्हे उठा कर ले गया...पता नही कहा." सविता ने कहा.

"नही नही ऐसा नही हो सकता...स्वामी जी के साथ ऐसा हरगीज़ नही हो सकता." भिका को विश्वास नही हुवा.

"सब कुछ मेरी आँखो के सामने हुवा है भिका. मैने खुद सब कुछ अपनी आँखो से देखा है."

"हे भगवान ये तो बहुत बुरा हुवा. अब क्या होगा?" भिका ने कहा.

"आस पड़ोस के लोग तो सभी घरो में घुस्स गये...अब हमें ही कुछ करना होगा."

"कुछ भी करने का फायदा नही है...पिशाच उसे नही छोड़ेगा." गिरधारी पंडित ने कहा. वो ज़मीन पर सर पकड़ कर बैठा था."बहुत समझाया था मैने ब्रजभूषण को कल पर वो नही माना. पिशाच का कोई कुछ नही बिगाड़ सकता."

"आप ब्रजभूषण के पिता हो कर ऐसा बोल रहे हैं. कुछ तो उम्मीद रखनी चाहिए आपको." सविता ने कहा.

"जो सच है...उसे स्वीकार कर रहा हूँ...तुम दोनो भी स्वीकार कर लो...शायद भगवान की यही ईच्छा है."

"ऐसा कैसे हो सकता है...कोई तो रास्ता होगा ब्रजभूषण को बचाने का" सविता ने कहा.

"एक रास्ता है लेकिन वो बहुत मुश्किल है." गिरधारी पंडित ने कहा.

"क्या रास्ता है?" सविता ने पूछा.

"मंदिर में भोले नाथ की मूर्ति के हाथ में जो छोटा सा त्रिशूल है...उसे उस पिशाच की नाभि में मारना होगा. पर वो पिशाच ऐसा हारगीज़ नही होने देगा. और जब तक पिशाच जींदा है...ब्रजभूषण का बचना मुश्किल है. क्या पता अब तक उसने उसे मार भी दिया हो." गिरधारी पंडित ने कहा.

"वो ब्रजभूषण को मारने की जल्दी में नही था. वो उसे उठा कर ले गया है. मुझे उम्मीद है कि ब्रजभूषण अभी जींदा होगा." सविता ने कहा.

"पर हमें ये भी तो नही पता कि वो पिशाच स्वामी जी को कहा ले गया है." भिका ने कहा.

"पिशाच जंगल में रहना पसंद करते हैं. वो ज़रूर ब्रजभूषण को जंगल में ले गया होगा." गिरधारी पंडित ने कहा.

"हमें देर नही करनी चाहिए...पंडित जी मुझे वो त्रिशूल दे दीजिए...मैं करूँगी ख़ात्मा उस पिशाच का" सविता ने कहा.

"त्रिशूल तो ले जाओ...पर मुझे नही लगता कि कुछ कर पाओगे तुम." गिरधारी पंडित ने निराशा भरे शब्दो में कहा. गिरधारी पंडित धीरे से उठा और मंदिर में आकर भोले नाथ की मूर्ति से त्रिशूल निकाल कर सविता को दे दिया.

"भिका क्या तुम मेरे साथ चलोगे जंगल में" सविता ने पूछा.

"हां हां बिलकुल ये भी क्या पूछने की बात है" भिका ने कहा.

"चलो फिर हमें वक्त बर्बाद नही करना चाहिए." सविता ने कहा. "चलो मैं तुम्हारे साथ हूँ." भिका उत्साह से बोला.

"मैं भी तुम्हारे साथ चलता हूँ." गिरधारी पंडित ने कहा.

"नही पंडित जी आप रहने दीजिए आप ठीक से चल भी नही सकते...आप यही रुकिये हम चलते हैं. हमारा जंगल में जल्द से जल्द पहुँचना ज़रूरी है...और फिर हमें पिशाच को ढूंडना भी है." सविता ने कहा.

"नही मैं चलूँगा...भिका तुम मुझे सहारा दो" गिरधारी पंडित ने कहा.

सविता समझ जाती है कि गिरधारी पंडित के साथ होने से वो जंगल में पहुँचने में लेट हो जाएगी.

"भिका तुम पंडित जी को लाओ मैं आगे बढ़ती हूँ." सविता त्रिशूल ले कर जंगल की तरफ भागती है.

"अरे रूको तुम अकेली क्या करोगी" गिरधारी पंडित पीछे से चील्लाता है.

"ये सब सोचने का वक्त नही है पंडित जी आप समझ नही रहे हैं" सविता भागते हुवे कहती है. भिका गिरधारी पंडित को सहारा देता है और उन्हे लेकर जंगल की तरफ बढ़ता है.

"पंडित जी वो ठीक कह रही थी आपको यही रुकना चाहिए था" भिका ने कहा.

"मेरे बेटे की जींदगी ख़तरे में है...मैं यहा रुक कर क्या करूँगा." सविता उन दोनो से काफ़ी आगे निकल आती है और जंगल के बिलकुल करीब पहुँच जाती है.

"कहा ले गया होगा वो ब्रजभूषण को...किस तरफ जाऊ" सविता जंगल के बाहर खड़ी सोचती है.

सविता कुछ निर्णय नही ले पाती लेकिन फिर भी वो जंगल में घुस्स जाती है. वो पीछे मूड कर देखती है,

"शायद काफ़ी पीछे रह गये वो...इंतेज़ार करू या आगे बढ़ुँ...नही नही मुझे आगे बढ़ना चाहिए...ब्रजभूषण को इस वक्त मदद की शख्त ज़रूरत है." सविता घने जंगल में उतर जाती है...अपने ब्रजभूषण के लिए. लेकिन जंगल का सन्नाटा उसके रोंगटे खड़े कर देता है. वो पहली बार इस जंगल में आई है...डरना लाज़मी है. लेकिन वो अपने ब्रजभूषण के लिए हाथ में त्रिशूल लिए लगातार आगे बढ़ी जा रही है. "ये तो बहुत बड़ा जंगल लगता है...कहा ले गया होगा वो पिशाच ब्रजभूषण को...क्या करू मैं...हे भगवान मेरी मदद करो."

भिका के घर में शकुंतला नहा कर कमरे में चुपचाप बैठी है. उसका मन बहुत विचलित हो रहा है. शरम और ग्लानि ने उसके मन को घेर रखा है. "शायद सब मेरी ग़लती है...भिका ऐसा नही है. मैं ही कल रात बार बार भिका से चिपक रही थी. किसी भी आदमी का बहक जाना स्वाभाविक है." शकुंतला अपना सर पकड़ लेती है. "पर...पर वो बड़ी बेशर्मी से मेरे अंगो को घुरे जा रहा था. परदा छोड़ने को कहा...तब परदा छोड़ा उसने वरना तो देखता रहता मुझे. आने दो इसे इसकी खबर लेती हूँ...क्या समझता है खुद को. मेरी मदद क्या कर दी...क्या उसे कुछ भी करने की इज़ाज़त मिल गयी...आने दो इसे...पता नही कहा चला गया." शकुंतला ने खड़े हो कर खिड़की से झाँक कर देखा.

"शायद वो भी शर्मिंदा होगा...तभी चला गया. मुझसे बात तो करके जाता. क्या माफी माँगना फ़र्ज़ नही था उसका...या फिर इतनी शरम आ रही है उसे अब की मेरे सामने नही आना चाहता. जो भी हो आने दो उसे...मैं इस बार अच्छे से खबर लूँगी उसकी." सविता को कुछ भी समझ नही आ रहा था कि वो क्या करे और क्या ना करे.

हर तरफ घाना जंगल था. बड़े बड़े पेड़ थे. दिन में भी जंगल में घने पेड़ो के कारण अंधेरे जैसी हालत हो रही थी. ऐसा सन्नाटा था कि किसी की भी रूह काँप जाए.

“ब्रजभूषण!” सविता बहुत ज़ोर से चिल्लाई.

“ब्रजभूषण!...तुम कहा हो!” घने जंगल में सविता की आवाज़ बहुत ज़ोर से गूँजी…लेकिन सविता को उसका कोई जवाब नही मिला.

“हे भगवान कहा ले गया वो पिशाच मेरे ब्रजभूषण को…कुछ तो मदद करो मेरी.” सविता भावुक हो उठी.

“ये तो सविता की आवाज़ थी…लगता है स्वामी जी उसे नही मिले अब तक.” भिका ने कहा

“पागल हो गयी है वो… अकेले भागी जा रही है…पिशाच को ढूँढना क्या आसान काम है” पंडित ने कहा

“कुछ तो करना ही होगा पंडित जी… जैसे हम चल रहे हैं वैसे तो हम सात जनम तक नही ढूंड पाएगेँ स्वामी जी को.”

“अगर तुम्हे भी भागना है मुझे छोड़ के तो जाओ…मैं खुद चल सकता हूँ.”

“ऐसी बात नही है पंडित जी…मुझे तो बस स्वामी जी की चिंता हो रही है.”

“मेरा बेटा है वो मुझे तुमसे ज़्यादा चिंता है उसकी…तुम मुझे सहारा नही दोगे तब भी मैं जाऊंगा ही”

“पंडित जी मैं आपका साथ छोड़ कर कही नही जा रहा.”

दुर्भाग्य से सविता जंगल के दूसरी तरफ जा रही थी और भिका और गिरधारी पंडित दूसरी तरफ. तीनो के दीमाग में चिंता और भय इस कदर हावी था कि सही निर्णय लेना मुश्किल हो रहा था. भिका, गिरधारी पंडित को सहारा देकर जंगल में आगे बढ़ता रहता है.

“पंडित जी कुछ समझ नही आ रहा. ना तो स्वामी जी का कुछ पता चल रहा है और ना ही सविता का…कीधर जायें हम…ये तो बहुत बड़ा जंगल है.”

“सब उस पागल लड़की की ग़लती है…त्रिशूल भी साथ ले गयी…मुझे तो अब हर तरफ बस अंधेरा ही दीख रहा है.” चलते चलते भिका और गिरधारी पंडित थक जाते हैं. कोई तीन घंटे वो लगातार चलते रहे लेकिन ना उन्हे सविता मिली, ना ब्रजभूषण और ना ही पिशाच.

“लगता है हम भटक गये पंडित जी.” भिका ने कहा.

“सही कह रहे हो…वो पागल लड़की ना जाने कहा होगी”

“अब क्या करें हम पंडित जी…शाम होने को है अब तो…जल्दी ही अंधेरा हो जाएगा. हमें किस तरफ जाना चाहिए…मुझे तो कुछ समझ नही आ रहा.”

“बात ये है कि अब पिशाच को ढूढँ या उस पागल लड़की को…एक ही हथियार था हमारे पास वो भी वो लेकर भाग गयी…अब पिशाच मिल भी गया तो हम क्या बिगाड़ लेंगे उसका.” गिरधारी पंडित और भिका दोनो के चेहरे पर निराशा उभर आती है लेकिन फिर भी वो दोनो आगे बढ़ते रहते हैं.

सविता चलते चलते जंगल के बिलकुल बीचो-बीच पहुचँ गयी थी. “हे भगवान लगता है अंधेरा होने वाला है और ब्रजभूषण का अभी तक कुछ आता पता नही…अगर ब्रजभूषण को कुछ हो गया तो मैं भी इसी जंगल में अपनी जान दे दूगँी.” सविता ये सब बोल ही रही थी कि उसे किसी के हसणे की आवाज़ सुनाई दी.

“हा…हा…हा…हे…हे…क्यों कैसा लग रहा है अब. तुम तो बड़ी जल्दी बेहोश हो गये थे. कब से इंतेज़ार कर रहा हू ँकि तुम कब होश में आओ और मैं तुम्हे खाना शुरू करूँ… बताओ कहा से शुरू करूँ…इन हाथो से शुरू करूँ क्या जिनसे तुमने मेरी आँख में धूल भर दी थी. अभी तक आँखो में चरमराहट है…क्या डाला था तुमने मेरी आँख में बताओ.”

ब्रजभूषण ज़मीन पर पड़ा था और उसके दाई तरफ पिशाच बैठा था. ब्रजभूषण ने चारो तरफ देखा. हर तरफ बड़े-बड़े पेड़ थे. इतना घना जंगल ब्रजभूषण ने पहले कभी नही देखा था. ब्रजभूषण ने उठने की कोशिश की लेकिन वो उठ नही पाया. ना वो अपने हाथ हिला पाया और ना ही टांगे.

“क्या हुवा उठना चाहते हो उठो उठो…हा...हा…हे…हे...अच्छा खेल है ना. बताओ कैसा लग रहा है.” पिशाच ने कहा.

“तुम बचोगे नही…मैं तुम्हे जींदा नही छोड़ूगाँ” ब्रजभूषण गुस्से में बोला.

“कौन मारेगा मुझे तुम..हा.” पिशाच बोखला गया और ब्रजभूषण के सर पर उसने अपना एक हाथ दे मारा. हाथ का वार ऐसा था जैसे की कोई हथोदा पड़ा हो. ब्रजभूषण के सर से खून बहने लगा…और वो फिर से बेहोश हो गया.

“अफ…ये तो फिर से लूड़क गया…मुझे भूक लगी है…पर इसे तभी खाऊंगा जब ये होश में आएगा. इसे अपने शरीर में मेरे दाँत गढ़ते हुवे महसूस होने चाहिए…तभी मज़ा आएगा मुझे…मेरी आँख में धूल झोन्का है…

“उसे छोड़ दो वरना….” पिशाच को अपने पीछे से आवाज़ सुनाई दी. पिशाच तुरंत पीछे मूड कर देखता है.उसे सविता दिखाई दी.

“वरना क्या पागल लड़की…तुम क्या करेगी…हा…हा…हा”

“मैं तुम्हे जान से मार दूगँी…छोड़ दो उसे.” सविता चिल्लाई

“मान-ना पड़ेगा…मेरे सामने आज तक किसी ने आकर ऐसी बात नही बोली…एक ये लौंडा है और एक तू है..दोनो एक से बढ़ कर एक हो…पर मुझे अफ़सोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इसके साथ-साथ तुम भी मेरे पेट में जाओगी…लेकिन पहले मैं इसे ही खाऊंगा…तू इसके बाजू में लेट जा तेरी बारी बाद में आएगी.” सविता त्रिशूल एक हाथ में पीछे छुपा कर रखती है ताकि पिशाच को उसके इरादो की भनक ना लगे.

“मुझे किसी तरह इस पिशाच के पास जाना होगा…क्या करूँ” सविता खड़े खड़े सोच रही है.

“पिशाच जी बहुत सुना है आपके बारे में कि आप बहुत भयानक हो पर आप ऐसे दिखते तो नही.” सविता ने कहा.

पिशाच ब्रजभूषण के पास से खड़ा हुवा और सविता की ओर मूह करके बोला, “तुम्हे मैं भयानक नही लगता…मेरी आवाज़ सुन कर जंगल का शेर भी भाग जाता है, इंसान तो चीज़ क्या है…और मैं तेरे सामने इतनी भयानक बाते कर रहा हूँ…इस से ज़्यादा भयानक और क्या होता है.”

“फिर भी आपको कुछ और भी करना चाहिए.” सविता ने कहा. “जैसे कि… क्या करूँ मैं अब वो भी बता दो.”

“चेहरे पर थोड़ा और रोब होना चाहिए…आप हंसते रहते हैं बात बात, ये अच्छा नही लगता. इस से आपकी छवि खराब होती है.”

“मज़ाक कर रही है तू…बहुत बढ़िया” पिशाच सविता के करीब आता है और उसके बाल पकड़ लेता है.

“पिशाच से कभी भी मज़ाक नही करते लड़की…हमेशा अपनी चिंता करते हैं.”

सविता बिना मोका गवाए त्रिशूल पिशाच के पेट में गाढ देती है और बोलती है, “वो तो ठीक है लेकिन कुछ पिशाचो को अपनी भी चिंता करनी चाहिए.”

“ये क्या किया तूने करम जली…ये क्या मार दिया पेट में…आअहह” पिशाच दर्द से कराह उठा और तड़पने लगा.

“भोले नाथ का त्रिशूल है…भगवान का नाम लो और दफ़ा हो जाओ यहा से.” सविता ने पिशाच को दोनो हाथो से दूर धकैल दिया.

“आअहह तुम्हे क्या लगता है तुम इसे बचा लोगि…आअहह… मेरा जहर है इसके शरीर में…मैं इसे नही भी खाता तो भी ये सुबह तक मर ही जाता.”

सविता ने तड़प्ते हुवे पिशाच के मूह पर लात मारी और बोली, "दूसरो की मौत का जशन नही मनाते…अपनी चिंता करते हैं."

"तुम इस जंगल से बाहर नही जाओगी…ये त्रिशूल मेरे पेट से निकाल दो…मैं तुम दोनो को गावँ छोड़ आऊंगा."

सविता ने त्रिशूल पकड़ा और ज़ोर लगा कर त्रिशूल थोड़ा और पिशाच के पेट में उतार दिया. पिशाच बहुत ज़ोर से चील्लाया. पिशाच की चिंख पूरे जंगल में गूँज गयी. उसकी चिंख भिका और गिरधारी पंडित ने भी सुनी. वो तेज़ी से चिंख की दिशा का अंदाज़ा लगा कर उसकी ओर भागे.

"ब्रजभूषण…ब्रजभूषण उठो क्या हो गया है तुम्हे…ब्रजभूषण…हे भगवान बचा लो मेरे ब्रजभूषण को" सविता की आखेँ भर आई और वो फूट कर रोने लगी.

"हा..हा..हा…मर जाएगा वो जल्दी ही..हे…हे."

सविता खड़ी हुई और त्रिशूल पर फिर से दबाव बनाया. त्रिशूल थोड़ा और पिशाच के पेट में सरक गया. वो फिर से ज़ोर से चील्लाया. कुछ ही पलो में उसने दम तोड़ दिया. लेकिन उसकी लाश वहां से गायब हो गयी. शायद यमदूत उसे उठा कर नर्क में ले गये. सविता किसी तरह ब्रजभूषण को उठाती है और उसे अपनी पीठ पर लाद कर चल देती है.

"मेरे होते हुवे तुम्हे कुछ नही होगा ब्रजभूषण…कुछ नही होगा तुम्हे…मैं तुम्हे कुछ नही होने दूँगी, चाहे कुछ हो जाए." पर अब एक और मुसीबत का सामना करना था सविता को. वो मुसीबत थी ये घना जंगल और जंगली जानवर. उसके लिए गावँ की वापसी का रास्ता भी ढूंडना आसान नही था. लेकिन फिर भी दिल में उम्मीद की किरण लिए वो आगे बढ़ती रही.

"हां..यही तो रास्ता है..ये पेड़ मैने इस तरफ आते हुवे देखा था..इसका मतलब मैं ठीक जा रही हूँ. ब्रजभूषण तुम बिलकुल चिंता मत करो…मैं तुम्हे हर हाल में गावँ ले जाऊंगी." सविता दिल में हिम्मत और प्यार लिए आगे बढ़ती रहती है. भिका और गिरधारी पंडित पूरा जंगल छान मारते हैं लेकिन उन्हे फिर भी कुछ नही मिलता. वो उस जगह से गुज़रते तो हैं जहा से सविता ब्रजभूषण को ले गयी है लेकिन उन्हे अहसास भी नही होता कि वहां कुछ हुवा है. ज़मीन पर ब्रजभूषण के खून की बूंदे थी लेकिन शाम होने के कारण वो उन्हे दीखाई नही दी.

"पंडित जी क्या किया जाए अब...कुछ समझ नही आ रहा कि स्वामी जी को वो पिशाच कहा ले गया…सविता का भी कुछ पता नही चल रहा. वो चिंख भी ना जाने किसकी थी."

“सब उस मूर्ख लड़की के कारण हुवा है.” गिरधारी पंडित बोला.

“उसकी क्या ग़लती है पंडित जी, हमें भी तो कुछ नही मिला.” भिका ने कहा.

“मान लो अगर पिशाच हमें मिल भी जाता…तो भी हम क्या बिगाड़ लेते उसका.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“मिलता तब ना पंडित जी…मुझे नही लगता कि वो पिशाच स्वामी जी को यहा लाया है. पूरा जंगल छान मारा हमने. अगर पिशाच यहा होता तो मिल ही जाता.”

“पिशाच तो नही मिला पर..पर…भेड़िया ज़रूर मिल गया.” गिरधारी पंडित डरते हुवे बोला.

भिका गिरधारी पंडित की बात सुन कर नज़र घुमा कर देखता है. उनके दाई तरफ की झाड़ियों में एक भेड़िया खड़ा था.

“पंडित जी हिलना मत…हम डरेंगे तो ये हमला ज़रूर करेगा.” भिका ने कहा. भिका को एक पत्थर दीखाई दीया. उसने पत्थर उठाया और भेड़िए को निशाना बनाया. पत्थर निशाने पर लगा और भेड़िया चील्लाता हुवा भाग गया.

“हमें अब इस खौफनाक जंगल से निकलना चाहिए.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“सही कहा पंडित जी…यहा रुकना ख़तरे से खाली नही है…और वैसे भी हमने पूरा जंगल तो लगभग देख ही लिया है.”

भिका और गिरधारी पंडित गाँव की तरफ चल पड़ते हैं. लेकिन सविता की तरह उन्हे भी रास्ता ढूँढते में मुश्किल आती है. किसी तरह से आख़िर कार सविता गाँव तक पहुँच ही जाती है. लेकिन गाँव तक पहुँचते-पहुँचते रात घिर आती है. वो ब्रजभूषण को उसी तरह अपनी पीठ पर ही गाँव के वैद्य के पास ले जाती है. वैद्य सविता की पीठ पर ब्रजभूषण को देख कर हैरान रह जाता है. वैद्य ब्रजभूषण को सविता की मदद से चारपाई पर लेटा देता है.

“क्या हुवा स्वामी जी को सविता?” वैद्य ने पूछा. सविता जल्दी जल्दी में वैद्य को सारी बात बताती है.

“बेटी मैने कभी अपनी जींदगी में ऐसे मरीज का इलाज़ नही किया…पिशाच के काटे का मेरे पास कोई इलाज़ नही है.”

“आप कोशिश तो कीजिए वैध जी... ब्रजभूषण को बचा लीजिए…मैं आपके आगे हाथ जोड़ती हूँ.” सविता की आँखे भर आती हैं.

“अच्छा-अच्छा मुझसे जो बन पड़ेगा मैं करूँगा…तुम चुप हो जाओ” वैद्य ने कहा.

वैद्य फ़ौरन ब्रजभूषण के इलाज़ में लग गया. सविता बेचैनी की हालत में वैद्य के घर के बाहर कभी इधर, कभी उधर घूम रही थी. गाँव में पूरी तरह सन्नाटा था. हो भी क्यों ना… गाँव में पिशाच का ख़ौफ़ जो फैला था. अभी ये बात सिर्फ़ सविता जानती थी की पिशाच का ख़ात्मा हो गया है. भिका और गिरधारी पंडित भी किसी तरह से जंगल से बाहर आ जाते हैं.

"पंडित जी आपको पहले वैद्य जी के पास ले चलता हूँ…सीढ़ियों से गिरने के कारण बहुत चोट लगी है आपको. थोड़ा मरहम पट्टी करवा लीजिए."

"क्या मरहम पट्टी कर्वाउ मैं अब…मेरा इक-लौता बेटा पता नही कहा है…जींदा भी है कि नही."

"मुझे भी स्वामी जी की बहुत चिंता है…समझ में नही आता कि क्या करें अब. सविता भी कही खो गयी. हम जो कर सकते थे हमने किया. चलिए आपको वैद्य जी की शख्त ज़रूरत है"

भिका गिरधारी पंडित को वैद्य के घर की तरफ ले चलता है. वैद्य के घर के बाहर सविता को देख कर दोनो हैरत में पड़ जाते हैं.

"तुम यहा क्या कर रही हो…जंगल में ढूंड-ढूंड कर थक गये हम तुम्हे" गिरधारी पंडित ने कहा.

"मैं ब्रजभूषण को ले आई हूँ पंडित जी लेकिन वो बेहोश है अभी…वैद्य जी इलाज़ कर रहे हैं उसका." गिरधारी पंडित और भिका दोनो सविता की बात सुन कर हैरान हो जाते हैं लेकिन उनकी आँखो में ब्रजभूषण की खबर सुन कर खुशी भी उभर आती है.

"सविता कैसे किया तुमने ये सब…हम तो जंगल में तुम्हे ढूंड ढूंड कर थक गये." भिका ने कहा.

सविता पूरी कहानी सुनाती है. भिका और गिरधारी पंडित को विश्वास ही नही होता कि सविता ने पिशाच का ख़ात्मा कर दिया.

"तुमने पिशाच को मार दिया…विश्वास नही होता." गिरधारी पंडित ने कहा.

"दिल में हिम्मत हो तो कुछ भी हो सकता है पंडित जी." सविता ने कहा.

"तुमने बहुत हिम्मत दीखाई सविता…ये सब तो मैं भी नही कर पाता. मुझे तो भूत-पिशाच से वैसे ही बहुत डर लगता है." भिका ने कहा. तभी वैद्य बाहर आता है.

"अरे पंडित जी आप" वैद्य ने कहा.

“कैसा है मेरा बेटा.” गिरधारी पंडित ने पूछा.

“अभी कुछ नही कह सकता…मेरे जो बस में था मैने कर दिया है. सर से काफ़ी खून बहा है ब्रजभूषण का. सर पे पट्टी बाधँ दी है. देखते है अब.” वैद्य ने कहा.

“ब्रजभूषण को कुछ नही होगा मुझे पूरा विश्वास है.” सविता ने कहा.

भिका, वैद्य और गिरधारी पंडित तीनो ने एक साथ सविता की ओर देखा. सविता के चेहरे पर अजीब सा तेज था. भिका तो सविता के पैरो में पड़ गया.

“तुम ज़रूर कोई देवी हो…पिशाच को कोई मामूली इंसान नही मार सकता.” भिका ने कहा.

“उठो भिका ऐसा कुछ नही है...मैने बस हिम्मत और दीमाग से काम लिया…और शायद भगवान ने मेरी मदद की.” सविता ने कहा. भिका उठ गया और बोला,

“जो भी हो तुमने केवल स्वामी जी की नही बल्कि पूरे गावँ के लोगो की जान बचाई है…और तुम हमारे लिए किसी देवी से कम नही हो...क्यों पंडित जी.” गिरधारी पंडित ने कुछ नही कहा. उसे वैसे भी सविता और ब्रजभूषण की दोस्ती पसंद नही थी और सविता उसे एक आखँ नही भाती थी.

“पंडित जी आप ब्रजभूषण को घर ले जाए…यहा भीड़ भाड़ लगी रहती है…आप समझ ही सकते हैं” वैद्य ने कहा.

“हां हां बिलकुल…भिका क्या तुम किसी की बैलगाड़ी ला सकते हो ब्रजभूषण को घर तक ले जाने में आसानी होगी.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“जी पंडित जी अभी लाता हूँ.” भिका किसी गावँ वेल की बैलगाड़ी ले आया और ब्रजभूषण को उस पर लेटा कर घर तक ले आए. ब्रजभूषण अभी भी बेहोश ही था. ब्रजभूषण को बैलगाड़ी से उतार कर बिस्तर पर लेटा दिया.

“सविता तुम्हारा बहुत बहुत धन्यवाद…अब तुम जाओ.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“नही पंडित जी…ब्रजभूषण को होश आने तक मैं….”

“नही तुम जाओ यहा से कहा ना…मैं अपने बेटे को संभाल लूगाँ.” गिरधारी पंडित ने सविता की बात बीच में ही काट दी. पंडित की बात भिका को भी बुरी लगी.

“चलो सविता मैं भी चलता हूँ…अब इनका मतलब निकल ही गया है…हमारी ज़रूरत ही क्या है…पोंगा पंडित कही का.” भिका से रुका नही गया और उसने ये सब बोल दिया.

‘‘हां-हां जाओ तुम भी जाओ…रोका किसने है.’’ गिरधारी पंडित चील्लाया.

सविता और भिका वहां से चल दिए. सविता बड़े भारी कदमो से वहां से जा रही थी. उसकी जान तो बस ब्रजभूषण में अटकी थी. पर उसके पास कोई चारा नही था. सविता घर आई तो उसके पिता ने डाटँ कर पूछा,

‘‘कहा थी तू सारा दिन…ढूंड ढूंड कर परेशान हो गया मैं…कहा चली गयी थी.’’ सविता ब्रजभूषण के साथ हुई घटना सुनाती है और ये भी सुनाती है कि कैसे वो जंगल से ब्रजभूषण को बचा कर लाई.

‘‘क्या! तूने पिशाच को मार दिया.’’

‘‘हां…अपने इन हाथो से. अब गावँ में कोई चिंख नही गूंजेगी और ना ही किसी की हत्या होगी.’’ सविता ने कहा.

सविता के पिता ने तो मूह पर हाथ रख लिया. उसे यकीन नही हो रहा था. सविता अपने बिस्तर पर आ कर लेट गयी. बहुत भूक लगी थी उसे. पूरा दिन कुछ नही खाया था उसने लेकिन फिर भी बिना कुछ खाए लेट गयी. उसे बस अपने ब्रजभूषण की चिंता था.

भाग - 13

भिका बहुत धीमी चाल से अपने घर की तरफ बढ़ रहा था. घर जाने से उसे डर जो लग रहा था. "क्या करूँ घर जाऊ की नही…मेमसाब मुझे कच्चा चबा जाएँगी आज. हवेली में एक दो बार बहुत गुस्से में देखा है उन्हे. वो ज़रूर गुस्से में आग बाबूला हो कर बैठी होंगी. पर उनसे चल कर माफी तो माँगनी ही चाहिए मुझे." भिका चलते-चलते सोच रहा था.

भिका कछुवे की चाल चलता हुवा घर पहुँच ही जाता है. शकुंतला भी भिका का बेसब्री से इंतेज़ार कर रही है. डाटँ जो पीलानी है उसे.भिका घर पहुँच तो गया लेकिन दरवाजे पर खड़ा-खड़ा सोचता रहा कि दरवाजा खड़काए या नही…या वापिस चला जाए. शकुंतला को दरवाजे पर भिका के कदमो की आहट सुन जाती है लेकिन फिर भी वो चुपचाप बिस्तर पर लेटी रहती है. वो इंतेज़ार कर रही है कि कब भिका दरवाजा खड़काए और कब वो दरवाजा खोल कर भिका पर बरस पड़े. लेकिन बहुत देर हो जाती है. भिका दरवाजे पर कोई दस्तक नही करता.

"मुझे यहा से चलना चाहिए…कल माफी माँग लूँगा मेमसाब से. आज तो वो बहुत गुस्से में होंगी." भिका सोचता है और वापिस मूड कर चल देता है. शकुंतला के सबर का बाँध टूट जाता है और वो उठ कर दरवाजा खोलती है. लेकिन वो पाती है कि भिका जा रहा है.

"भिका क्या मज़ाक है ये…कहा जा रहे हो!" शकुंतला चिल्लाती है.

भिका तो शकुंतला की आवाज़ सुनते ही थर-थर काँपने लगता है.वो भाग कर शकुंतला के पैर पकड़ लेता है.

"मेमसाब मुझे माफ़ कर दीजिए…मुझसे बहुत बड़ी ग़लती हो गयी." भिका गिड़गिदाया.

"सुबह से अब होश आया है तुम्हे माफी माँगने का…तब क्यों भाग गये थे तुम और पैर छोड़ो मेरे कही इनसे भी कामुक रस लेने लगो." भिका ने तुरंत शकुंतला के पैर छोड़ दिए. लेकिन वो उसके पैरो के पास ही झुका रहा.

"उठो और नज़र मिला कर बात करो मुझसे." शकुंतला ने डाटँ-ते हुवे कहा.

"नही मेमसाब मैं आपसे नज़रे नही मिला सकता अब…इतना बड़ा गुनाह जो हो गया मुझसे." भिका फिर से गिड़गिडया.

"कहा ना उठो वरना मारेंगे थप्पड़ तुम्हे एक." शकुंतला ने कहा. भिका उठ गया और नज़रे झुका कर शकुंतला के सामने खड़ा हो गया.

“अंदर आओ…तुम्हे सबक देना हैं.” शकुंतला ने कहा. भिका अंदर आ गया और शकुंतला ने कुण्डी बंद कर ली.

“लगता है मेमसाब मुझे कमरे में बंद करके पीटने वाली हैं…अब क्या होगा.”

शकुंतला ने एक डंडा उठाया और भिका के पीठ पर दे मारा. “मेमसाब नही…आअहह.”

“परदा कहे बिना नही छोड़ा तुमने. क्यों देख रहे थे मुझे घूर-घूर के.” शकुंतला ने एक और डंडा मारा.

“आआहह.. मेमसाब मुझसे ग़लती हो गयी…मैं बहक गया था…मुझे माफ़ कर दीजिए.”

“बात-बात पर बहक जाते हो क्या चक्कर है ये.” शकुंतला ज़ोर से एक और डंडा मारती है. इस बार भिका भागता है और कोने में सट के बैठ जाता है.

“मेमसाब माफ़ कर दीजिए मैने जान बुझ कर कुछ नही किया.”

“नही मैं कल से देख रही हूँ…बार बार वही हरकत. देख तो रहे ही थे देख-देख कर उत्तेजित भी हो रहे थे. शरम नही आई तुम्हे.”

“मैं कब उत्तेजित हुवा मेमसाब…ऐसा कुछ नही है.” भिका गिड़गिडया.

“अच्छा तुम्हारी धोती में देखा था मैने तुम्हारी उत्तेजना को. बोलो अब… क्या ये झूठ है?”

“हां मेमसाब…मेरा मतलब नही मेमसाब हो गया होगा ऐसा…वो मेरे बस में नही है.” शकुंतला ने झुक कर डंडा घुमाया. डंडा भिका के हाथ पर लगा.

“आओच…मेमसाब…नही..आआहह.”

“कुछ भी बस में नही है तुम्हारे ना वो, ना हाथ और ना आँखे क्यों…तुम्हारी आँखे ही फोड़ दूँगी मैं अब सीधे खड़े हो जाओ.” भिका चुपचाप खड़ा हो जाता है.

“जो सज़ा देनी है दे दो मेमसाब लेकिन सच कहता हूँ…मुझसे जो कुछ भी हुवा अंजाने में हुवा. मेरा आपके प्रति कोई बुरा इरादा नही था.” भिका ने कहा.

“बिलकुल… तभी बार-बार उत्तेजित हो जाते हो तुम हा.” शकुंतला डंडा हवा में उपर करती है, भिका के सर में मारने के लिए. लेकिन डंडा छत से लटकी मटकी से टकराता है और मटकी रस्सी से निकल जाती है. भिका शकुंतला को पकड़ता है और मटकी के नीचे से हटा लेता है. मटकी ज़ोर से ज़मीन पर गिरती है और फूट जाती है. मटकी का माखन ज़मीन पर बिखर जाता है.

“छोड़ो मुझे…तुम्हारी आज खैर नही” भिका फ़ौरन शकुंतला का हाथ छोड़ देता है. शकुंतला हाथ में डंडा लिए भिका की ओर बढ़ती है, लेकिन शकुंतला का पावँ माखन पर पड़ जाता है और वो फिसल जाती है. भिका आनन फानन में आगे बढ़ कर शकुंतला का हाथ थामता है लेकिन वो भी फिसल जाता है.शकुंतला तो गिरती ही है…दिक्कत वाली बात ये हो जाती है कि भिका भी उसके साथ उसके उपर गिर जाता है. बड़ी ही नाज़ुक स्थिति बन जाती है. शकुंतला आँखो में शोले लिए ज़मीन पर पड़ी है और भिका उसके उपर. शकुंतला भिका की आँखो में देखती है. उसे आसूँ दीखाई देते हैं.

“मेमसाब मैने कुछ जान बुझ कर नही किया…मेरा यकीन कीजिए मैं सच कह रहा हू” भिका ने कहा.

“पर तुमने किया तो ना…तुम्हे सोचना चाहिए था…परदा उठाए खड़े रहे तुम और मुझे घूरते रहे.”

“आप मुझे जान से मार दीजिए…मेमसाब” भिका भावुक हो कर कहता है.भिका रोने लगता है और अपना सर शकुंतला के स्तनों पर रख देता है, जैसे की छोटा बच्चा हो. शकुंतला भिका को रोते देख उसका सर थाम लेती है. इतना भावुक सा माहॉल बन जाता है कि दोनो में से कोई भी वहां से हिलने की कोशिश नही करता.

“अब भी तो ये ठीक है अब तो ये उत्तेजित नही हो रहा. सब डंडे का असर है. बिलकुल बच्चा है ये.” शकुंतला सोचती है. भिका चुपचाप शकुंतला के स्तनों पर सर रखे सुबक्ता रहता है. “मेमसाब आप बहुत अच्छी हो…कोई और होता तो मुझे मार डालता.”

“अच्छा डंडे कम पड़े लगते हैं.”

“नही…नही वो तो बहुत पड़े हैं.”

“नही कुछ कमी रही हो तो और मार देती हूँ.”

“मार लीजिए मेमसाब अब चू भी नही करूँगा.”

“अगर दुबारा ऐसा किया तो और ज़्यादा डंडे लगेंगे.”

अब जबकि भिका शकुंतला के उपर पड़ा था तो उत्तेजना का जागना तो स्वाभाविक था. धीरे धीरे भिका के लिंग में हरकत होने लगती है और वो शकुंतला की योनि पर चुभने लगता है.

“भिका!” शकुंतला लिंग की चुभन महसूस होते ही ज़ोर से बोलती है. “जी मेमसाब.”

“जी के बच्चे क्या हो रहा है ये फिर से और पीटाई करनी पड़ेगी क्या तुम्हारी.”

भिका सर उठाता है और शकुंतला की आँखो में झाँक कर बोलता है “मैं सच कहता हूँ आपके करीब आकर ऐसा अपने आप हो जाता है. मेरे बस में होता तो रोक लेता. क्या औरत के करीब आकर आदमी को ऐसा ही होता है.”

“मुझे नही पता शायद होता होगा.”

“फिर ठीक है…मुझे लगा मेरे साथ ही ऐसा हो रहा है.”

“तुम बिलकुल भोन्दु हो.”

“मेमसाब एक बात कहूँ…बुरा तो नही मानेंगी आप.”

“हां बोलो.”

“मुझे कुछ देर यू ही अपने उपर रहने दीजिए. बहुत सुकून मिल रहा है मुझे.”

पता नही क्यों शकुंतला भिका को अपने उपर से हटा नही पाती. वो भिका की बात का कोई जवाब भी नही देती. बस अपनी आँखे बंद कर लेती है.

“सुकून तो मुझे भी मिल रहा है…मैने तुम्हारे अंदर आदमी का अलग ही रूप देखा है भिका. अब तक बस अपने पति को ही देखा था इतने नज़दीक से. वो तो किसी भेड़िए से कम नही थे. वो जब मेरे उपर होते थे तो मेरी रूह काँप उठती थी. एक तुम हो आज…हां भिका मुझे भी सुकून मिल रहा है ये जान कर कि आदमी तुम्हारे जैसा भी हो सकता है… मासूम और प्यारा… बिलकुल किसी बच्चे की तरह. हमेशा ये बाते अपने अंदर बनाए रखना भिका…तुम अच्छे इंसान हो. दिल के सच्चे हो.” शकुंतला आँखे बंद किए चुपचाप सोच रही है.

“मेमसाब मेरा वो दिक्कत तो नही दे रहा आपको.” भिका ने पूछा.

"हट जाओ अब तुम, दिक्कत की तो बात ही है" शकुंतला भिका को अपने उपर से धकैलते हुवे कहती है.

भिका शकुंतला के उपर से हट जाता है और ज़मीन पर बैठ जाता है.

"बहुत सूकून मिल रहा था…मेमसाब?"

"ऐसे ही पड़े रहेंगे क्या हम तुम्हारे साथ भोन्दु कही के." शकुंतला ने कहा.

"ओह हां मैं तो सब कुछ भूल गया था…ऐसे थोड़ा हम पड़े रहेंगे."

"चलो छोड़ो, ये बताओ कुछ खाया तुमने सारा दिन."

"नही मेमसाब पूरा दिन अन्न का एक दाना भी नसीब नही हुवा. मैं तो कही पानी भी नही पी पाया."

"क्यों ऐसा क्या हो गया था...बहुत परेशान थे क्या तुम आज की अपनी करतूत के कारण."

"पूछो मत मेमसाब...आपको अब मैं जबरदस्त वाक़या सुनाता हूँ." भिका उत्सुकता में बोला.

"कैसा वाक़या?"

भिका, शकुंतला को सारी कहानी सुनाता है.

"यकीन नही होता कि एक साधारण सी लड़की इतना बड़ा काम कर सकती है."

"सब कुछ सच है मेमसाब...मैं खुद गवाह हूँ." भिका ने कहा.

"अच्छा कुछ खाओगे अब तुम?"

"बहुत भूक लगी है मेमसाब...मैं अभी कुछ बनाता हूँ."

"नही मैं बना देती हूँ."

"मेमसाब आप मेरे लिए खाना बनाएँगी, नही नही...मैं बना लूँगा."

"पिटोगे तुम अगर ज़्यादा बोलोगे तो...जाओ हाथ मूह धो कर आओ मैं खाना तैयार करती हूँ."

“पहले मैं ये ज़मीन पर बिखरे माखन को साफ कर देता हूँ.”

“हां…ये कर दो पहले फिर हाथ मूह धो लेना.” भिका ज़मीन से माखन को साफ कर देता है और हाथ मूह धोने बाहर निकल आता है.

"मेमसाब तो गजब हैं. मारती भी हैं और प्यार भी करती हैं. मेमसाब जब चली जाएँगी तो मेरा बिलकुल मन नही लगेगा."

शकुंतला भी बाहर आती है और चूल्हा तैयार करती है. शकुंतला जब खाना बना रही थी तो भिका उसके साथ ही बैठ गया चूल्हे के पास.

“मेमसाब आप मेरे लिए खाना बना रही हैं. मुझे तो यकीन ही नही हो रहा.”

“इसमे ऐसा क्या है. हवेली में भी मैं खाना बनाती ही थी. और कई बार तुमने वहां मेरे हाथ का खाया भी है.”

“वहां कुछ और बात थी यहा कुछ और बात है.” भिका ने कहा.

“लो खाना तैयार है तुम अंदर चटाई लगाओ. मैं लाती हू.ँ” शकुंतला ने कहा.

दोनो ने एक साथ चटाई पर बैठ कर खाना खाया.

“बहुत स्वादिष्ट खाना बनाया आपने मेमसाब. सारी भूक शांत हो गयी.” भिका ने कहा. खाना खाने के बाद भिका ज़मीन पर चटाई बिछा कर लेट गया और और शकुंतला चारपाई पर लेट गयी.

“मेमसाब एक बात पूच्छू बुरा ना माने तो.”

“हां पूछो.” “जब मैं आपके उपर था तो आपको कैसा लग रहा था.”

“क्यों जान-ना चाहते हो?”

“बस यू ही. मुझे तो बहुत अच्छा लग रहा था.”

“अच्छा तुम्हे तो अच्छा लगेगा ही. उत्तेजित जो हो रहे थे तुम.”

“हां बाद में थोड़ा थोड़ा होने लगा था.”

“थोडा नही तुम पूरे उत्तेजित हो गये थे. बहुत तेज चुभ रहा था मुझे वो.”

“हां बाद में ऐसा हो गया था.”

“तुम मुझसे अश्लील बाते करते रहोगे क्या, सोना नही है आज क्या.रात बहुत हो गयी है.अब जबकि पिशाच का ख़तरा टल गया है मुझे यहा से चलना चाहिए. सो जाओ मुझे कल जल्दी उठ कर सफ़र पर निकलना है.” भिका के तो पैरो के नीचे से जैसे ज़मीन निकल गयी. वो तुरंत अपनी चटाई से उठा और शकुंतला के बिस्तर के पास आ गया.

“मेमसाब आप कल चली जाओगी.”

“हां और नही तो क्या. मैं हमेशा यही थोड़ा रुकूंगी.”

“हां ठीक कह रही हैं आप. ये ठहरी ग़रीब की कुटिया. आप तो हवेली में रहेंगी जाकर.”

“पागल हो क्या. मेरा ये मतलब नही है. कुछ भी बोले जा रहे हो. मुझे अपने घर तो जाना ही होगा ना अब.”

“मेमसाब आप मत जाओ. मेरा मन नही लगेगा.” भिका गिड़गिदाया.

“पागल हो क्या मुझे जाना ही होगा.”

“कुछ दिन तो आप रुक ही सकती हैं.”

“हां ताकि तुम मुझे रोज परदा उठा कर देखो…. क्यों.”

"नही नही मेमसाब मेरा वो मतलब नही है."

"अच्छा छोड़ो ये सब. मुझे ये बताओ मुझे क्यों रोकना चाहते हो. क्या लगती हूँ मैं तुम्हारी."

"आप…आप मेरी मेमसाब हैं."

"मेमसाब हूँ तो क्या अपने घर में रखोगे मुझे." शकुंतला ने कहा.

"मुझे नही पता क्यों…शायद."

"शायद क्या?"

"कुछ नही रहने दीजिए. सो जाईए आप." भिका वापिस अपनी चटाई पर आ गया.

"चले गये तुम तो. भिका बोलो ना शायद से तुम्हारा क्या मतलब है."

"रहने दीजिए मेमसाब आपको बुरा लगेगा."

"हो सकता है ना लगे तुम बोलो तो…इधर आओ वापिस और जल्दी बताओ शायद क्या?" भिका फिर से शकुंतला के बिस्तर के पास आता है और बोलता है.

"शायद मैं आपको चाहने लगा हूँ. मुझे पता है ये ग़लत है. लेकिन जो मेरे मन में था कह दिया."

"भोन्दु हो तुम एक नंबर के. किसी को चाहना ग़लत नही होता."

"लेकिन आप तो चली जाएँगी ना. क्या फायदा ऐसी चाहत का."

"एक शर्त पर रुकूंगी यहा."

"बोलिए क्या शर्त है."

"मुझे अपनी बीवी बना लो."

"क्या! आप ये क्या कह रही हैं. ऐसा कैसे होगा."

"सब कुछ मुमकिन है. क्या तुम मुझे प्यार नही करते?"

"वो तो करता हूँ शायद पर…आप और मेरी बीवी…ऐसा कैसे होगा."

"क्या तुम्हारा इरादा मुझे यहा रखैल बना कर रखने का है."

"ऐसा मत कहो मेमसाब. अपने बारे में ऐसा मत कहो."

"भिका तुमने मुझे ही नही छुवा बल्कि मेरी आत्मा को छुवा है. मुझे लगता है कि मैं तुम्हारे साथ खुश रहूंगी. मैं यहा से कही नही जाना चाहती. मैं तो बस यू ही तुम्हारे मन की बात

जान-ने के लिए बोल रही थी. जैसा की मुझे शक था, वही हुवा. तुम भी मुझे चाहते हो और मैं भी तुम्हे चाहती हू. फिर हम हमेशा एक साथ क्यों नही रह सकते. मैं एक हवेली से निकल कर दूसरी हवेली नही जाना चाहती. जो सुकून की साँस मुझे तुम्हारी इस कुटिया में मिल रही है वो मुझे आज तक हवेली में नही मिली. बताओ बनाओगे मुझे अपनी दुल्हन. शादी शुदा हू मैं पहले से लेकिन फिर भी तुमसे ये पूछ रही हू. शायद मैं ग़लत हू. लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मुझे सिर्फ़ तुम्हारे साथ रहना चाहिए."

"मेमसाब आप ग़लत नही हो सकती. पर मैं आपके लायक नही हू."

"फिर क्यों रोकना चाहते थे मुझे. मुझे दुबारा फिर से नंगा देखना चाहते थे या फिर ये सब अपनी हवस के लिए बोल रहे थे."

"नही नही भगवान कसम मेमसाब ऐसा कुछ नही है. बताया तो आपको कि मैं आपको चाहने लगा हू."

"बस मुझे चाहोगे. अपनी बीवी नही बनाओगे. कैसी चाहत है तुम्हारी."

"क्या आप मेरे साथ इस कुटिया में रह लेंगी."

"रह नही रही हू क्या, और क्या चाहिए तुम्हे."

"वो तो है मेमसाब…पर गावँ वाले क्या कहेंगे. और ठाकुर भवानी प्रताप सिंग तो मुझे जान से मार देंगे."

"बस डर गये."

"नही मेमसाब ऐसा नही है लेकिन इन बातो का ख़तरा तो है ही."

"वो सब देखा जाएगा. तुम बस ये बताओ कि तुम मुझे अपनी बीवी बनाओगे की नही."

"मैं तैयार हू मेमसाब. मेरा तो ये सौभाग्य होगा की आप जैसी बीवी मुझे मिलेगी."

"वो तो ठीक है पहले ये मेमसाब कहना बंद करो. मुझे अबसे शकुंतला कहोगे तुम…क्या कहोगे?"

"अभी नही मेमसाब धीरे सीख लूँगा.अभी आप मेरी मेमसाब ही रहो."

"भोन्दु हो तुम एक नंबर के."

"मेमसाब आपको हवेली जैसा सुख तो नही दे पाऊंगा पर प्यार बहुत करूँगा आपको."

"मुझे पता है भिका…तभी तुम्हारी बीवी बन-ना चाहती हू."

भिका ने शकुंतला का हाथ पकड़ा और उस पर अपने होठ टीका दिए. शकुंतला के पूरे शरीर में जैसे बीजली दौड़ गयी.

"ये सब अभी नही भिका बाद में."

"बस आपको अपना प्यार दिखाना चाहता था."

"वो तुम बहुत दीखा चुके हो…चलो अब सो जाओ. कल हम शादी कर लेंगे."

"कल ही कर लेंगे." भिका हैरान रह गया.

"जब तुम कहो तब कर लेंगे इसमे हैरान होने की क्या बात है."

"नही नही कल ही ठीक रहेगा. आपसे ज़्यादा दिन दूर नही रह पाऊंगा मैं अब."

"ठीक है. ठीक है सो जाओ अब तुम."

भिका का तो जैसे कोई बहुत बड़ा सपना सच हो गया. वो बहुत खुश था. खुश होने वाली बात ही थी. शकुंतला जैसी बीवी उसे कही नही मिल सकती थी.

भाग - 14

सविता तो सारी रात तड़पति रही. कभी इस करवट कभी उस करवट. उसकी जान तो बस ब्रजभूषण में अटकी थी. बार बार बस उसकी सलामती की दुआ कर रही थी. वो बेसब्री से सुबह होने का इंतेज़ार कर रही थी. जैसे ही मुर्ग ने बांग दी वो बिस्तर से उठ गयी. सुबह के कोई छह बज रहे थे. बाहर अभी भी हल्का हल्का अंधेरा था.सविता चुपचाप घर से निकली और ब्रजभूषण के घर की तरफ चल पड़ी. ब्रजभूषण को कुछ देर पहले ही होश आया था. आँखे खुलते ही वो खुद को अपने घर में पाकर हैरान रह गया.

"ओह तुम्हे होश आ गया. भगवान का लाख-लाख शूकर है." गिरधारी पंडित ने कहा.

"मैं यहा कैसे आया पिता जी मुझे तो वो पिशाच उठा कर ले गया था." ब्रजभूषण ने पूछा.

"जो हो गया सो हो गया छोड़ो ये सब. पिशाच का ख़ात्मा हो चुका है. अब वो यहा नही आएगा."

"ये सब कैसे हुवा?"

"सब भगवान की कृपा है. इस बारे में ज़्यादा मत सोचो. पिशाच के बारे में बाते करना ठीक नही होता."

"पर मैं जान-ना चाहता हूँ कि…ये सब कैसे हुवा?"

"पिशाच के पेट में त्रिशूल मारा हमने और वो ख़तम हो गया. फिर हम तुम्हे यहा ले आए." गिरधारी पंडित बड़ी चालाकी से बोल रहा था. वो झूठ भी बोल रहा था और सच भी. हम कह कर वो अपने मन से झूठ का बोझ हटा रहा था, हम वो भिका सविता और अपने संदर्भ में कह रहा था.. वो नही चाहता था कि सविता के बारे में ब्रजभूषण को कुछ भी पता चले. ब्रजभूषण अपने पिता का विश्वास कैसे ना करता. वो उनकी बहुत इज़्ज़त करता था.

"बेटा तुम आराम करो. मैं मंदिर जा रहा हूँ. और हां गाँव के किसी आदमी से बात करने की ज़रूरत नही है. सब घरो में घुस गये थे जब वो पिशाच तुम्हे ले जा रहा था."

"गाँव वाले डरे हुवे थे पिता जी और वैसे भी क्या कर सकते थे वो पिशाच का."

"जो भी हो तुम गाँव वालो से दूर ही रहना."

"मुझे तो वैसे भी यहा से जाना ही है पिता जी. मुझे वापिस अपने गुरु के आश्रम लोटना होगा." ब्रजभूषण ने कहा.

"तुम फिर से चले जाओगे?"

"हां पिता जी जाना ही होगा."

"ठीक है जैसी तुम्हारी मर्ज़ी. मैं मंदिर के लिए निकलता हूँ. उठ सको तो कुण्डी बंद कर लेना."

"आप जाओ मैं देख लूँगा." गिरधारी पंडित चला गया.

सविता बहुत अच्छे समय पर ब्रजभूषण से मिलने आ रही थी नही तो गिरधारी पंडित उसे घर में ना घुसने देता. सविता पहुँच तो गयी ब्रजभूषण के घर लेकिन दरवाजे पर पहुँच कर थिटक गयी. वो गिरधारी पंडित की वजह से घबरा रही थी. फिर भी उसने हिम्मत करके दरवाजा खाट खटाया.

"कौन है? आ जाओ दरवाजा खुला ही है." ब्रजभूषण ने अंदर से आवाज़ दी.

ब्रजभूषण की आवाज़ सुनते ही सविता की खुशी का ठिकाना नही रहा. उसने तुरंत दरवाजा धकैला और अंदर आ गयी.

"ब्रजभूषण तुम ठीक हो भगवान का लाख लाख शूकर है."

"मुझे क्या होना था. मैं बिलकुल ठीक हूँ. तुम इतनी सुबह सुबह यहा क्या कर रही हो." ब्रजभूषण ने कठोर शब्दो में कहा.

"मुझे तुम्हारी चिंता हो रही थी. बस तुम्हे देखने आई हूँ." "देख लिया ठीक से. हो गया तुम्हारा. अब जाओ यहा से और मुझे अकेला छोड़ दो." ब्रजभूषण की आवाज़ में कठोरता बरकरार थी.

"मैं बस तुम्हे देखने आई थी. क्या करूँ दिल से मजबूर हूँ." सविता की आँखे छलक उठी.

"देखो इस रोने धोने का मुझ पे कोई असर नही होगा. बेहतर यही होगा कि तुम यहा से चली जाओ." ब्रजभूषण ने कहा.

"जा रही हूँ ब्रजभूषण...जा रही हूँ...अपना ख्याल रखना." सविता आँखो में आसूँ लिए भारी कदमो से बाहर आ गयी.

इस बात से बिलकुल अंजान था कि सविता ही उसे अपनी जान पर खेल कर जंगल से बचा कर लाई है. वो तो बस हर हाल में सविता से पीछा छुड़ाना चाहता था. वो अपने सन्यास से कदापी भटकना नही चाहता था. सविता के दिल पर बहुत गहरी चोट लगी. इतनी गहरी की शायद उसके घाव कभी नही भर पाएगेँ. वो किसी तरह से घर पहुँच गयी और वापिस आकर बिस्तर पर गिर गयी. उसकी आँखे थमने का नाम ही नही ले रही थी. शायद एक यही रास्ता था उसके पास अपने गम को दूर करने का.

सुबह हो चुकी थी लेकिन भिका बहुत गहरी नींद में सोया था. हसीन सपने देख रहा था. नींद में ही उसे घंटी की आवाज़ सुनाई दी. वो अचानक उठ कर बैठ गया. “ये घंटी की आवाज़ कहा से आ रही है.”

“ऐसे ही सोते हो क्या देर तक तुम. तभी कहु क्यों हवेली अक्सर लेट पहुँचते थे तुम. उठ जाओ अब.”

भिका ने तुरंत घूम कर देखा. भिका के घर में उसने एक छोटा सा मंदिर बना रखा था जिसमे कि भोले नाथ की एक छोटी सी मूर्ति रखी थी. शकुंतला उस छोटे से मंदिर के आगे बैठी थी और धूपबत्ती लगा कर आरती कर रही थी.

“मेमसाब, तो आप बजा रही थी घंटी.”

“हां तुम्हे क्या लगा?”

“मुझे लगा मैं सपना देख रहा हूँ.”

“अच्छा है कि तुमने यही छोटा सा मंदिर बना रखा है. मुझे सुबह सेवेरे भगवान की आरती करना पसंद है.”

“बना तो रखा है पर मुश्किल से कभी ही इसमें धूप लगाता हूँ. आज बड़े दिनो बाद इसमें धूपबत्ती लगाई है आपने.”

“अबसे रोज लगेगी धूपबत्ती इसमें. चलो उठो और नहा धो लो.” शकुंतला ने मंदिर के आगे से उठते हुवे कहा.

“आप नहा ली क्या?”

“क्यों..क्या फिर से परदा उठा कर देखना था तुम्हे?”

“नही नही मैं वैसे ही पूछ रहा हूँ.” भीका ने शर्म से अपनी गर्दन नीचे झुका ली

“हां नहा ली हूँ मैं. नहा कर ही धूपबत्ती की जाती है. पता नही क्या ये तुम्हे.”

“ओह हां ये तो पता है…खि….खि” भिका हंसते हुवे अपनी चटाई से उठता है और बाहर आ जाता है.

शकुंतला चूल्हे पर रात की ही तरह नाश्ता तैयार करती है. एक बहुत ही सुंदर सा रिश्ता बनता जा रहा है भिका और शकुंतला के बीच. नाश्ता करने के बाद भिका कहता है,

“मेमसाब मुझे जाना होगा अभी.”

“कहा जाना होगा?” शकुंतला ने पूछा.

“मुझे स्वामी जी की चिंता हो रही है. पता नही उन्हे होश आया है या नही. जा कर देख आता हूॅ.”

“हां तुम देख आओ…मैं भी उनके बारे में जान-ना चाहती हूॅ.”

“ओह हां…आप कह रही थी कि आज शादी करेंगे”

“तुम हो आओ पहले…फिर देखते हैं…शादी तो हम कर ही लेंगे.”

“वही मैं भी कह रहा था. आज ही आज सब मुमकिन नही होगा.”

“तुम हो आओ पहले फिर देखते हैं.” शकुंतला ने कहा.

भिका ब्रजभूषण की हालत जान-ने के लिए उसके घर के लिए निकल पड़ता है. रास्ते में उसे कुछ लोग दीखाई दिए. वो कुछ बाते करते जा रहे थे जो कि भिका ने सुन ली. “बड़ा बुरा हुवा ठाकुर के साथ. एक-एक करके सब चले गये हवेली से. बड़ी मनहूस हवेली है.”

“हां भाई अब तो उस तरफ जाते हुवे भी डर लगेगा.”

भिका ने उन्हे रोका और पूछा,”क्या हुवा हवेली में भाई”

“ठाकुर भवानी प्रताप सिंग चल बसे. अब हवेली बिलकुल सुन्सान हो गयी है.” लोग बाते करते करते आगे निकल गये. भिका वही खड़ा खड़ा गहरी चिंता में खो गया.

“अब कुछ दिन हम शादी नही कर पाएगेँ. ऐसे में शादी करना ठीक नही रहेगा. चल कर स्वामी जी को देखता हूँ पहले. फिर घर जा कर ये बात बताऊंगा मेमसाब को.”

भिका ब्रजभूषण के घर पहुँचता है. घर के बाहर ही उसे गिरधारी पंडित मिल जाता है.“क्या करने आए हो यहा. मुझे पोंगा पंडित बोल के गये थे कल…हा.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“छोड़िए ये सब पंडित जी. मैं आपसे किसी बहस में नही पड़ना चाहता. आप ठहरे ज्ञानी पंडित और मैं ठहरा मूर्ख अज्ञानी. मैं तो यहा स्वामी जी का हाल चाल जान-ने के लिए आया हूँ.”

“ठीक है वो अब. होश आ गया था उसे सुबह. अभी दवाई ले कर लेटा है.”

“क्या मैं मिल सकता हूँ स्वामी जी से.”

“मेरे घर में तो तुम्हे घुसने नही दूँगा मैं. चुपचाप यहा से चले जाओ तो अच्छा है.”

“मैं तुम्हे देखते ही समझ गया था कि यही होना है. तुम सच में पोंगे पंडित हो. तुम्हारे जैसा धूर्त पंडित मैने आज तक नही देखा.”

“दफ़ा हो जाओ यहा से.” गिरधारी पंडित चील्लाया.

“जाता हूँ जाता हूँ. स्वामी जी के कारण चुप हूँ वरना अभी पटक देता तुम्हे हा.” भिका वहां से चल देता है. भिका वापिस अपने घर आ जाता है.

“कैसे हैं स्वामी जी?” शकुंतला ने पूछा.

“वो तो ठीक हैं लेकिन ठाकुर साहिब चल बसे.”

“क्या! कब हुवा ये सब.” शकुंतला का मूह खुला का खुला रह गया.

“वो तो नही पता…लेकिन अब हम थोड़े दिन शादी नही कर पाएगेँ मेमसाब.”

“कोई बात नही. भगवान उनकी आत्मा को शांति दे. शादी तो हमारी हो ही जाएगी देर सबेर.” एक तरह से ठाकुर का सम्राज्य गावँ से ख़तम हो चुका था. ये बात शकुंतला और भिका के लिए भी अच्छी थी और केशव और दमयंती के लिए भी. वरना बहुत दिक्कत आ सकती थी उन्हे.

इधर सविता अभी तक बिस्तर पर पड़ी थी. उठना बहुत मुश्किल हो रहा था उसके लिए. सारी रात नींद तो आई नही थी. बहुत ज़्यादा थकी हुई थी.

“क्या बात है सविता? आज कुछ खाने को नही दोगि क्या?” बंसीलाल ने पूछा.

सविता धीरे से बिस्तर से उठती है और कहती है, “अभी तैयार करती हूँ पिता जी.”

“बात क्या है. बहुत थकी थकी सी लग रही है तू.”

“कुछ नही पिता जी बस यू ही.”

“बहुत भूक लगी है मुझे.”

“बस अभी लाती हूँ पिता जी आप बैठिए.” सविता अपने

पिता के लिए तो खाना बना देती है लेकिन वो अब भी खुद कुछ नही खाती. कुछ भी खाने का मन ही नही है उसका. प्यार का घाव कुछ ऐसा ही होता है. जखम भरने में कुछ वक्त तो लगता ही है. वक्त के साथ साथ सविता संभालने लगती है. धीरे धीरे एक हफ़्ता बीत जाता है.

भाग - 15

अब गाँव में ठाकुर की सत्ता ख़तम हो चुकी थी तो केशव दमयंती को लेकर अपने घर ही आ गया.

"ह्म्म तो तुम हो सविता. बहुत तारीफ़ करते हैं तुम्हारे भैया तुम्हारी. नज़र ना लग जाए मेरी तुम्हे बहुत सुंदर हो तुम तो." सविता दमयंती की बात सुन कर हल्का सा मुस्कुरा दी.

"मैं भी आपको पहली बार देख रही हूँ भैया रहते तो थे खोए खोए पर ये नही पता था कि आपके प्यार में खोए है. भगवान आपके प्यार को सलामत रखे."

"मैने सुना की तुमने उस दरिंदे पिशाच को मार दिया. कैसे किया तुमने ये सब." दमयंती ने कहा.

"मुझे खुद नही पता. बस हो गया." सविता ने कहा.

ये तो सविता के प्यार की ताक़त थी जिसने ब्रजभूषण को बचा लिया. इसको किसी को समझाया नही जा सकता था. केशव ने सविता को बाहों में भर लिया और बोला,

"बड़ी अनोखी है मेरी बहना. ये कुछ भी कर सकती है." दमयंती बहन भाई का प्यार देख कर मुस्कुरा पड़ती है.

"कब शादी कर रहे हो आप दोनो?" सविता ने पूछा.

"जब तुम कहोगी सविता…बताओ कब करें, सारी तैयारी तो तुम्हे ही करनी है." केशव ने कहा.

"मैं आप दोनो के साथ हूँ भैया. बहुत खुश हूँ मैं आप दोनो के लिए. जो भी मुझसे बन पड़ेगा मैं करूँगी."

"अभी शादी नही कर सकते हम कुछ दिन, ठाकुर साहिब का निधन हुवा है अभी अभी. दमयंती भी थोड़ा गम में है. थोड़ा रुक कर करेंगे. लेकिन तब तक दमयंती यही रहेगी तुम्हारे साथ."

"बिलकुल रहे यही. मुझे बहुत अच्छा लगेगा. वैसे भी बहुत अकेली महसूस करती हूँ मैं यहा. मैं चाय लाती हूँ." सविता ने कहा. सविता चाय लेने चली गयी. सविता के जाते ही केशव ने दमयंती को बाहों में भर लिया.

"आज रात अपने घर में मज़े करेंगे." केशव ने कहा.

“शादी होने तक तुम्हे पास भी नही भटकने दूँगी मैं अब. वहां भुवन के घर तुम्हारा मन नही भरा. रोज रात को मुझे परेशान करते थे.”

“क्या करू मेरा दिल ही नही भरता तुमसे. जितनी बार तुम-मे समाता हू ँऔर इच्छा होती है करने की. शायद मिलन ऐसा ही जादू करता है.”

“अब तुम्हे कुछ नही मिलने वाला जनाब. वैसे भी मैं यहा सविता के साथ लेटुंगी. तुम्हारे साथ नही.”

“क्यों?”

“पागल हो क्या. शादी से पहले सब के सामने अच्छा लगेगा क्या?”

“सब सो जाएगेँ तभी ना करेंगे हम. तुम भी कैसी बात करती हो. वैसे भी कुछ दिनो से तो तुम गम में डूबी हो. कहा नज़दीक आने दिया तुमने मुझे.”

सविता कमरे में आती है तो केशव और दमयंती को देख कर खाँसती है, “उः..उः..चाय तैयार है.”

केशव फ़ौरन दमयंती को अपनी बाहों से आज़ाद कर देता है. दमयंती केशव को चुटकी काट-ती है.

“करा दी ना मेरी बेज़्जती तुमने? क्या सोचेगी सविता.” दमयंती ने धीरे से कहा.

सविता ने ये सुन लिया. “मैं कुछ नही सोचूँगी भाबी. ग़लती मेरी ही थी. मैं बिना दरवाजा खड़काए अंदर आ गयी मैं कुछ खाने को बनाती हू.ँ आप दोनो तब तक बाते करो.”

“हां सविता बहुत अच्छा सा खाना बना दे आज. पहली बार आई है दमयंती घर. इसको पता चलना चाहिए कि मेरी बहना बहुत अच्छा खाना बनाती है.” सविता मुस्कुराते हुवे बाहर आ जाती है और चूल्हा तैयार करती है.

ब्रजभूषण अब बिलकुल ठीक हो चुका है और अब वो गाँव से जाने की तैयारी में है. गिरधारी पंडित उसे रोकने की कोशिश तो करता है पर वो नही मानता. "मुझे मेरे गुरु के पास जाना होगा पिता जी. आपको पता ही है कि मैने सन्यास ले लिया है. यहा मेरे अध्यातम का विकास नही हो पाएगा. तरह तरह के भटकाव हैं यहा. जब से यहा आया हू ँ क्रोध, घृणा पता नही क्या क्या आ गया है मेरे अंदर. यहा थोड़े दिन और रुका तो मेरा अध्यात्मिक विकास रुक जाएगा. मुझे यहा से जाना ही होगा."

"जैसी तुम्हारी मर्ज़ी बेटा. रोकुंगा नही तुम्हे. लेकिन कभी कभी अपने बूढ़े बाप को देखने आते रहना. अकेला हू ँयहा, तेरे सीवा मेरा कौन है."

"आता रहूँगा पिता जी. ज़रूर आता रहूँगा. ये भी क्या कोई कहने की बात है." ब्रजभूषण घर से बाहर निकलता है और चारो तरफ देखता है. "भगवान इस गाँव में सुख शांति बनाए रखे. पिता जी ठीक है मैं चलता हू.ँ सफ़र थोड़ा लंबा है, मुझे अभी निकलना होगा."

"ठीक है बेटा अपना ख्याल रखना." ब्रजभूषण चलने लगता है. लेकिन तभी उसे पीछे से आवाज़ आती है.

"स्वामी जी!"

ब्रजभूषण मूड कर देखता है. "भिका कहा थे तुम. मिलने भी नही आए एक बार भी."

भिका दौड़ कर ब्रजभूषण के पास आता है और कहता है, "आया था स्वामी जी लेकिन मुझे आपसे मिलने नही दिया गया."

"जाओ बेटा. तुम्हे देर हो रही है. इन गाँव वालो से इतना मूह मत लगो." गिरधारी पंडित ने कहा.

"कैसी बात करते है आप पिता जी. ये सब अच्छा नही लगता मुझे....हां भिका बताओ कैसे हो तुम. अब तो गाँव में शांति है ना." ब्रजभूषण ने कहा.

"कह नही सकता स्वामी जी, बहुत खुशी हुई आपको बिलकुल ठीक ठाक देख कर. रही गाँव की बात, जिसमे देवी समान सविता रहती हो वहां अशांति ज़्यादा दिनो तक टिक नही सकती."

"ये क्या बोल रहे हो सविता ने क्या कर दिया ऐसा?" ब्रजभूषण ने हैरानी में पूछा.

"क्या आपको पंडित जी ने कुछ बताया नही. ये तो धूर्त पने की हद पार कर दी पंडित जी ने."

"बेटा तुम जाओ यहा से ये पागलो जैसी बाते कर रहा है." गिरधारी पंडित ने कहा.

“रुकिये पिता जी…भिका ये सब क्या है. कहना क्या चाहते हो तुम.”

“स्वामी जी पिशाच आपको जंगल में उठा ले गया था. गाँव के सारे लोग घरो में घुस्स गये थे. किसी ने कोई मदद नही की. आपके पिता श्री भी कुछ करने का विचार नही रखते थे. इन्होने तो आपको मरा मान लिया था.”

“ऐसा कुछ नही है ब्रजभूषण ये झूठ बोल रहा है.” गिरधारी पंडित बीच में बोल पड़ा.

“रुकिये पिता जी कहने दीजिए इसे.” ब्रजभूषण बहुत उत्सुक था सब कुछ जान-ने के लिए.

“मैं झूठ नही बोल रहा स्वामी जी. झूठ बोल कर मुझे क्या कोई इनाम मिलेगा?. स्वामी जी ये तो सविता थी जिसने हिम्मत नही हारी थी. उसी ने पंडित जी से प्रार्थना करके कुछ उपाय पूछा. इन्होने बताया की भोले नाथ के त्रिशूल से ख़ात्मा हो सकता है पिशाच का. बस फिर क्या था. सविता त्रिशूल ले कर अकेले ही निकल पड़ी जंगल की ओर.”

“मैं नही गया था क्या.” गिरधारी पंडित गुस्से में बोला.

“आपने तो और मुसीबत ही बढ़ाई थी. रास्ते पर ढोता रहा मैं आपको. सविता अकेली रह गयी थी. आपके साथ होने की बजाए मुझे सविता के साथ होना चाहिए था.”

“हां आगे बताओ फिर क्या हुवा.” ब्रजभूषण ने कहा.

“स्वामी जी पता नही सविता ने कैसे किया ये सब लेकिन वो जंगल में पिशाच के ठीकाने तक पहुँच ही गयी. ना केवल उसने पिशाच को मारा बल्कि अपनी पीठ पर ढो कर आपको गाँव तक लाई. सीधा वैद्य के पास ले गयी थी वो आपको. मुझे तो सविता किसी देवी से कम नही लगी. ऐसा काम कोई आम इंसान नही कर सकता.”

पूरी कहानी सुन कर ब्रजभूषण की आँखे भर आई और उसकी आँखे टपकने लगी. ब्रजभूषण की आँखो में आसूँ देख कर भिका ने पूछा, “क्या हुवा स्वामी जी आपकी आँखो में आसूँ. मैने कुछ ग़लत कह दिया क्या?”

“नही भिका तुमने बहुत अच्छा किया जो ये मुझे बता दिया. मैं तो खुद पे रो रहा हू.ँ सविता सही कहती थी ‘इतना भी उपर नही उठा मैं’. बहुत बड़ा अनर्थ हो गया है मुझसे.”

भिका को कुछ समझ नही आ रहा था. समझता भी कैसे उसे बिलकुल नही पता था कि ब्रजभूषण और सविता के बीच क्या चल रहा है.

“बेटा तुझे जो समझना है तू समझ. बस इतना ध्यान रखना कि मैं तेरा पिता हूँ और ये गाँव वाले तेरे कुछ नही लगते.”

“पिता जी बस कुछ और ना कहें मेरा दिल बहुत व्यथित है. जो पाप मुझसे हुवा है मैं उसके लिए खुद को कभी माफ़ नही कर पाऊंगा.”

“ऐसा क्यों बोल रहे हो बेटा. ऐसा क्या हो गया?” गिरधारी पंडित ने पूछा.

“हाँ स्वामी जी ऐसा क्यों कह रहे हैं.” भिका ने भी पूछा.

“आप लोग नही समझेंगे. मुझे अभी सविता से मिलना होगा…वरना भगवान मुझे कभी माफ़ नही करेंगे.” ब्रजभूषण ने कहा और सविता के घर की तरफ चल पड़ा.

“पागल मत बनो वो कोई देवी-वेवी नही है. तुम्हे देर हो जाएगी…कहा जा रहे हो?”

“जाने दो उन्हे पोंगे पंडित…क्यों हमेशा बेकार की बाते करते हो.” भिका ने कहा.

“तू दफ़ा हो जा यहा से. मैं तेरी शकल भी नही देखना चाहता मक्कार कही का.”

“हा..हा..हा मक्कारी खुद करते हो और मक्कार मुझे बोलते हो…पोंगे पंडित.” भिका कह कर चल दिया.

गिरधारी दाँत भींच कर रह गया. ब्रजभूषण जब सविता के घर पहुँचा तो वो अपने घर के बाहर चूल्हे के सामने बैठी खाना बना रही थी. उसकी पीठ ब्रजभूषण की ओर थी इसलिए उसे पता ही नही चला की ब्रजभूषण उसके पीछे खड़ा है. कुछ देर तक ब्रजभूषण सविता को चुपचाप खड़े हुवे देखता रहा. उसे समझ नही आ रहा था कि सविता को क्या कहे. स्वामी लोग भी कभी कभी अजीब दुविधा में पड़ जाते हैं. सविता तो अपने काम में खोई थी. चूल्हे में आग ठीक से जल नही रही थी इसलिए वो फूँक मार रही थी चूल्हे में. धुंवा ही धुंवा हो रखा था. हाथो में उसके राख लगी थी. धुवे के कारण बार बार आँखो में आसूँ आते थे और वो हाथ से आसूँ पोंछने की कोशिश करती थी. चेहरे पर भी राख लग गयी थी उसके.

“बहुत व्यस्त हो काम में. मेरी तरफ मूड कर नही देखोगी क्या.” अचानक अपने पीछे आवाज़ सुन कर सविता घबरा गयी और फ़ौरन खड़ी हो गयी. वो एक शब्द भी नही बोली. शायद बोल ही नही पाई. उसने बस अपने दिल पर हाथ रख लिया. बहुत जोरो से धड़क रहा था दिल उसका. उसे विश्वास ही नही हो रहा था की ब्रजभूषण वहां खड़ा है.

“दिन में भी सपने देखने लगी हूँ मैं अब” सविता ने कहा और मूड कर वापिस चूल्हे के सामने बैठ गयी.

"मैं सपना नही हूँ सविता, मैं तुमसे मिलने आया हूँ." ब्रजभूषण ने कहा.

अब तो सविता को विश्वास करना ही पड़ा. वो खड़ी हुई और बोली, "ब्रजभूषण तुम्हे बिलकुल ठीक देख कर मुझे जो खुशी मिल रही है मैं शब्दो में नही कह सकती. बिलकुल ठीक हो ना तुम अब. कही कोई तकलीफ़ तो नही है."

"बस अब रुलाओगि क्या तुम मुझे. क्यों करती हो इतना प्यार मुझे तुम. मैं तुम्हारे प्यार के लायक नही हूँ सविता. नही हूँ मैं लायक तुम्हारे प्यार के." ब्रजभूषण भावुक हो उठा.

"मेरे हाथ में नही है ब्रजभूषण... नही है मेरे हाथ में. और तुम्हे प्यार करना तो सौभाग्य है मेरा."

"मैने तुम्हे डाटँ कर भगा दिया था उस दिन. आज मुझे भिका ने बताया कि कैसे तुम मुझे जंगल से लेकर आई. क्या करूँ मैं अब ? मैं जा रहा था अपने गुरु के पास. लेकिन अब ये जींदगी तो तुम्हारी हो गयी. कैसे जाऊंगा मैं अब. "

"तुम जाओ ब्रजभूषण. खुशी खुशी जाओ मेरा प्यार तुम्हारे पावँ की बेड़िया नही है. मैं शायद स्वार्थी हो गयी थी जो हर वक्त बस अपना ही सोचती थी. पर अब नही. प्यार सिर्फ़ मिलन का नाम नही है. बिछड़ना भी प्यार ही है. तुम हमेशा मेरे दिल में रहोगे. तुम्हे निकाल नही पाऊंगी दिल से. तुम खुशी खुशी जा सकते हो ब्रजभूषण. अब मैं समझ गयी हूँ की मुझे तुम्हारे मकसद में रोड़े नही अटकाने चाहिए. मुझसे जो भी भूल हुई उसके लिए मैं तुमसे माफी चाहती हूँ."

"क्या तुम सच कह रही हो?"

"क्या कभी झूठ बोला है मैने तुमसे. तुम्हारे सर की कसम. जाओ तुम अपनी मंज़िल को हासिँल करो. तुम्हारे लिए मेरा प्यार हमेशा बना रहेगा. मुझे तुमसे कोई गिला शिकवा नही है."

"मैं जा ही रहा था. अच्छा हुवा जो भिका ने मुझे सब कुछ बताया और मैं तुमसे मिलने आ गया. अब मैं दिल पर बिना कोई बोझ लिए जा सकता हूँ. मुझे देर हो रही है क्या मैं निकलु."

"अगर ऐसा है तो तुरंत निकलो ब्रजभूषण वरना मुझे तुम्हारी चिंता रहेगी. बस जहा भी रहना अपना ख्याल रखना. भगवान तुम्हे वो सब दे जो तुम पाना चाहते हो."

"मैं किस मूह से तुम्हारा शुक्रिया करूँ."

"उसकी कोई ज़रूरत नही है ब्रजभूषण. मेरी जगह तुम होते तो तुम भी यही करते. जाओ अब देर मत करो."

“हां मैं चलता हूँ सविता. तुम भी अपना ख्याल रखना.” ब्रजभूषण मूड कर चल देता है.

सविता उसे जाते हुवे देखती रहती है. ब्रजभूषण पीछे मूड कर देखता है तो दोनो प्यार भरी मुश्कान से देखते हैं एक दूसरे को. धीरे धीरे ब्रजभूषण सविता की आँखो से ओझल हो जाता है. ना चाहते हुवे भी सविता की आँखे भर आती है. “खुश रहना ब्रजभूषण. जहा भी रहो खुश रहना” सविता आसुँओ को पोंछते हुवे कहती है.

भाग - 16

जैसे जैसे दिन गुजरते है मौसम भी करवट बदलने लगता है. आसमान में घने बादल छा जाते हैं. भिका अपने खेतो में कुछ बो रहा था.

“पहले तो अकेला था मैं. अब मेमसाब भी हैं. खूब मेहनत करनी होगी मुझे खेतो में.” भिका आसमान की तरफ देखता है. “अफ लगता है बड़े जोरो की बारिश आने वाली है. जल्दी से घर चलता हूँ वरना मेमसाब के लिए जो तोहफा लिया है वो भीग जाएगा.”

भिका घर की तरफ भागता है. लेकिन रास्ते में ही जोरो की बारिश शुरू हो जाती है. लेकिन फिर भी वो खुद तो भीग जाता है लेकिन किसी तरह से तोहफे को भीगने से बचा लेता है.

“आ गये तुम कहा रह गये थे?” भिका ने तोहफा अपने पीछे छुपा रखा था.

“पहले आँखे बंद कीजिए.”

“क्या बात है?” “कीजिए तो मेमसाब.” शकुंतला आँखे बंद कर लेती है.

“अब हाथ आगे कीजिए.” शकुंतला हैरत में हाथ भी आगे कर लेती है. भिका शकुंतला के हाथ में एक सुंदर सी साड़ी रख देता है.

“इतनी प्यारी साड़ी…कहा से लाए.”

“खरीद कर लाया हूँ मेमसाब.” शकुंतला खुशी से भिका के गले लग जाती है.

“मेरे कपड़े गीले हैं मेमसाब और मौसम भी खराब है. ऐसे में गले लगेंगी आप तो कही मैं उत्तेजित ना हो जाऊ.”

“घबराओ मत डंडा तैयार है.”

“फिर ठीक है.” दोनो ठहाका लगा कर हसँने लगते हैं.

“बहुत प्यार करने लगी हूँ मैं तुम्हे पता नही क्यों” शकुंतला ने कहा.

“मेरी भी कुछ ऐसी ही हालत थी. खेतो में हर पल आपका ही ख्याल आ रहा था. मेमसाब मीटा दो ना ये दूरिया. कब तक हम शादी का इंतेज़ार करेंगे.” भिका के लिंग में उत्तेजना होने लगी थी और वो अब शकुंतला को चुभ रहा था.

“नही भिका अभी नही. मैं तब तक तुम्हे खुद को समर्पित नही कर सकती जब तक हम पति पत्नी ना बन जाए. बुरा मत मान-ना लेकिन मेरे विचार में अभी ये सब ठीक नही है.”

“क्या मैं आपको चूम सकता हूँ…होंटो पर.”

“रोकूंगी नही तुम्हे पर बात तो वो भी वही रहेगी. क्या तुम थोड़ा और इंतेज़ार नही कर सकते. मैं बिना किसी ग्लानि के खुद को तुम्हे समर्पित करना चाहती हूँ और ये तभी होगा जब तुम मेरी माँग में सिंदूर भर दोगे.”

“माफ़ कीजिए मेमसाब…मैं उत्तेजित हो कर ये सब बोल बैठा. ये उत्तेजना बहका देती है मुझे. पर हम जैसे अब हैं वैसे तो रह सकते हैं. बड़ा सुकून मिलता है आपके करीब मेमसाब.”

“हां इतना तो ठीक है. लेकिन दिक्कत यही है कि तुम्हारा वो बार बार तन जाता है मेरी तरफ और मुझे डर लगता है की कही हम बहक ना जायें. अगर उसे थाम लो तो हम एक दूसरे के करीब रह सकते हैं.”

“वो तो मेरे बस में है ही नही आप जान ही गयी होगी अब तक. आप बस डंडा रखो हाथ में शायद कुछ बात बन जाए.”

“नही अब मैं अपने होने वाले पति पर डंडा नही बरसाउंगी.”

“ऐसा है क्या मेमसाब. मुझे तो ऐसा लगता था कि मुझे पीटाई के लिए तैयार रहना होगा हर वक्त.”

“ये मेमसाब कहना कब छोड़ोगे तुम. अब तुम्हारी मेमसाब नही हूँ मैं बीवी बन-ने वाली हूँ तुम्हारी.”

“छूट जाएगी धीरे धीरे मेमसाब आओ थोडा यू ही बिस्तर पर लेट-ते हैं.” भिका शकुंतला को बाहों में लिए हुवे बिस्तर की तरफ बढ़ता है.

शकुंतला तुरंत भिका की बाहों से आज़ाद हो जाती है और कहती है “ना बाबा बिस्तर पर नही जाऊंगी तुम्हारे साथ. मौसम बेईमान है और तुम्हारा वो तना हुवा है. तुम्हारे बस में कुछ है नही. कुछ ऐसा वैसा हो गया तो……ऐसे में तुमसे दूर ही रहना ठीक है.”

“देखता हूँ कब तक बचेंगी आप. कभी तो आपको आना ही होगा मेरे बहुत…बहुत…बहुत करीब.”

“ये शादी के बाद ही हो पाएगा.”

“अफ कब होगी ये शादी” भिका सर खुजाता हुवा बिस्तर पर गिर गया.

“अरे गीला मत करो मेरा बिस्तर…उठो कपड़े बदलो पहले.”

“आप वो साड़ी पहन के दीखाओ ना.”

“उसके लिए तुम्हे बाहर जाना होगा और बाहर बारिश हो रही है.”

“मैं आखेँ बंद कर लेता हूँ आप पहन लो.”

“नही नही तुम्हारी आखेँ खुल गयी तो…बाद में पहनूँगी…चलो तुम कपड़े बदल लो.”

“मैं कैसे बदलू आप हो ना यहा.”

“ओह हां ये तो दिक्कत हो गयी.”

“दिक्कत की कोई बात नही है. आप दूसरी तरफ घूम जाओ मैं अभी बदल लेता हूँ कपड़े.”

“ठीक है लो मैं घूम गयी…हे..हे..हे.” भिका कपड़े बदलने लगा.

“क्यों ना मैं भी तुम्हे देख लू जैसे तुमने मुझे देखा था.”

“नही मेमसाब ऐसा मत करना…बस थोड़ी देर रूको….हां बस हो गया. घूम जाओ आप अब.”

“बड़ी जल्दी पहन लिए कपड़े.” “

डरा जो दिया था.” और दोनों हसने लगते है

इस जैसी छोटी छोटी सुंदर सी घटनाए शकुंतला और भिका के बीच का रिश्ता और प्यार दोनो और ज़्यादा निखरते जा रहे थे. एक अद्भुत प्यार पनप रहा था उनके बीच जो की बहुत ही सुंदर और अनमोल था.

बारिश के कारण गाँव के बाहर एक बड़े से वृक्ष के नीचे बैठा था. रह रह कर उसे सविता का ख़याल आ रहा था. "सविता मुझसे बहुत उपर उठ गयी प्यार में. मैने उसे क्या कुछ नही कहा और वो बस अपने प्यार का दामन थामे रही. आज तो हद ही कर दी उसने. मुझे यकीन नही था की वो इस तरह मुझे अपने प्यार के बंधन से आज़ाद कर देगी. जा तो रहा हूँ मैं सविता को छोड़ कर अपने अध्यातम की ओर. पर क्या सच में अध्यातम सविता के प्यार से ज़्यादा अनमोल है. मैं क्या करूँ कुछ समझ नही आ रहा. ये किस दुविधा में डाल दिया भगवान ने मुझे. सविता ने मुझे आज़ाद तो कर दिया लेकिन अब लग रहा है कि मैं और ज़्यादा जकड़ गया हूँ उसके प्यार में. प्यार बहुत अनमोल है उसका. वैसा प्यार शायद ही कोई कर पाएगा किसी को. मैं ऐसा प्यार छोड़ के जा रहा हूँ अध्यातम की और. पता नही कितना सही हूँ मैं. मगर ना जाने क्यों ऐसा लग रहा है कि कुछ बहुत ही अनमोल चीज़ पीछे गाँव में ही रह गयी. हे प्रभु मुझे माफ़ करना अगर मैं कुछ ग़लत सोच रहा हूँ. मुझे रास्ता दीखायें प्रभु मुझे कुछ समझ नही आ रहा कि मैं क्या करूँ."

सविता भी परेशान थी. उसकी परेशानी का कारण ये था कि बारिश बहुत तेज हो रही थी और उसका ब्रजभूषण सफ़र पे निकला हुवा था.

"क्या करूँ मैं भीग जाएगा ब्रजभूषण इस बारिश में. ये बारिश भी आज ही होनी थी. कुछ दिन रुक नही सकती थी." बहुत ही गहरा प्यार था सविता का.

ब्रजभूषण के दिमाग़ में अजीब कसम्कश चल रही थी. एक स्वामी उलझा हुवा लग रहा था. ऐसा अन्तर द्वन्ध उसने अपनी जींदगी में पहले कभी नही देखा था. ये सब स्वाभाविक भी था. ब्रजभूषण समझ चुका था कि सविता का प्यार बहुत अनमोल है जिसका कोई मुल्य नही है. लेकिन ब्रजभूषण अपने अध्यातम से भटकने के लिए भी कदापि तैयार नही था. पर एक बात ज़रूर थी. पहले सविता का प्यार उसके अध्यातम के आगे कुछ नही था. लेकिन अब वो प्यार अध्यातम के आगे सीना ताने खड़ा था. यही ब्रजभूषण की उलझन का कारण था.

सविता तो यही दुवा कर रही थी कि बारिश थम जाए और ब्रजभूषण सुख शांति से अपना सफ़र पूरा करे. वो भाग कर ब्रजभूषण के सर पर अपना आँचल रख देना चाहती थी ताकि वो बारिश से बचा रहे. पर वो ये सोच ही सकती थी. इसलिए बारिश के थमने की दुवा कर रही थी बार-बार.

बारिश थम गयी और ब्रजभूषण अपने जिगर को कड़ा करके अपने सफ़र पर निकल पड़ा. "यही माया है ब्रजभूषण जो इंसान को जीवन मारन के चक्कर में फंसाती है. प्यार के प्रलोभन को त्याग कर मुझे आगे बढ़ना होगा." ब्रजभूषण चलते हुवे सोच रहा था.

ब्रजभूषण बढ़ता गया आगे और दो दिन में अपने गुरु के आश्रम पहुँच गया.

ब्रजभूषण के गुरु बहुत ज्ञानी थे. ब्रजभूषण ने अध्यातम का सारा ज्ञान उन्ही से सीखा था. उन्ही के साथ वो तीन साल पहले गावँ छोड़ कर आया था. वो गिरधारी पंडित को बिना बताए चल पड़ा था अपने गुरु के साथ क्योंकि वो जानता था कि उसके पिता उसे कभी नही जाने देंगे.

आश्रम पहुच कर ब्रजभूषण गावँ की सारी बाते भूल कर ध्यान और समाधी में लीन हो गया. ज़्यादा तर वक्त उसका ध्यान धारणा में ही गुज़रता था.

गावँ में सविता भी अपने जीवन में कुछ अद्भुत कर रही थी. ब्रजभूषण के अध्यातम से प्रेरित हो कर उसका भी झुकाव अध्यातम की ओर होने लगा था. ऐसा इस लिए हुवा क्योंकि वो उत्सुक थी ये जान-ने के लिए कि ऐसा क्या है अध्यातम में जो कि उसका ब्रजभूषण उसके प्यार को त्याग कर चला गया. वो घर के सभी काम करके रात को जल्दी अपने कमरे में आ जाती थी ताकि समाधी में लीन हो सके. अपनी चारपाई के पास ही सविता एक चटाई बिछा कर उस पर आँखे बंद करके बैठ जाती थी. सीखा नही था उसने किसी से कुछ भी. बस खुद ही लगी रहती थी. लेकिन उसे ऐसा कुछ ख़ास अहसास नही हुवा, जिसके लिए वो ध्यान और समाधी को जारी रखे. लेकिन उसकी उत्सुकता ने उसे रुकने नही दिया और वो रोज हर हाल में आँखे बंद करके बैठने लगी.

कहते हैं कि प्यार करने वाले को आँखे बंद करके अपने ब्रजभूषणी का चेहरा दीखाई देता है. ऐसा ही रोज होता था सविता के साथ. वो रोज आँखे बंद करती और रोज उसे ब्रजभूषण ही दीखाई देता. उसे पता ही नही चला और उसने ब्रजभूषण पर ही ध्यान लगाना शुरू कर दिया. एक दिन वो ब्रजभूषण में इतनी लीन हो गयी कि समाधी में बहुत गहरे उतर गयी. ये पहली बार हुवा था. जब उसने आँखे खोली तो उसे अहसास हुवा कि वो जन्नत की सैर करके आई है. बहुत सुकून और शांति का अहसास हुवा था उसे.

फिर क्या था उसे तो रोज ही ब्रजभूषण पर ध्यान लगाने का चस्का लग गया. और इस तरह प्रेमसाधना की शुरूवात हुई. ये ऐसी प्रेमसाधना थी जिसने सविता को अध्यातम में ब्रजभूषण से भी कही आगे निकाल दिया था. पर सविता को इन बातो का कोई अहसास नही था. वो तो बहुत खुश थी प्रेमसाधना के कारण. अपने ब्रजभूषण के करीब जो महसूस करती थी वो खुद को प्रेमसाधना करके.

ब्रजभूषण तो सविता की प्रेमसाधना से बिलकुल अंजान था. लेकिन वो रोज अपने अंदर कुछ अजीब सी हलचल महसूस करता था. जब वो समाधी में लीन होता था तो उसे ऐसा लगता था कि कोई उसे खींच रहा है…पता नही कहा. आँखे खुलने पर भी उसे इस खींचाव का अहसास रहता था. लेकिन वो इसका कारण नही जान पा रहा था. ब्रजभूषण ने अपने गुरु से भी बात की इस बारे में लेकिन वो भी कुछ समाधान नही बता पाए.

“हर किसी को समाधी में अलग अहसास होते हैं. तुम अपने ध्यान में लगे रहो ये खींचाव चला जाएगा खुद ही. मन में कोई शंका मत आने तो. शंका ही इंसान को डुबाती है.” ब्रजभूषण के गुरु ने कहा.

भाग - 17

मंदिर में शादी हो रही थी. केशव और दमयंती अग्नि के फेरे ले रहे थे. बड़ी मुश्किल से माना था गिरधारी पंडित शादी करवाने के लिए. गाँव में उसकी विधि विधान चलती थी. इसलिए ज़्यादा अकड़ थी उसकी. मोटी रकम झाड़ी उसने केशव से तब कही शादी करवाने के लिए तैयार हुवा.

सविता, केशव और दमयंती को फेरे लेते देख बहुत खुश थी. मधाम मधाम मुस्कुरा रही थी हर पल वो उन्हे देख कर.

भिका और शकुंतला भी खड़े थे वही पास ही. शकुंतला भी दमयंती के लिए खुश थी. दमयंती का कन्यादान भिका ने किया.

जब फेरे पूरे हुवे तो शकुंतला ने दमयंती को गले लगा लिया.

"भाबी आप यहा आई बहुत अच्छा लगा मुझे." दमयंती ने कहा.

"क्यों नही आती मैं. मुझे खुशी है कि तू अपने मन पसंद लड़के से शादी कर रही है." शकुंतला ने कहा.

"केशव ने मुझे बताया कि आप भी शादी कर रही हैं भिका से." दमयंती ने कहा.

"हां कर रही हूँ. तुम्हे बुरा तो नही लगेगा ना." शकुंतला ने कहा.

"बुरा क्यों लगेगा भाभी भिका बहुत अच्छा है. आप लोग भी अभी निपटा दो ने ये काम यही पर. देर क्यों कर रहे हैं. सब लोग भी हैं यहा." दमयंती ने कहा.

शकुंतला ने भिका की तरफ देखा.

"ये तो बहुत अच्छा रहेगा. एक साथ दो विवाह इस से अच्छी बात क्या हो सकती है." भिका ने कहा.

“मैं पंडित जी से बात करता हू॰...तुम दोनो की शादी के बाद ही हम घर जाएगें.” केशव ने कहा.

गिरधारी पंडित केशव और दमयंती के फेरे कराने के बाद भोले नाथ की मूर्ति के सामने आरती कर रहा था.

“पंडित जी आपसे कुछ बात करनी है ज़रा आएगें.” केशव ने कहा.

गिरधारी पंडित बाहर आया और केशव के साथ वही आ गया जहा शकुंतला, भिका, सविता और दमयंती खड़े थे.

“बताओ क्या बात है?” गिरधारी पंडित ने पूछा.

“आप भिका और शकुंतला जी के भी फेरे करवा दीजिए. साथ साथ इनका भी काम निपट जाएगा.” केशव ने कहा.

"शादी और इन दोनो की. मैं इस पाप का भागीदार नही बनूंगा. ठाकुर के घर की बहू होकर ये शादी करने चली है वो भी इस जैसे निर्लज्ज और अधर्मी के साथ. ये पाप मैं नही होने दूँगा." गिरधारी पंडित ने कहा.

शकुंतला और भिका तो ये सुनते ही स्तब्ध रह गये. उनके चेहरे उतर गये ऐसे कठोर शब्द सुनकर. वो दोनो ही कुछ बोल नही पाए. उनके प्यार को पाप का नाम दिया गया था. दोनो बहुत व्यथित थे.

सविता उनकी हालत समझ गयी और बोली, “ये क्या बोल रहे हैं आप पंडित जी. ये प्रेम करते हैं आपस में. और प्रेम करना कोई पाप नही है. और शकुंतला जी अब ठाकुर के घर की बहू नही हैं. अब ये आज़ाद हैं उस हवेली से. इनकी शादी कराना पुन्य का काम है.”

“अब तू मुझे बताएगी कि क्या पाप है और क्या पुन्य है. दो कौड़ी की लड़की मुझे पाठ पढ़ा रही है.” गिरधारी पंडित चिल्लाया.

"प्यार करते हैं हम एक दूसरे से कोई पाप नही. ऐसी बाते मत करो पंडित जी. प्रार्थना है आपसे कि ये शादी करवा दे. आप जो दक्षिणा कहेंगे दे दूँगा." भिका ने कहा.

"अच्छा ऐसा है क्या जाओ हज़ार किलो सोना ले आओ. करवा दूँगा शादी तुम्हारी. " गिरधारी पंडित बोला.

"हज़ार किलो सोना, क्यों मज़ाक कर रहे हैं पंडित जी. इतनी बड़ी झोली ना फैलाए कि हम भर ना पाए." भिका ने कहा.

"तुम मेरी बात समझे नही. मेरा कहने का मतलब ये है कि तुम दो पापियों की शादी मैं नही करवाऊंगा. दफ़ा हो जाओ यहा से." गिरधारी पंडित ने गुस्से में कहा.

"चलो भिका इनसे कुछ भी कहने का फायदा नही है." शकुंतला ने भिका का हाथ पकड़ कर कहा.

“हां हां निकल जाओ यहा से.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“दमयंती तुम जाओ अपने पिया के घर. हमारी चिंता मत करो. शादी हुई है तुम्हारी आज. सब कुछ भुला कर अपनी गृहस्ती में परवेश करो. भगवान ने चाहा तो हमारी शादी जल्द होगी.”

“कभी नही होगी तुम्हारी शादी. मैं देखता हूँ कौन कराता है शादी तुम्हारी. दूसरे गाँव के पंडित भी नही करेंगे ये पाप. तुम्हारे लिए यही अच्छा है कि किसी कुवें में जा कर डूब मरो.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“आप अपनी हद पार कर रहें हैं पंडित जी. ये आपको शोभा नही देता.” सविता ने कहा.

“दफ़ा हो जाओ तुम सब लोग यहा से. दमयंती और केशव की शादी करा कर भी ग़लती कर ली मैने. निकल जाओ यहा से.” गिरधारी पंडित ने कहा.

भिका को बहुत गुस्सा आया और वो दाँत भींच कर गिरधारी पंडित की तरफ बढ़ा.

“आज तुझे पटकनी लगानी ही पड़ेगी पोंगे पंडित.” भिका ने गिरधारी पंडित की तरफ बढ़ते हुवे कहा.

पर शकुंतला ने भिका का हाथ पकड़ लिया, “रहने दो…चलो चलते हैं यहा से.”

"भगवान सब देख रहा है पोंगे पंडित...तुझे छोड़ेंगे नही वो." भिका ने कहा और वापिस मूड कर चलने लगा मंदिर से बाहर की ओर.

"दफ़ा हो जाओ...निकल जाओ अभी इस मंदिर से." गिरधारी पंडित चिल्लाया.

"रूको मैं करूँगा क्रिया पाठ तुम्हारी शादी का....और मैं धन्य समझूंगा खुद को." भिका और शकुंतला को अपने पीछे से आवाज़ आई. गिरधारी पंडित तो बोलने वाले को देखता ही रह गया.

"स्वामी जी आप" भिका की आँखे छलक गयी ब्रजभूषण को देख कर.

"हां मैं. तुम दोनो तैयार हो कर आओ अभी. मैं अभी और इसी वक्त करवाऊंगा ये शादी. बहुत देर से देख रहा था छुप कर अपने पिता के इस तमासे को. यकीन नही हो रहा था मुझे." ब्रजभूषण ने कहा.

"बहुत खूब बेटा. अपने पिता को ना दुवा ना सलाम और इन पापियों के लिए इतना कुछ." गिरधारी पंडित ने कहा.

"ये प्रेमी हैं पिता जी पापी नही हैं. प्यार का अपमान ना करें इस मंदिर में खड़े हो कर. प्यार और भगवान दोनो एक ही हैं. प्यार का अपमान भगवान का अपमान होगा." ब्रजभूषण ने कहा.

"मेरे होते हुवे इस मंदिर में ये अनर्थ नही होने दूँगा मैं." गिरधारी पंडित ने कहा.

"फिर मुझे अफ़सोस है कि आपको यहा से जाना पड़ेगा. ये शादी तो मैं करवा कर रहूँगा." ब्रजभूषण ने दृढ़ता से कहा.

शकुंतला और भिका के लिए इस से अच्छा क्या हो सकता था कि ब्रजभूषण खुद उनकी शादी करवाए. उनकी तो आँखे ही छलक उठी.

"स्वामी जी आपको देख कर बहुत खुशी हुई है. मेरे पास शब्द नही हैं कुछ कहने को."

"बस भिका देर मत करो तुम दोनो तैयार हो कर आओ. जितनी जल्दी ये शुभ कार्य संपन्न हो जाए अच्छा है."

"जैसा आप कहें स्वामी जी हम थोड़ी देर में आते हैं." भिका ने कहा.

‘‘हम सब यही तुम्हारा इंतेज़ार कर रहें हैं, जल्दी आना तुम दोनो.’’ सविता ने मुस्कुराते हुवे कहा.

‘‘सविता कैसी हो तुम?’’

‘‘मैं ठीक हूँ ब्रजभूषण तुम कैसे हो. मुझे तो लगा था कि फिर कभी मुलाकात नही होगी तुमसे. आज तुम्हे देख कर बहुत अच्छा लगा.’’ सविता ने मुस्कुराते हुवे कहा

‘‘ब्रजभूषण हमसे भी मिलोगे या नही. हमारी शादी हुई है आज.’’ केशव ने कहा.

‘‘मैं खुश हू तुम दोनो के लिए. काश वक्त पर आ जाता तो तुम्हे फेरे लेते हुवे देख लेता.’’

‘‘कोई बात नही आप भिका और शकुंतला की शादी करवा दो बस हमें बहुत खुशी होगी.’’ दमयंती ने कहा.

‘‘शादी हो ही गयी समझो. जैसे ही वो आते हैं मैं फेरे दिलवा दूँगा. सविता तुमसे कुछ बात करनी थी…ज़रा एक तरफ आओगी.’’ ब्रजभूषण ने कहा.

सविता हैरत में पड़ गयी कि पता नही क्या हो गया.वो दोनों मंदिर के एक कोने में आ गये. गिरधारी पंडित तो पाँव पटक कर मंदिर से निकल गया था.

शकुंतला और भिका आँखो में चमक और दिल में खुशी लिए वहां से चल देते हैं. दोनो बार बार एक दूसरे की तरफ देख कर मुस्कुरा देते हैं.

"ऐसे क्या देख रहे हो भिका सामने देख कर चलो." शकुंतला ने कहा.

"बहुत खुश लग रही हैं आप, विश्वास दिलाता हूँ कि आपको हमेशा खुश रखूँगा."

"मुझे पता है भिका, पता है..."

बातो-बातो में घर आ जाता है.

"पहले आप तैयार हो जाओ मेमसाब...मैं बाहर इंतेज़ार करता हूँ. मुझे ज़्यादा वक्त नही लगेगा...आपके बाद मैं तैयार हो जाऊंगा. "

"आज तो मेमसाब मत कहो..."

"ज़ुबान पर यही चढ़ा हुवा है. रहने दीजिए ना क्या दिक्कत है."

"मुझे दिक्कत है. बीवी बन-ने जा रही हूँ तुम्हारी अगर तुम मेमसाब-मेमसाब करोगे तो अच्छा नही लगेगा मुझे."

"ठीक है आप जल्दी तैयार हो जाओ स्वामी जी हमारा इंतेज़ार कर रहे हैं."

"ठीक है...कही से झाँकना मत."

"नही झाकुंगा. झाँकने की जगह ही नही है वैसे भी. आप निश्चिंत रहें."

शकुंतला ने कोई आधा घंटा लगाया तैयार होने में. लाल सारी कुछ ऐसी जच रही थी कि कुछ कहा नही जा सकता. जब शकुंतला ने दरवाजा खोला और भिका अंदर आया तो भिका की तो आँखे फटी की फटी रह गयी.

"मेरी नज़र ना लग जाए आपको...कितनी सुंदर लग रही हैं आप इस सारी में."

शकुंतला तो देख ही नही पाई भिका को. उसने नज़रे झुका ली. शरमाने लगी थी अब वो भिका से. वो शरम देखते ही बनती थी.

“अब मैं तैयार हो जाऊ. आपको बाहर रुकना होगा थोड़ी देर.” भिका ने कहा.

“हां बिलकुल…जल्दी तैयार हो जाओ.”

भिका भी जल्दी से तैयार हुवा और दोनो मंदिर की तरफ चल दिए. मंदिर की तरफ चलते वक्त पावँ ज़मीन पर नही टिक रहे थे दोनो के. बात ही कुछ ऐसी थी.

“क्या बात है ब्रजभूषण. तुम कुछ व्यथित से लग रहे हो.” सविता ने पूछा.

“क्या तुम ऐसा कुछ कर रही हो जिस से मैं व्यथित हो सकता हूँ.” ब्रजभूषण ने पूछा.

“नही ब्रजभूषण. तुम्हे व्यथित कैसे कर सकती हूँ मैं.”

“दो दिन पहले तुम मेरे पास आई थी आश्रम में. मेरे पावँ पर सर रख कर बैठी थी. जब मैं उठा नींद से तो तुम्हे देखा. लेकिन अगले ही पल तुम गायब हो गयी.”

ये सुनते ही सविता के चेहरे का रंग उड़ गया. वो ब्रजभूषण के पैरो में बैठ गयी. “क्या सच में ऐसा हुवा था. मुझे लगा वो कोई भ्रम है मेरा. मुझे माफ़ करदो ब्रजभूषण. मेरा कोई इरादा नही था तुम्हे व्यथित करने का. मैं बस समाधी में लीन थी. कब तुम्हारे पास पहुचँ गयी पता ही नही चला.” सविता की आखेँ टपक रही थी बोलते हुवे.

सविता को यू ब्रजभूषण के पैरो में पड़े देख केशव और दमयंती हैरान रह गये. “क्या बात है केशव. सविता स्वामी जी के पैरो में बैठ कर रो क्यों रही है…आओ देखते हैं.”

“नही वहां मत जाओ. इन दोनो कि लीला यही जाने. बहुत प्यार करती है सविता ब्रजभूषण से बचपन से. शायद कोई गंभीर बात है. लेकिन उनके बीच में नही पड़ सकते हम.” केशव ने कहा.

“उठो सविता रो क्यों रही हो.”

“मेरा इरादा तुम्हे दुख देने का नही था. आज तुम वापिस व्यथित हो कर आए हो. इस से बड़ा पाप नही कर सकती मैं.” सविता ने कहा.

“तुमने कोई पाप नही किया पगली. समाधि में तुमने वो उचाँई पाई है जिस से अभी तक मेरे गुरु भी वंचित हैं. मैने सुना था कि लोग समाधी में एक जगह से दूसरी जगह पहुचँ जाते हैं. आज देख भी लिया. क्या बताओगि मुझे कि कैसे किया ये चमत्कार तुमने. उठो और बताओ मुझे.”

सविता उठती है और अपने आसूँ पोंछ कर बोलती है, ‘‘ब्रजभूषण मैं तो तुम में खो जाती थी आँखे बंद करके. बाकी मुझे कुछ पता नही. बहुत शांत हो जाती थी मैं. इस क्रिया को प्रेमसाधना नाम दिया है मैने. ये है भी प्रेमसाधना,क्योंकि प्यार शामिल है इसमें. और कुछ नही कह सकती क्योंकि मुझ अज्ञानी को और कुछ नही पता. दो दिन पहले मैने खुद को तुम्हारे कदमो में बैठे पाया. बहुत खुशी हुई थी मुझे. मुझे लगा समाधी में ये भाव आ गया है कि मैं तुम्हारे चरनो में बैठी हूँ. लेकिन आज तुमने बताया तो पता चला कि मैं सच में तुम्हारे पास पहुँच गयी थी. ये कैसे हुवा मुझे नही पता.’’

‘‘अब मैं समझा कि क्यों मुझे समाधी के दौरान खींचाव महसूस होता है. तुम यहा गाँव में बैठी प्रेमसाधना जो करती थी.’’

‘‘तुम्हे जो दुख और परेशानी हुई उसके लिए मुझे माफ़ कर दो ब्रजभूषण. आगे से ऐसा नही होगा. छोड़ दूँगी मैं वो चीज़ जो तुम्हे परेशानी दे.’’

‘‘एक मैं हूँ जिसने अध्यातम के लिए तुम्हे छोड़ दिया. एक तुम हो जो मेरे लिए, मेरे सुख के लिए अध्यातम छोड़ देना चाहती हो. क्या कहूँ अब मैं. तुम बहुत आगे निकल गयी अध्यातम में सविता. इतनी आगे कि शायद मैं वहां तक कभी नही पहुँच पाऊंगा…मुझे अपना शिष्य बना लो सविता अपने गुरु को छोड़ आया हूँ मैं. मुझे भी ये प्रेमसाधना करनी है. मैं आ गया हूँ तुम्हारे पास अपना लो मुझे. मैने बहुत बड़ी भूल की थी जो प्यार को अध्यात्म के आगे कम आँकता था. तुमने दीखा दिया आज की प्यार का रास्ता भी भगवान तक ही ले जाता है. मुझे अपना लो सविता…आ गया हूँ मैं सब कुछ छोड़ कर तुम्हारे पास और अब तुम्हारा गुलाम हूँ. मुझे स्वीकार कर लो अपनी जींदगी में.’’

सविता तो रो ही पड़ी ये सब सुन कर. उसे समझ ही नही आ रहा था कि ब्रजभूषण क्या बोल रहा है. वो समझती भी कैसे. अध्यातम की भासा नही जानती थी वो. वो तो अपने ब्रजभूषण की प्रेमसाधना करती थी बस. बाकी उसे कुछ नही पता था.

‘‘क्या हुवा तुम कुछ बोल नही रही. क्या मुझे नही अपना ओगी.’’

‘‘नही ब्रजभूषण ऐसा मत कहो. मैं तो तुम्हारे चरनो में रहना चाहती हूँ सारी उमर. तुम ही मेरे भगवान हो.’’

“शादी करोगी अपने भगवान से.” ब्रजभूषण ने पूछा.

सविता कहती भी तो क्या कहती. बस आँखो में आँसू लिए चिपक गयी ब्रजभूषण से. उसे ज़रा भी ध्यान नही आया कि उसकी प्रेमसाधना के कारण ही उसका प्यार परवान चढ़ रहा है. वो इन बातो से अंजान थी. उसे ब्रजभूषण मिल गया बस इसी में खुश थी.

ब्रजभूषण सविता का हाथ पकड़ कर सविता को केशव और दमयंती के पास ले आया.

“तुम लोगो को थोड़ी देर और रुकना होगा.” ब्रजभूषण ने कहा.

“क्या हुवा ब्रजभूषण, क्या बात है. और सविता रो क्यों रही है.” केशव ने कहा.

“कुछ नही ये प्यार के आँसू है इसके. हम दोनो भी शादी करेंगे आज. तुम्हे रुकना होगा थोड़ी देर और.”

“अचानक ये सब कैसे.” केशव और दमयंती तो हैरान ही रह गये.

“वो हमारे बीच की बात है. तुम बस रूको यहा.” ब्रजभूषण ने कहा.

“ पर तुम दोनो की शादी कौन करवाएगा. पंडित जी तो कभी तैयार नही होंगे.” केशव ने कहा.

“उन्हे मैं मना कर लाता हूँ. तुम सविता को तैयार करके लाओ. ये थोडा भावुक हो रही है.”

दमयंती ने सविता का हाथ पकड़ा और कहा, “आओ मैं तैयार करूँगी अपनी ननद को. चलो घर चलते हैं. केशव तुम यही रूको मैं सविता को लेकर अभी आती हूँ.”

दमयंती सविता को लेकर चली गयी और ब्रजभूषण अपने पिता से मिलने अपने घर की तरफ निकल लिया.

“आ गये तुम. करवा दी उन दोनो की शादी? मैं तुम्हे कभी माफ़ नही करूँगा.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“शादी करवाई नही है. आपके आशीर्वाद के बिना अधूरी रहेगी शादी पिता जी. चलिए मेरे साथ आपको मेरी शादी भी करवानी है.”

“ये क्या बोल रहे हो?” गिरधारी पंडित हैरानी में पूछता है.

“मेरी जींदगी सविता से जुड़ी हुई है पिता जी. मैं चाह कर भी उसे खुद से अलग नही कर पाया. आज मैं उसके साथ शादी के बंधन में बधँ जाना चाहता हू.ँ और ये शुभ काम आपको ही करना होगा.”

“बेटा मैं नही करवाऊंगा ये शादी. मुझे वो लड़की पसंद नही है. और शादी करनी ही है तो किसी पंडित से करो.”

“मैं शादी सविता से करना चाहता हू.ँ मेरी शादी करने में रूचि नही है. बस सविता के साथ बंधना चाहता हू ँप्रेमसाधना के बंधन में. आप आशीर्वाद देंगे तो खुशी होगी मुझे. आपके आशीर्वाद के बिना कुछ नही होगा.”

“मैं ऐसा कोई आशीर्वाद नही दूँगा. चले जाओ यहा से.” गिरधारी पंडित ने कहा.

“मैं मंदिर में सविता के साथ आपका इंतेज़ार कर रहा हू ँपिता जी.” ब्रजभूषण कह कर घर से निकल जाता है.

भिका और शकुंतला मंदिर पहुँच गये.

"बहुत प्यारी जोड़ीं लग रही है तुम्हारी, स्वामी जी अभी आते होंगे. पंडित जी को मनाने गये हैं." केशव ने कहा

"उन्हे मनाने की क्या ज़रूरत है" भिका ने कहा.

"ब्रजभूषण तुम्हारी शादी करवा देगा. लेकिन उसकी और सविता की शादी कौन करवाएगा?" केशव ने कहा.

"क्या? स्वामी जी और सविता शादी कर रहे हैं. ये चमत्कार कैसे हुवा." भिका ने कहा.

"ये तो भगवान ही जाने. उन दोनो की बाते ही निराली है. हमारी समझ से बाहर है…लो ब्रजभूषण आ गया." केशव ने कहा.

"चलो…चलो बैठो तुम. ज़्यादा देर मत करो. शुभ काम में देरी नही करनी चाहिए…वैसे बहुत अच्छे लग रहे हो दोनो. मैं धन्य हूँ कि तुम दोनो की शादी करवा रहा हूँ." ब्रजभूषण ने कहा.

ब्रजभूषण ने शकुंतला और भिका की शादी सुख शांति से संपन्न की. केशव ने कन्यदान किया. जब वो दोनो आखरी फेरा ले रहे थे तब सविता और दमयंती भी आ गये.

"अरे वाह बड़ी प्यारी लग रही है मेरी बहना लाल जोड़े में." केशव ने कहा.

"भैया छेड़ो मत. मुझे पता है मैं कैसी लग रही हूँ. जल्दी जल्दी में ठीक से तैयार नही हो पाई."

"बहुत प्यारी लग रही हो सविता." ब्रजभूषण ने कहा.

सविता शरम से लाल हो गयी. पहली बार ब्रजभूषण ने उसे ऐसी बात बोली थी. वो भी सबके सामने. भिका फेरे लेते वक्त सोच रहा था, "स्वामी जी तो बिलकुल बदल गये. शायद प्यार ऐसा ही होता है."

जब विवाह संपन्न हुवा तो भिका और शकुंतला ने ब्रजभूषण का धन्यवाद किया. "स्वामी जी अब आपकी और सविता की शादी का इंतेज़ार है. क्या पंडित जी आएगें." भिका ने पूछा.

"आएगें ज़रूर आएगें. बहुत प्यार करते हैं वो मुझे. नही रह पाएगें. आते ही होंगे अभी." ब्रजभूषण ने कहा.

"लो पंडित जी का नाम लिया और वो आ गये." केशव ने कहा.

"पिता जी…मुझे पता था कि आप अपने ब्रजभूषण को आशीर्वाद देने ज़रूर आएगें." ब्रजभूषण ने कहा.

"बस…बस चलो बैठो अग्नि के सामने. ज़्यादा वक्त नही है मेरे पास."

ब्रजभूषण सविता के पास जाता है और उसका हाथ पकड़ कर अग्नि के सामने लाता है. फिर वो दोनो बैठ जाते हैं. गिरधारी पंडित मंत्रो-चारण शुरू कर देता है.

सविता बहुत भावुक स्तिति में रहती है हर पल. उसे यकीन ही नही हो रहा था कि उसकी शादी हो रही है ब्रजभूषण के साथ. रह-रह कर उसकी आँखे छलक जाती थी.

सविता का कन्यदान तो केशव को ही करना था. शादी संपन्न होने के बाद ब्रजभूषण और सविता ने गिरधारी पंडित का आशीर्वाद लिया. "सदा खुश रहो" बस ये कह कर गिरधारी पंडित वहां से चला गया.

प्यार में डूबे तीन जोड़े मंदिर में एक साथ खड़े थे. फ़िज़ा में बस प्यार का रंग भरा था.

"ब्रजभूषण मेरी बहना को खुश रखना हमेशा. ये थोड़ी पागल है. बुरा मत मान-ना इसकी किसी बात का."

"मुझ से बहतर सविता को कोई नही जानता. तुम चिंता मत करो. ये हमेशा खुश रहेगी मेरे साथ."

“वैसे ये हुवा कैसे स्वामी जी. आपने सन्यास त्याग कर शादी कर ली. कुछ उलझन है मन में थोड़ी सी.” भिका ने कहा.

“इसका जवाब तो सविता ही दे सकती है. प्रेमसाधना की थी इसने और मैं आश्रम से खींचा चला आया इसके पास.” ब्रजभूषण ने कहा.

सविता ने ब्रजभूषण के कंधे पर सर रखा और बोली, “मुझे कुछ नही पता. मैने बस अपने ब्रजभूषण की आराधना की थी. मुझे नही पता था कि मेरा ब्रजभूषण सब कुछ छोड़ कर मेरे पास आ जाएगा.”

“भाई अब चला जाए…हम तो कब से खड़े हैं यहा.” केशव ने दमयंती का हाथ पकड़ कर कहा.

“हां बिलकुल. मेरी शुभकामनाए तुम सभी के साथ हैं.” ब्रजभूषण ने कहा.

केशव ने सविता को गले लगाया और कहा, “खुश रहना अब. मिल ही गया तुझे तेरा ब्रजभूषण.”

“तुम भी खुश रहना भैया. दमयंती को खुश रखना. पिता जी का ध्यान रखना. काश वो भी आ पाते आज. उनकी तबीयत भी आज ही खराब होनी थी.”

“कौन सा तू दूर जा रही है. यही गाँव में ही तो रहेगी.” केशव ने कहा.

“हां पर फिर भी वहां तो नही रहूंगी ना. ध्यान रखना पिता जी का.” सविता ने कहा.

तीनो जोड़े अपने अपने घरो की तरफ चल पड़े…………..

भाग - 18

भिका और शकुंतला घर की तरफ बढ़ रहे थे पर उनके पावँ ज़मीन पर नही टिक रहे थे. ज़ज्बात ही कुछ ऐसे थे दिलो में.

"कितना प्यारा दिन लग रहा है ये. एक साथ तीन प्रेम-विवाह हुवे मंदिर में." भिका ने कहा.

"हां बहुत प्यारा दिन है भिका...बहुत प्यारा दिन है...लेकिन अब ढल रहा है. अंधेरा होने वाला है जल्दी चलो." शकुंतला ने कहा.

"अब डर की क्या बात है, पिशाच तो मर चुका है."

"हां पर मुझे रात में बाहर डर लगता है." शकुंतला ने कहा.

"बस आ गया घर अपना...वो देखो सामने. आज खूब हंगामा होगा उस घर में." भिका ने कहा.

"कैसा हंगामा?" शकुंतला ने धीरे से कहा.

"सुहागरात है हमारी मेमसाब, हंगामा तो होगा ही." भिका ने कहा.

"ऐसा कुछ नही होगा अभी." शकुंतला ने हंसते हुवे कहा.

"क्यों अब किस बात का इंतेज़ार करना है." भिका ने कहा.

"ताला खोलो पहले. मुझे जोरो की भूक लगी है भिका. बताओ क्या खाओगे."

"आज हमारी शादी हुई है...कुछ ख़ास हो जाए." भिका ने कहा.

"चावल की मीठी खीर बनाऊ क्या?"

"हां ठीक रहेगी."

शकुंतला ने खाना बनाया और दोनो ने साथ बैठ कर आराम से प्यार से खाया.

“मैं ये बर्तन साफ कर दू भिका. तुम आराम करो.”

भिका ने शकुंतला का हाथ पकड़ा और कहा, “छोड़िए ना ये सब. आपसे दूरी बर्दास्त नही हो रही मुझे.”

“मुझे थोड़ा वक्त देना अभी…मैं किसी उलझन में हूँ.”

“कैसी उलझन.” भिका ने पूछा

“पंडित जी हमारे प्यार को पाप बोल रहे थे. दिल बहुत व्यथित है इस कारण. खुद को समर्पित करना चाहती हूँ तुम्हे मैं पर मन में विचारो का जंजाल है. मैं थोड़ा ये काम कर आउ…शायद मन ठीक हो जाए.”

“पागल है वो पंडित. वो कौन होता है हमारे प्यार को पाप का नाम देने वाला. पापी तो वो खुद है. झूठा है एक नंबर का.”

“छोड़ो उसकी बाते भिका, मैं खुद ही परेशान हूँ. वो बाते दिल में चुभ गयी कही.”

“क्या आप पछता रही हैं मुझसे शादी करके?” भिका ने पूछा.

“ऐसा नही है भिका…मेरा हृदय व्यथित है. मैं ठीक हो जाऊंगी. मुझे थोड़ा वक्त दो.”

“आप नहा लो ठंडे पानी से. मन को शांति मिलेगी.”

“वही सोच रही हूँ. तुम आराम करो. मैं ये थोड़ा सा काम करके आती हूँ. नहा भी लूँगी साथ ही.” शकुंतला ने कहा.

ब्रजभूषण अपनी दुल्हन को साथ लेकर जब घर पहुँचा तो गिरधारी पंडित अपना सामान बाँध रहा था.

“पिता जी आप कहा जा रहे हैं?”

“मैं अब मंदिर में ही रहूँगा. वैसे भी मैं यहा रात को ही आता था. अब रात भी मंदिर में ही गुज़ार लूँगा…खुश रहो तुम दोनो यहा.”

सविता गिरधारी पंडित के पावँ में पड़ गयी, “नही पिता जी. आज हम घर आए हैं और आप जा रहे हैं. ऐसा अनर्थ ना करें आप. हमारे वैवाहिक जीवन की शुरूवात हम आपके आशीर्वाद से करना चाहते हैं. आपकी छत्र- छाया हम पर बनाए रखे.

“उठो बेटा… ऐसा नही है कि मैं नाराज़ हो कर जा रहा हू.ँ तुम्हारे कारण मेरा ब्रजभूषण घर लौट आया. मैं तो आभारी हूँ तुम्हारा. खुश रहो तुम दोनो यहा. तुम दोनो के बीच मेरा क्या काम. मैं मंदिर में ही ठीक हू.ँ और मैं आता जाता रहूँगा.”

ब्रजभूषण भी गिरधारी पंडित के कदमो में गिर जाता है और कहता है, “धन्यवाद पिता जी…आपने हमारे ब्रजभूषण को स्वीकार किया यही हमारे लिए बहुत है.”

“उठो तुम दोनो. सुख शांति से रहो यहा. मेरा आशीर्वाद साथ है तुम्हारे.” गिरधारी पंडित ने कहा.

गिरधारी पंडित चला जाता है और ब्रजभूषण दरवाजा बंद करके कुण्डी बंद कर लेता है. जैसे ही ब्रजभूषण मुड़ता है वो सविता को अपने चरनो में पाता है.

“अरे उठो क्या कर रही हो.” ब्रजभूषण ने कहा.

“मुझे इन चरनो में ही रहने दो ब्रजभूषण. बहुत सुकून मिलता है मुझे यहा.”

“चरनो में तो मुझे रहना होगा तुम्हारे और सीखना होगा प्रेमसाधना को. सिखाओगी मुझे?”

“तुम्हे मैं कुछ नही सीखा सकती. बल्कि मैने तो खुद तुमसे ही सीखा है सब. तुम्हारी आराधना की है मैने. बस इतना ही बता सकती हू ँप्रेमसाधना के बारे में. बाकी मुझे कुछ नही पता.”

“उठो तो सही. आज गले लगने का दिन है ना कि पैरो में पड़ने का…उठो.” ब्रजभूषण सविता को कंधो से पकड़ कर उठाता है और गले लगा लेता है. “तुम्हारे प्यार की गहराई शायद भगवान भी नही समझ सकते.”

ब्रजभूषण और सविता यू ही खड़े रहे एक दूसरे के गले मिल कर. खो गये थे उन लम्हो में और उन लम्हो की खूबसूरती में.

शकुंतला नहा कर लौटी तो बहुत प्यारी लग रही थी. भिका उसी बिस्तर पर पड़ा था जिसपे रोज शकुंतला लेट-ती थी. आज उसका शकुंतला से अलग सोने का इरादा नही था. भिका तो देखता ही रह गया उसे. चेहरे पर गीले बाल उसकी खूबसूरती को और भी बढ़ा रहे थे. भिका भाग कर शकुंतला को बाहों में भर लेना चाहता था पर शकुंतला के व्यथित मन को देख कर रुक गया.

"आप बहुत सुंदर लग रही हो मेमसाब."

"खबरदार मुझे मेमसाब कहा तो, तुम्हारा मेमसाब कहना भी मुझे दुखी कर रहा है." शकुंतला गुस्से में चिल्लाई.

"माफ़ कर दीजिए. अब आगे से नही कहूँगा." भिका का चेहरा उतर गया.

शकुंतला को जल्दी ही अहसास हो गया कि उसका चिल्लाना ग़लत था. वो भिका के पास आई और उसके चरनो में बैठ गयी, "मुझे माफ़ कर दो भिका. मुझे चिल्लाना नही चाहिए था. मैं बुरी पत्नी हूँना."

"नही आप बुरी नही हैं. मेरी ज़ुबान पर बार बार मेमसाब ही आ जाता है. अब से आपको शकुंतला ही कहूँगा." भिका ने कहा.

"तुम डाटँ पड़ने पर ही सही काम करते हो ऐसा क्यों?"

"हवेली से आदत पड़ी हुई है आपकी डाटँ की. याद है आपको एक बार मैं लेट हो गया था शक्कर लाने में तो बहुत डांटा था आपने मुझे. तब से डरता हूँआपसे. इसलिए मेमसाब भी नही जाता ज़ुबान से."

"तुम्हारी बीवी बन गयी हूँअब. तुम मुझे डाटँ कर रखो वरना सर चढ़ जाऊंगी तुम्हारे." शकुंतला ने भिका के पावँ पर सर रख कर कहा.

"फिलहाल तो आप बिस्तर पर चढ़ जाओ, देखना चाहता हूँकि मेरी बीवी है कैसी."

"क्या देखना चाहते हो…अश्लील बाते मत करो मेरे साथ?"

भिका के लिंग में उत्तेजना हो रही थी. वो बिलकुल पत्थर की तरह कठोर हो गया था उसके कपड़ो में. इस कारण भिका थोड़ा असहज महसूस कर रहा था.

“अश्लील बाते??? मैं तो आपको यहा आने को बोल रहा हूँ. आप ही का तो बिस्तर है. यहा नही लेटेंगी क्या आज आप. मैं भी यही लेटुंगा आज तो.” अंजाने में ही भिका का हाथ अपने पत्थर की तरह तने हुवे लिंग पर चला गया. वो उसे अपने पायजामे में थोड़ा सहज करना चाहता था.

शकुंतला ने भिका के पायजामे में तने लिंग को देख लिया. “ये क्या तुम तो तैयार बैठे हो. मैं यहा नही लेटुंगी आज. ना…बाबा ना. मैं नही आऊंगी तुम्हारे पास.”

“कब से इंतेज़ार कर रहा हूँ आपका. इंतेज़ार करते करते ये हाल हो गया.” भिका ने कहा.

शकुंतला ने भिका के पावँ पर सर रखा और बोली, “मेरे स्वामी आज मुझे माफ़ कर दीजिए. सच में मन व्यथित है. आज मैं उस तरह से समर्पित नही कर पाऊंगी मैं जैसे मैं चाहती हूँ. मुझे थोड़ा वक्त दो. अब हम पति पत्नी हैं. किसी बात की जल्दी नही है.”

“ठीक है. हम मिलन में लीन नही होंगे. लेकिन मैं आज आपके साथ ही सोउन्गा. अलग नही लेटुंगा अब.”

“अगर ये यू ही तना रहा तो मैं नही आऊंगी. पहले इसका कुछ करो.”

“आप मुझे यू ही तडपा रही हो है ना. मैं जाता हूँ अपने बिस्तर पर. मुझे नही लेटना यहा.” भिका ने कहा और उठने लगा.

पर शकुंतला ने उसे रोक लिया. “रूको मैं आती हूँ. पर मैं तडपा नही रही तुम्हे. मुझे क्या मिलेगा तुम्हे तडपा के.” शकुंतला ने कहा और खड़ी हो गयी.

“हटो पीछे मुझे लेटने दो.” शकुंतला ने कहा.

भिका पीछे सरक गया और शकुंतला भिका के बाजू में लेट गयी.

“भिका मैं चाहती हू ँकि हमारा पहला मिलन यादगार हो. व्यथित मन से मैं तुम्हे सहयोग नही दे पाऊंगी. इन परिस्थितियों में हमारा पहला मिलन कही सर दर्द ना बन जाए. इसलिए तुम्हे इंतेज़ार करने को कह रही हू.ँ”

“कर लूँगा इंतेज़ार जितना आप चाहें. पर आप अब मुझसे दूर नही रहेंगी. बहुत प्यार करता हू ँमैं आपको. मैं इंतेज़ार करूँगा आपका. जब आपका मन होगा तभी हम मिलन में लीन होंगे. रही बात मेरी उत्तेजना की. वो तो आपको पता ही है कि वो मेरे बस में नही है. आपके ख्याल से ही उत्तेजित हो रहा है आज तो ये. पर आप चिंता ना करें. ये आपको नुकसान नही पहुँचाएगा. ”

शकुंतला घूम कर भिका से लिपट गयी. “ओह भिका…मैं बुरी बीवी साबित हो रही हू ँ तुम्हारे लिए. तुम तड़प रहे हो और मैं बेकार की बातो में पड़ी हू.ँ”

“शादी सिर्फ़ मिलन ही तो नही है. प्यार तो मिल ही रहा है आपका बेसुमार. और क्या चाहिए मुझे. मेरे नज़दीक रहें आप यू ही. आपसे दूर नही रह सकता अब. मिलन हो या ना हो. आप बस यू ही मेरे पास रहें हमेशा.”

भाग - 19

सुबह शकुंतला जल्दी उठ जाती है. रातभर उसे नींद नहीं आती हे.भिका अभी भी सो रहा है.शायद वो अपने खूबसूरत भविष्य के सपने देख रहा है. शकुंतला एक नजर भिका पर डालती है और अगले ही पल विचारों में खो जाती है.जबसे उसकी शादी भीका से हुई है तबसे उसे कुछ अजीब ला लग रहा है. कुछ अधूरा सा एहसास हो रहा है.न जाने क्यों उसे हवेली कि याद आने लगती है.शकुंलता भीका को बिना जगाए घर से बाहर निकल आती है.अभी भी बाहर थोड़ा अंधेरा है. सूरज पूरब की ओर से धीरे धीरे केसरिया रंग उधेड़ रहा है.शकुंतला के पैर अपने आप हवेली कि तरफ बढ़ने लगते है.जबसे वो हवेली के बाहर निकली है उसने कभी भी हवेली कि तरफ मुड़कर नहीं देखा है.उसके लिए तो वह हवेली मनहूस साबित हुई है.

अपनी ही विचारों में खोई शकुंतला हवेली के दरवाजे तक पोहच जाती है. आधा खुला हवेली का दरवाजा देखते ही उसके विचारों का समा टूट जाता है.सुबह के अंधुक प्रकाश में वह हवेली और भयानक दिख रही है.शकुंतला के पाव वहीं रुक जाते है.एक पल के लिए उसे लगता हे की वो क्यों अाई है इस मनहूस हवेली में फिरसे, उसे इस मनहूस हवेली से दूर भाग जाना चाहिए.जितना हो सके उतना दूर.लेकिन अगले ही पल उसका दिल कहता है कि कुछ तो अधूरी बाते है जो उसे अबतक पता नहीं है.कुछ सवाल है जो उसे जिंदगीभर सताने वाले है.अगर वो आज यहां से भाग जाती है तो वे सवाल उसे ताउम्र सताएंगे, परेशान करेंगे.इससे अच्छा वो सिर्फ एकबार इस हवेली में जाए और एक आखरी बार अपनी आंखो से उन सवालों के जवाब खोजे जो उसे सताने वाले है. कुछ सवालों के जवाब उसे इस हवेली से ही मिलेंगे.अपने विचारों में गुम शकुंतला काफी देर तक हवेली के बाहर खड़ी रहती है.

धीरे धीरे सूरज निकल आता है.अंधूक प्रकाश की जगह अब सूरज के किरणों ने ली है. भिका भी सुबह के मीठी नींद से जाग गया है.आंखे खोल कर वो अपने आजूबाजू देखने लगता है. उठते ही अपनी मेमसाब को अपने बाहों में भरना चाहता है.लेकिन बाहों में भरने के लिए उसकी मेमसाब उसके पास नहीं है.भिका बैचेनी ने बिस्तर से नीचे उतरता है.उसे लगता है मेमसाब शायद नहा रही होगी.एक पल के लिए उसके मन में शरारत करने का खयाल आता है.वो चुपके से जाके परदा उठा लेता है.उसे लगता है कि मेमसाब झूटमुठ चिढ़कर उसे फटकार लगाएंगी और वो अपनी मेमसाब को अपने बाहों में भर लेगा.जैसे ही भिका परदा उठा था है तो उसे वहां कोई नहीं दिखाई देता.भिका हैरत में पड़ जाता है.अगर मेमसाब घर में नहीं है, नहा नहीं रही है तो फिर कहा है. बैचेन भिका वापस आकर अपने

बिस्तर पर बैठ जाता है.उसे लगता है शायद मेमसाब कई नजदीक गई होंगी या फिर मंदिर गई होंगी,जल्द ही वापस आ जाएंगी.

मेमसाब की राह देखते हुए भिका काफी देरतक बिस्तर पर बैठा है."बेहद देर होगई है मेमसाब अभितक वापस नहीं आयी, उन्हें इतना वक्त कहा लग रहा है.कई उनपर कोई खतरा तो नहीं मंडरा रहा.मुझे बाहर जाकर देखना होगा".अपनी सोच में खोया भिका बिस्तर से उठ जाता है और घर के बाहर निकल आता है.शकुंतला को धुंडने के लिए भिका मंदिर की ओर चल देता है.तभी रास्ते में उसे गिरधारी पंडित मिल जाता है.

" कैसी रही सुहागरात ? मजा तो आया ना ? भाई मजा क्यों नहीं आएगा,तेरे तो भाग खुल गए है" गिरधारी पंडित भिका को चिढ़ाने के लिए मजाक करता है

"ए पोंगे पंडित ! टांग खींच रहे हो मेरी ! ज्यादा मत बोलो वरना यही पटकनी दे देंगे" भिका झुटमुट का गुस्सा दिखाता है

"लो ! हम भला क्यों टांग खींचने लगे तुम्हारी, लगता है रात भर सोने नहीं दिया तुमने अपनी नई बीवी को. इसलिए रूठकर अपने पहले वाले घर चली गई है बेचारी" गिरधारी पंडित हंसते हुए बोला

भिका को पंडित का यह मजाक पसंद नहीं आया"यह क्या बकवास कर रहे हो पंडित ? मेमसाब हवेली की तरफ क्यों जाएंगी भला.अब उनका उस हवेली से कोई नाता नहीं है.अब वो मेरी पत्नी है.अभी जाकर उस हवेली को आंग लगा देता हूं.ना रहेगी वो हवेली और नहीं रहेगी उस हवेली की मन्हुसियत"भिका गुस्से में कहता है

" हा भाई भाई ! इतना गुस्सा क्यों हो रहे हो .मैंने जो देखा वहीं तुमको बताया.वरना मुझे क्या लेना देना तुमसे ,तुम्हारी नई बीवी से और उसकी हवेली से" गिरधारी पंडित ने अपनी राह पकड़ ली

" पंडित क्या सचमे मेमसाब हवेली की तरफ गई है ?" अब भिका के स्वर नरम पड़ गए थे

" सबेरे मंदिर में पूजा की तैयारी कर रहा था , तभी ठकुराइन जैसी ही किसी को हवेली कि तरफ जाते देखा था. अंधेरे में ठीक से चेहरा दिखा नहीं.अब बूढ़ा भी तो हो गया हूं" गिरधारी पंडित ने चलते चलते ही जवाब दिया

पंडित की बात सुनकर तो जैसे भिका के पाव के नीचे की जमीन खिसक गई.वो वहीं पर बैठ गया.अबतक अपने सुनहरे भविष्य के बारे में सपने बुनता भिका अब अपने भूतकाल कि यादे खंगाल रहा था.उसे पता चल गया कि अब उसका राज खुलने वाला है.इसी डर के मारे अब भीका के मन में अजीब अजीब खयाल आने लगे थे.उसे अपना राज खुल जाने

की चिंता सताई जा रही थीं.वो सोचने लगा की वो अभी के अभी दौड़ता हुआ हवेली कि और जाए और शकुंतला को रोख ले.लेकिन अब तो बहोत देर हो चुकी है. अबतक तो शकुंतलाने हवेली का कौना कौना छान मारा होगा.और उसे भिका के राज के बारे में पता चल गया होगा.

"अगर मेमसाब को मेरे बारे में पता चल गया होगा तो वो क्या करेंगी? क्या वो मेरे बारे में सबको बता देंगी ? अगर मेरे बारे में गांव वालो को पता चल गया तो ? और अगर स्वामी जी को मेरी सच्चाई पता चल गई तो ? कई मेमसाब स्वामी जी के पास तो नहीं चली गई. कई उन्होंने मेरी हकीकत दमयंती को तो नहीं बता दी.कई मेमसाब ने गाव वालो को सब कुछ बता तो नहीं दिया? नहीं नहीं !ऐसा नहीं हो सकता.में ऐसा नहीं होने दूंगा.उस हवेली और उसके साथ साथ में सबको ख़तम कर दूंगा.मेमसाब के सिवा मुझे किसी की परवाह नहीं, चाहे जो हो जाए में मेमसाब को खौना नहीं चाहता.वो बस मेरी होगी" अपने आपको वचन देकर भिका वहासे हवेली की तरफ बढ़ जाता है.

[कुछ समय पहले]

अपने मन में चल रही उथलपुथल के बावजूद शकुंतला हवेली में जाने का साहस जुटा लेती है.हवेली का आधा बंद दरवाजा वो खोल देती है.दरवाजा खुलने की आवाज सुबह की खामोशी को चीरते हुए धुंदली हो जाती है.हवेली के अंदर पांव रखते ही शकुंतला को एक तेज दुर्गंध आती है ,मानो सैकड़ों चूहे एकसाथ मर चुके हो. उससे यह दुर्गंध सही नहीं जाती और वो अपने नाक पर साड़ी का पल्लू लगा लेती है.जैसे तैसे शकुंतला हवेली भीतर पोहच जाती है.उसकी नजर उस कमरे पर जाती है जिसमें कविता को रखा गया था. भूतकाल की घटनाए उसके नजरो के पटल से गुजरने लगती है.

"बिचारी कविता,क्या गुनाह था उसका जो उसको पूरे गाव के सामने जलील किया गया था. रास्ते में ही उसको भोगा गया था.और भोगने वाला भी कौन था ? मेरा वहिशी पति ! छी कैसा पति , वो तो एक राक्षस था.अच्छा हुआ नियति ने उसका बदला ले लिया.नियति ने तो सबका बदला ले लिया. इसी कमरे में भवानी और जीवन ने भी तो कविता को भोगा था.उनको भी तो सजा मिली है.जीवन को तो भिकाने सजा दी थी.उसने कविता और मेरा दोनों का बदला ले लिया.और रही बात भवानी की तो,वह अपने आखरी समय में तड़प तड़प कर मरा होगा. पता नहीं उसे अग्नि भी नसीब हुई कि नहीं. कई यह बदबू भवानी के लाश की तो नहीं" यह विचार मन में आते ही शकुंताला सहर जाती है

न चाहते हुए भी शकुंतला भवानी के कमरे की ओर बढती है.वो अपनी आंखो से भवानी का हाल देखना चाहती ही. रास्ते में उसकी नजर दमयंती के कमरे की और जाती है. कमरे का टूटा हुआ दरवाजा उसकी यादें ताजा कर देता है.

"यही वह कमरा है जिसमें दमयंती अपने आशिक के साथ रंगरलियां मना रही थी. बेशरम कहीं की ! मुझे भी संभोग में शामिल होने का निमंत्रण दे रही थी.और वो लड़का !उसने ने तो मुझे अपना लिंग दिखाया था. छी ... छी...! मुझे तो याद करते हुए ही घिन आ रही है.भैरव ने भी तो दमयंती को उस हालत में देखा था. बिचारे को तो अपनी आंखो पर विश्वास नहीं हो रहा था.इसमें उसका भी क्या दोष ? बहन को इस हाल में देख कोई भी बावला हो सकता है.और उस लड़के ने तो भैरव की मर्दानगी को ललकारा था. भैरव के साथ इस तरह से बात करने वाला वो लड़का था कौन ? और दोनों अचानक से गायब कहा हो गए " अपनी विचारों में खोई शकुंतला कब भवानी सिंह के कमरे के सामने पोहची उस पता ही नहीं चला.

भवानी के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था.शकुंतला ने एक हाथ से दरवाजा खोल दिया.दरवाजे के खुलते ही सड़न की बदबू और उग्र हो गई.शकुंतला को तो मानो उल्टी ही हों गई.जैसे तैसे उसने खुद को संभाला.कमरे के बाहर से ही शकुंतला अपनी नजरें फैरा

रही थी. कमरे में मानो मकड़ियों ने अपना आशियाना सजा रखा था.हर तरफ जाल ही जाल थे.पूरे कमरे में मक्खियां भिनभिना रही थी. बीच बीच में चूहों की चक.... चक .... सुनाई दे रही थी.कमरे के बिलकुल बीच में एक बड़ा सा बिस्तर था.उसपर भवानी की लाश सड़ीगली पड़ी हुई थी.लाश की हालत इतनी बुरी थे कि कोई भी अंग पूर्ण नहीं था. शरीर के हर हिस्से को चूहों ने कांट खाया था. आंखो की जगह अब केवल दो गड्ढे बचे थे.नाक की हड्डी भी दिखने लगी थी.बाल तो मानो जालो से ढक चुके थे.उस लाश को देखकर कोई भी नहीं कह सकता था कि यह ठाकुर भवानी प्रताप सिंह की लाश है. शकुंतला से अब और देखा नहीं गया.वो जल्द से जल्द उस मनहूस हवेली से बाहर निकलना चाहती थी. तभी हवा के एक झोंके ने पूरा कमरा भर लिया.तेज हवा की वजह से कमरे से आवाज घूमने लगी.मानो किसी साए ने उस कमरे में प्रवेश किया हो.

उस आवाज से शकुंतला डर गई, शकुंतला को उस भूत की याद आई जिसने भैरव को मारा था. उसे मन ही मन डर लगने लगा.शकुन्तला भागते भागते हवेली की पीछे वाले बगीचे में आ गई.हवेली से बाहर आकर उसे सुकून महसूस हुआ.हवेली की तरफ देखते देखते ही वो पीछे पीछे जाने लगी.तभी उसका पैर किसी चीज से टकरा गया और वो गिर गई. उसने अपने आपको संभाला और अंधेरे में उस चीज को देखने लगी.उस चीज पर किसीने कम्बल ढक रखा था.शकुंतला ने एक हाथ से कंबल को हटा दिया. सामने का नजारा देखकर तो उसकी आंखे फटी की फटी रह गई.उसके सामने और एक लाश पड़ी थी.लाश कैसी वो तो सिर्फ हड्डियों का एक ढेर था.उसमे ना ही कोई मांस था और नहीं कोई दुर्गंध.

लाश को देखकर शकुंतला दो कदम पीछे हो गई.तभी उसकी नज़र हड्डियों के ढेर में फंसे एक वस्तु पर गढ़ गई. सुबह के अंधूक प्रकाश में वह वस्तु धिमें धीमे चमक रही थी.शकुंतला अपने पास पड़ी एक लकड़ी से हड्डियों के उस ढेर को खनगाला और उस वस्तु को हड्डियों से अलग कर लिया.उस वस्तु को देखकर शकुंतला के होश उड़ गए.वो वस्तु थी भिकाने हाथमें पहना हुआ पीतल का कड़ा.उस पीतल के कड़े को देखकर शकुंतला मानो पागल सी हो गई.

"भीका का यह कड़ा यहां कैसे आया ? यह इन हड्डियों में क्या कर रहा है ? किसकी है यह लाश ? "उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था.तभी उसकी नजर उस कंबल पर गिरी जिसमें लाश ढकी हुई थी.

"अरे यह कंबल भी भिका के कंबल की तरह ही है.तो क्या यह मेरे भिका कि लाश है.नहीं .... नहीं...यह मेरे भिका कि लाश कैसे हो सकती है? वो तो घर पर सो रहा है....जिंदा है.तो फिर यह लाश किसकी है और भिका का कड़ा और कंबल यहां क्या कर रही है ?

"शकुंतला को कुछ समझ नहीं आ रहा था.उसने वहीं अपना सिर पकड़ लिया और नीचे बैठ गई. वक्त बीतता गया.

काफी देर के बाद शकुंतला ने उस पीतल के कड़े को उठा लिया और अपने पल्लू में बांध लिया.वो हवेली से बाहर आ गई.हवेली के बाहर एक पत्थर पर बैठ गई.अब मानो उसके सामने कोई भविष्य नहीं था. धीरे धीरे उसे यकीन हो गया था कि वो लाश भिका की ही थी.अब सवाल यह था कि जो उसके साथ रह रहा है वह कौन है ?जिसके साथ उसने शादी की थी वो कौन है ? जिसके साथ उसने रात गुजारी थी वह कौन है ? शकुंतला के मन में जितने सवाल थे शायद उसका जवाब भी वह जानती थी. लेकिन उसका मन यह स्वीकार नहीं कर रहा था.वो कैसे खुदके मना लेती की उसके साथ एक पिशाच रह रहा है.वो कैसे मान लेती की उसकी शादी एक पिशाच से हुई है.वो कैसे मानती की उसने एक पिशाच के साथ रात गुजारी है.

अब शकुंतला के नजरो के सामने से हवेली में हुई सब अजीब घटनाओं के दृश्य एक एक कर गुजरने लगे.वो खुद ही अपने मन में अपने सवालों का जवाब ढूंढ़ने लगी. उसे वह प्रसंग याद आया जिसमें दमयंती और कोई लड़का संभोग कर रहे थे.तब दमयंती घर पर थी ही नहीं.मतलब वो दोनो पिशाच ही थे.भैरव के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था.भैरव ने शकुंतला समझ कर किसी पिशाच के साथ संभोग किया था और वह पिशाच चारपाई के नीचे छुप गया था.फिर दरवाजे के बाहर असली शकुंतला को देखकर पिशाच गायब हो गया था.इस घटना के बाद तो मानो भैरव पागल सा हो गया था.शायद उसे पिशाच की सच्चाई पता चल गई थी. इसीलिए रघु का भूत बनकर पिशाच ही भैरव को ले गया था.और खेतो में चीखने वाली महिला की आवाज ? वो भी शायद पिशाच ही चिंक रहे थे.

गाववालो को लग रहा है कि सविता ने पिशाच को मार दिया है.अब गाव में कोई पिशाच नहीं है.लेकिन उनको क्या पता की सिर्फ एक ही पिशाच मरा है, दूसरा पिशाच तो अभी जिंदा है ,भिका का रूप लेकर. शकुंतला को कुछ समझ नहीं आ रहा था.क्या उसे पिशाच की सच्चाई सबको बता देनी चाहिए.क्या स्वामी जी को चुपचाप इन सब बातो की खबर देनी चाहिए ,या फिर सविता को कहकर पिशाच का अंत करना चाहिए?

लेकीन इन सब विचारो के बावजुद शकुंतला का मन नही मान रहा था.अखिर एक ही तो वजह थी उसके जीवन में जिसके लिए उसे जीना था.क्या वह खुद इस वजह को ख़तम करने की हिम्मत कर पाती.आखिर बिगाड़ा ही क्या है उस पिशाच ने शकुंतला का? उसने जितना सम्मान शकुंतला को दिया हे उतना आजतक किसी ने नहीं दिया था.कल रात सुहागरात होने के बावजूद उसके कहने पर पिशाच ने उसे हाथ भी नहीं लगाया है.उसकी जगह अगर भैरव होता तो? तो वह कबका उसे भोग चुका होता.भैरव तो उसका पति था

फिर भी उसे शकुंतला की कोई परवाह नहीं थी.उसके मर्जी के खिलाफ कई बार भैरव ने उसे भोगा था.किसी भोग वस्तु की तरह उसका इस्तेमाल किया गया. पिता की उम्र के जीवन प्रताप सिंह ने भी उसकी नितम्बों पर हाथ फेरा था,उसका बलात्कार करना चाहता था. छी छी...कैसे लोग थे वो ...! नहीं.... नहीं .... वे तो दानव थे दानव !एक पिशाच से भी बद्तर ! उनसे अच्छा तो वह पिशाच है जिसने हमेशा शकुंतला की परवाह की, उसकी इच्छा के खिलाफ कभी उसे छुआ तक नहीं. वहीं तो एक था जिसने शकुंतला को इंसान समजा ....कोई भोग वस्तु नहीं.क्या ऐसे प्यार को नष्ट कर सकती थी.शायद नहीं ....!

अबतक शकुंतला भैरव के लिए जी रही थी. ठाकुर परिवार के लिए जी रही थी.इस हवेली के लिए जी रही थी.लेकिन इनमें से किसी ने उसे कोई सुख नहीं दिया.हमेशा उसका इस्तेमाल किया , हमेशा उसे भोगा. इन सब बातो को सोचकर शकुंतला के मन में क्रोध जागृत हो जाता है.वो अपने साथ हुई बदसलूकी का बदला लेना चाहती है.लेकिन बदला ले किससे ? सब तो मर चुके है.ठाकुर भवानी तो हवेली में सड रहा है.यही उसके लिए सजा थी. जो अपने घर की बहू बेटियों की इज्ज़त नहीं कर सकता उसे इससे बद्तर सजा क्या मिल सकती है.उसे भोगने वाले भैरव और जीवन को तो पिशाच ने मार दिया है. शायद शकुंतला का बदला ही पिशाच ने लिया हो.शायद यही उस पिशाच का शकुंतला के प्रति प्यार हो.

अब बचा कौन था बदला लेने के लिए ? तभी शकुंतला की नजर हवेली की ऊपर जाती है.उसे हवेली का गुस्सा आता है.वो हमेशा से इस हवेली को मनहूस मानती थी.जबसे वो शादी कर इस हवेली में आई है तबसे उसका जीवन नरक से बद्तर हो गया है.यह हवेली भी उसके हाल के लिए जिम्मेदार थी.शकुंतला काफी देर से पत्थर पर बैठी है.अब सूरज भी पूरी तरफ उग चुका है.सूरज की रोशनी में हवेली का विशाल स्वरूप देखकर शकुंतला का गुस्सा और बढ़ जाता है.मानो वह हवेली अपनी भव्यता से शकुंतला को चिढ़ा रही हो.उसका अपमान कर रही हो.उसे एहसास करा रही हो कि इसी हवेली के अंदर उसको भोगा गया है.शकुंतला से हवेली कि यह भव्यता और बर्दाश्त नहीं होती.मन में कुछ निर्धार कर वह हवेली के अंदर चली जाती है.रसोई के एक कोने में पडा घासलेट का डब्बा और माचिस उठाकर बाहर निकल आती है.

शकुंतला पर मानो प्रतिशोध हावी हो जाता है. वह थोड़ा थोड़ा घासलेट हवेली के चारों तरफ छिड़क देती है.हवेली की भव्यता पर एक आखरी नजर फेरकर माचिस की तीली डाल देती है. मखमली परदो से लिपटी ,आलीशान वस्तुओं से सजी भव्य हवेली धू....धू...कर जलने लगती है. देखते ही देखते आग की विशाल लपटे हवेली को अपनी गिरफ्त में ले लेती है. मानो आग की लपट हवेली को एहसास करा रही हो कि उससे भी भव्य कोई ताकद है जो उसे निगल सकती है.उसके घमंड का विनाश कर सकती है.हवेली

को धू धू कर जलता देख ना जाने क्यों शकुंतला को एक अजीब सा सुखद एह सास होता है.उसे लगता है मानो वह किसी के कैद से आज़ाद हो गई हो.किसी बंदिश से मुक्त हो गई हो. उसके चेहरे पर समाधान की मुस्कान खिल जाती है.आग की तपिश के कारण शकुंतला का बदन पसीना पसीना हो गया है.उसके माथे से पसीने के धारा बह रही हे.लेकिन शकुंतला को अब इसकी परवाह कहा.मानो इसी पसीने से नहाकर वो अपने इतिहास को पोंछ देना चाहती है.

यहां हवेली धू.... धू....कर जल रही है और वहां भिका का रूप धारण किए पिशाच हवेली की और बढ़ रहा है. अपने ही ख़यालो में डूबा.अपने ही भविष्य की चिंता लिए एक एक कदम बढ़ा रहा है हवेली कि तरफ.उसका हर एक कदम उसे अपने भविष्य की ओर ले जाने वाला है.भला एक पिशाच को क्या परवाह है उसके भविष्य से ? एक पिशाच को क्या परवाह है उसकी सच्चाई की? अगर गाववाले उसकी सच्चाई जान भी लेंगे तो उसका क्या बिगाड़ने वाले है.फिर ऐसी कौनसी चिंता है जो एक पिशाच को परेशान कर रही है. शायद यह चिंता है प्यार की.जो उसने पहली बार महसूस किया था. शायद उसे चिंता है उस एहसास की जो उसे शकुंतला के साथ वक़्त बिताने पर होता है.शायद उसे चिंता है शकुंतला के विश्वास की , जिसे उसने तोड़ा है.

एक पिशाच होकर भी उसे अब एक आम इंसानी जिंदगी अच्छी लगने लगी है.उसे अब इंसानों के जस्बात अच्छे लगने लगे है.उसे अब शकुंतला अच्छी लगने लगी है.वह उसे खोना नहीं चाहता.लेकिन अगर शकुंतला को उसकी सच्चाई पता चल गई होगी तो.....तो क्या शकुंतला फिर भी उसका स्वीकार करेगी.क्या शकुंतला फिर से उसके साथ जीवन व्यतीत करना चाहेगी.क्या पता ....कर भी ले. आखिर पिशाच होते हुए भी उसने शकुंतला से प्यार किया है.उसकी रक्षा की है.उसका सम्मान किया है.और अगर शकुंतला ने उसके साथ रहने से इंकार कर दिया तो? फिर क्या होगा ? क्या पिशाच को फिरसे अपने पुरानी जिंदगी में लौटना होगा.जंगलों में दर दर भटकना होगा... इंसानों का मांस नौचना होगा.... बेवजह खेतो में चीखना होगा....!!

नहीं .....नहीं ....ऐसा नहीं हो सकता ! अपने ही विचार में धुन पिशाच हवेली के नजदीक पोहच जाता है. उसे धू....धू...जलती हवेली दिखाई पड़ती है.वहीं जलती हवेली को देख रही शकुंतला को देखकर थोड़ी देर रुक जाता है.उसे शकुंतला के पास जाना है पर उसकी हिम्मत नहीं हो रही.शकुंतला के पास जाकर वो आखिर करता भी तो क्या ? किस मुहसे शकुंतला से बात करता.कौनसे रूप में जाता ? भिका के रूप में.....? जिसके हड्डियों का ढेर उस आग की तपिश में कब का पिघल गया होगा....या फिर उस पिशाच के रूप में जिसका सच शायद शकुंतला के सामने आ गया होगा.इसी कशमकश में पिशाच वहीं खड़ा रह जाता है.शकुंतला की पसीने से भीगी काया को निहारते हुए.

काफी देर तक हवेली को जलता देख शकुंतला वापिस मूड जाती है.पसीने में भीगी उसके बदन पर उसके कपड़े कस चुके है.माथे से अब भी पसीने की धार बहना जारी है.एक दो कदम चलने के बाद उसकी नजर पिशाच पर जाती है जो उसे निहार रहा है.शकुंतला चलते चलते पिशाच तक पोहच जाती है.शकुंतला को अपने और आता देख पिशाच की सांसे तेज हो जाती है.यही तो वह समय है जब दो ज़िंदगियों का भविष्य तय होने वाला है.यही तो वह क्षण है जब पिशाच और इंसानों का सफर तय होने वाला है.शकुंतला पिशाच के करीब आ खड़ी हो जाती है.पिशाच आंखो में शून्य भाव लिए बस शकुंतला को देखता रह जाता है..........

"अरे...... ! भिका, तुम यहां क्या कर रहे हो.मुझे लगा तुम सुबह उठते ही सबसे पहले स्वामी जिसे मिलने जाओगे " शकुंतला ने अपने ओंठो पर हसीन मुस्कान लाते हुए पूछा

शकुंतला के होठो पर मुस्कान और जुबान पर भिका का नाम सुनकर पिशाच को लगता है कि शकुंताल को अबतक उसका राज पता नहीं चला है.इस बात से उसे बेहद ज्यादा खुशी होती है.इस खुशी के चलते उसके आंखो से आंसू निकल आते है.पिशाच की आंखो में आंसुओ को देख शकुंतला भी समझ जाती है कि पिशाच उससे कितना प्यार करता है.

"क्या हुआ भिका ? तुम रो क्यों रहे हो ? " शकुंतला अपनी मीठी आवाज में पिशाच से पूछती है

"वो ...में...में..मेमसाब " आंसुओ के कारण पिशाच से बोला ही नहीं जाता

"बोलो भिका....! क्या बात है.तुम्हारी आंखो में पानी क्यों है"शकुंतला अपने दोनो हाथो से पिशाच का चेहरा पकड़ लेती है.

शकुंतला के इस व्यवहार से गदगद पिशाच लगभग रो पड़ता है. कुछ क्षण के लिए दोनो एक दूसरे के आंखो में खो जाते है.कुछ क्षण यूहीं खामोशी में बित जाते है.

"अब .. बताओगे भी क्या हुआ है ?" शकुंतला उस मीठी सी खामोशी को तोड़ते हुए पूछती है

"वो ...मेमसाब ... मु.. मु..झे... मुझे लगा आ..आ.. प.. ...आप.. मुझे छोड़कर चली गई है" इतना कहकर पिशाच फिरसे रोने लगता है

पिशाच के इस मासूम रूप को देखकर शकुंतला भी भावुक हो जाती है.आखिर पहली बार उसने किसी को देखा है जो उसके लिए आंसू बहा रहा था.पहली बार कोई उसके साथ रहने के लिए तरस रहा था.पहली बार कोई उसे खोने की डर से गिड़गिड़ा रहा था.इस पल को शकुंतला जी लेना चाहती है. वह भी अपने आंसुओ को बहने देती है.धू...धू.. जलती

उस हवेली कि तपिश में दो जीव अपने भविष्य के लिए रो रहे थे.शकुंतला के प्रति पिशाच का इतना प्यार देखकर हवेली ईर्षा में और धधकने लगती है.

"पागल...में तुम्हे छोड़कर कहा जाऊंगी.....? अब ....मेरा तुम्हारे सिवा है ही कौन.....?" शकुंतला रोते रोते पिशाच से कहती है

" मुझे माफ़ कर दीजिए मेमसाब ....में बड़ा स्वार्थी हो गया था.सबेरे आप को घर में नहीं देखा ...तो....तो..." पिशाच से आगे बोला नहीं जाता

"तो .... तुम्हे लगा कि में तुम्हे छोड़कर चली गई हूं "शकुंतला ने अपनी मधुर आवाज में पूछा

" हा मेमसाब...पता नहीं क्यों मुझे आपको खोने का डर सता रहा है" पिशाच ने कहा

"ऐसा कुछ नहीं होगा भिका ...हमें अलग करने वाला अब इस दुनिया में कोई नहीं है.देखो इस मनहूस हवेली को भी मैंने नष्ट कर दिया है" शकुंतला हवेली की तरफ देखते हुए कहती है

"जी ...जी....मेमसाब... लेकिन.....!" पिशाच अपनी बात को अधूरा छोड़ देता है

"लेकिन....लेकिन क्या भिका ?" शकुंतला पिशाच की तरफ पलट जाती है

"मेमसाब....में आप से एक वचन चाहता हूं......"पिशाच ने कहा

"कैसा वचन भिका....?" शकुंतला उस्तुकता से पूछती है

"आप मुझे वचन दीजिए की आप कभी भी मुझे छोड़कर नहीं जाएंगी ....कभी नहीं... चाहे कुछ हो जाए " पिशाच के आंखो से फिरसे आंसू बहने लगते है

पिशाच को भावुक होता देख शकुंतला उसका चेहरे अपने हथिलियो में समा लेती है.उसके जस्बातो का बांध टूट जाता है.शकुंतला अपने होठ पिशाच के होठों पर टिका देती है.शकुंतला के इस हरकत से पिशाच थोड़ी देर के लिए ठिठक जाता है.लेकिन अगले ही

पल वो भी शकुंतला के इस वचन का स्वीकार कर लेता है.दोनो के होठ एक दूसरे में समा जाते है.शकुंतला के माथे से बह रही पसीने को कुछ बूंदे उसके आंख और नाक का सफर कर होठो तक पोहच जाते है.दोनो का प्यार देख पसीने के बूंदे भी अपने स्वभाव के विरुद्ध उनके होठों के बीच मिठास भर देते है.इंसान और पिशाच का यह चुम्बन पीछे जल रही मनहूस हवेली देखती रह जाती है. मानो उसने अपनी हार स्वीकार कर ली हो और शकुंतला के नए जीवन के लिए आशीर्वाद दे रही हो.एक दिर्घ चुंबन के बाद शकुंतला पिशाच से अलग हो जाती है.अब दोनो के आंखो में आंसुओ के जगह आत्मविश्वास भरा है.ऐसा आत्मविशवास जिसे न कोई झुका सकता है और नहीं कोई तोड़ सकता.

"में तुम्हे वचन देती हूं भिका चाहे जो हो जाए ...में तुम्हे छोड़कर कभी नहीं जाऊंगी" शकुंतला आत्मविश्वास के साथ कहती है

"जी मेमसाब.... शुक्रिया" पिशाच शकुंतला की बातो में हा मिला देता है

"आपने हवेली क्यों जला दी मेमसाब " पिशाच को रहा नहीं जाता और वह पूछ लेता है

"यह हवेली मनहूस है भिका...इसके रहते हमारे नए जिंदगी की शुरुआत नहीं हो सकती थी.इसलिए मुझे इसे जलाना ही था" शकुंतला ने हवेली कि तरफ देखते हुए कहा

"और....हा !!!! हवेली में मुझे कुछ मिला है .... शायद तुम्हे पसंद आ जाएं" शकुंतला पिशाच की और देखते हुए कहती है

"क्या मेमसाब ...?"पिशाच आश्चर्य से पूछता है

शकुंतला अपने साड़ी का पल्लू पिशाच के सामने रख देती है."तुम खुद देख लो...मैंने इस पल्लू में बांध कर रखा है"

पिशाच बड़ी उत्सुकता से साड़ी के पल्लू में बंधी गांठ को खोलता है.उसके अंदर बंधे पीतल के कड़े को देखकर उसकी आंखे सफेद हो जाती है. चेहरा पसीने से तर र र र....हो जाता है.गला सुख जाता है.उसे समझ में आ जाता है कि शकुंतला को असली भिका की लाश मिल चुकी है.शकुंतला जान चुकी है कि असली भिका मर चुका है और वह एक पिशाच है जिसने भिका का रूप धारण किया है.अब पिशाच घबरा जाता है उसे समझ नहीं आता कि

अब क्या करे. घबराहट के मारे उसकी सांसे तेज हो जाती है.वो यूहीं उस कड़े को देखता रह जाता है.

"क्या हुआ.... तुम्हे कड़ा पसंद नहीं आया.अरे यह तुम्हारा ही है.मुझे हवेली के पास ही मिला. शायद यह तब गिरा होगा जब तुमने मेरी इज्जत बचाने के लिए जीवन प्रताप सिंह से हाथापाई की थी.लो इसे पहन लो ... तुम्हारे हाथ में अच्छा लगता है.

"जी मेमसाब...." इतना कहकर पिशाच ने उस कड़े को अपने हाथ में पहन लिया

पिशाच को कड़ा अपने हाथ में डालते हुए देखकर शकुंतला मंद मंद मुस्कुरा रही थी.उसे अच्छी तरह पता था कि वह क्या कर रही थी.

"देखो ...अब लग रहे हो असली भिका ..." शकुंतला ने हल्की सी चपेट पिशाच के गाल पर मारते हुए कहा

शकुंतला की बात सुनकर पिशाच को यकीन हो गया था कि शकुंतला उसके बारे में सबकुछ जानती है.वो हैरानी से शकुंतला की तरफ देखता ही रह गया.

"अरे....! ऐसे क्या देख रहें हो भिका .... सारा दिन यही खड़ा रहना है या अपने घर भी जाना है ?" शकुंतला ने हसते हुए पिशाच से पूछा

"जी मेम...साब...घ..र. र र... घर जाना है" निरुत्तर पिशाच ने जैसे तैसे जवाब दिया

"तो चलो फिर...अभी तो सिर्फ पल्लू की गांठ खोली है...घर जाकर साड़ी की गांठ भी तो खोलनी है" शकुंतला ने शरारती अंदाज में कहा और वो घर के तरफ निकल पड़ी

शकुंतला का यह अंदाज देख पिशाच हक्का बक्का रह गया.घर की तरफ बढ़ चली शकुंतला की काया को यूहीं देखता रह गया. मानो उसे यकीन नहीं हो रहा था कि कितनी आसानी से शकुंतला ने उसकी सच्चाई को कबूल कर लिया था.कितनी आसानी से शकुंतला ने अपने भविष्य को चुन लिया था.

शकुंतला की बाते सुनकर पिशाच अब आश्वस्त हो गया था कि उसका प्यार जीत गया है.उसे इस बात का अब कोई ग़म नहीं है कि उसने उस दरिंदे भिका का वध कर दिया है जिसका शरीर धारण कर उसने शकुंतला के प्यार को जीता है.उसी भिका का उसने वध

किया है जिसने जीवन प्रताप सिंह के साथ मिलकर शकुंतला की इज्जत लूटनी चाही.अगर पिशाच ठीक समय पर वहा नहीं पोहचता और भिका का वध नहीं करता तो शायद उसकी शकुंतला आज उसके सामने जीवित नहीं होती.पिशाच को अब इस बात का अफसोस नहीं है कि उसने भिका का रूप लेकर जीवन प्रताप का खून किया है.अगर वह भिका का रूप लेकर जीवन प्रताप का खून नहीं करता तो शकुंतला का दिल कभी जीत नहीं पाता. अगर वो जीवन प्रताप्र का खून नहीं करता तो वहशी जीवन प्रताप उसकी शकुंतला को नोच खाता.

" क्यों ...क्या हुआ साड़ी की गांठ नहीं खोलनी......?"दूर से शकुंतला की शरारत भरी आवाज पिशाच के कानों में अाई

"जी मेमसाब.... आया..." पिशाच ने भी हाथ उठाकर अभिवादन किया

शकुंतला आगे आगे और नया जीवन प्राप्त कर चुका भिका उसके पीछे पीछे.यह दृश्य देखकर धू धू कर जल रही ठाकुर की हवेली नीचे गिर गई और खुदके ढांचे में समा गई. मानो हवेली ने भी ठान लिया हो कि अब भूतकाल की कोई भी याद शकुंतला के सुनहरे भविष्य को नजर नहीं लगाएगी. शायद हवेली भी मन्हुसियत के ताने सुन सुनकर थक गई थी. अपने आप को खुद में समाकर हवेली ने भी चैन की सांस ली थी.अब उसे कोई मनहूस नहीं कहने वाला था.

समाप्त